राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 धुले जिले के दौरे के दौरान महाराष्ट्र विधानमंडल की समिति को...... | राजस्थान में राजपूत बनाम जाट कर रहे हैं हनुमान बेनीवाल 12

वर्ष : 16 | अंक : 18 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने जापान और यूएई में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अबू धाबी/तोक्यो/नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद के खिलाफ बृहस्पतिवार को अपने वैश्विक संपर्क की शुरूआत की और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आत्मरक्षा के अधिकार पर पक्ष रखने के लिए बहुदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल जापान और संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे। जापान जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय झा कर रहे हैं, जबकि शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। शिंदे के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में यूएई फेडरल नेशनल काउंसिल के सदस्य अहमद मीर खोरी से मुलाकात की और पाकिस्तान की धरती से उत्पन्न राष्ट्र प्रायोजित आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत के मजबूत संकल्प से उन्हें अवगत कराया। शिंदे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमने गर्व के साथ ऑपरेशन सिंदूर में भारत की निर्णायक सफलता को साझा किया और पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले मौजूदा आतंकवादी खतरों को रेखांकित किया। शिंदे के अलावा, प्रतिनिधिमंडल में मनन कुमार मिश्रा (भाजपा), सस्मित पात्रा (बीजद), ई टी मोहम्मद बशीर (आईयूएमएल), एसएस अहलूवालिया (भाजपा), अतुल गर्ग (भाजपा), बांसुरी स्वराज (भाजपा), पूर्व राजनयिक सुजान आर चिनॉय और यूएई में भारत के राजदूत संजय सुधीर शामिल हैं। शिंदे ने कहा, हम वैश्विक सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय शांति के सम्मान के लिए दृढ़ रुख अपना रहे हैं। यूएई में भारतीय दूतावास ने कहा कि यूएई ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल की अगवानी करने वाला पहला देश है और यह दोनों देशों के बीच दोस्ती के गहरे बंधन को रेखांकित करता है। झा के नेतृत्व में जापान गए प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, बृजलाल, प्रधान बरुआ और हेमांग जोशी, कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी, माकपा के जॉन ब्रिटास और पूर्व राजदूत मोहन कुमार शामिल हैं। जापान में भारतीय दूतावास ने एक्स पर कहा, माननीय सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल तोक्यो पहुंचा, राजदूत सिबी जॉर्ज ने उसका स्वागत किया। ऑपरेशन सिंदूर में सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत का जैसा अडिग रुख देखा गया, उसे सभी वार्ताओं में उजागर किया जाएगा। पाकिस्तान की साजिशों और आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक पहुंचने के लिए भारत 33 देशों की राजधानियों में सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया। भारत ने पहलगाम हमले के बाद छह-सात मई की रात को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ढांचों पर सटीक हमले किए, जिसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। भारतीय पक्ष ने पाकिस्तान की इन करतूतों का माकूल जवाब दिया। दोनों पक्षों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच वार्ता के बाद 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी।




**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## संक्षिप्त खबरें

### राघव चड्ढा ने ऋषि सुनक और टोनी एबॉट के साथ शेयर की तस्वीर

सियोल/नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने गुरुवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह दो पूर्व प्रधानमंत्रियों के साथ बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने इसे एक खास पल बताया। आप सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, ह्लहर रोज ऐसा नहीं होता कि आप दो पूर्व प्रधानमंत्रियों के बीच बैठे हों। मेरे बाईं ओर सम्मानित ऋषि सुनक और दाईं ओर टोनी एबॉट हैं।

# मोदी ने बीकानेर से 26 हजार करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण




**बीकानेर, एजेंसी**

बीकानेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में गुरुवार को 26 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया और साथ ही 1100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित 103 अमृत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने देशनोक रेलवे स्टेशन पर बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राज्य के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किए गए पुनर्विकसित 103 अमृत रेलवे स्टेशनों में राजस्थान के आठ रेलवे स्टेशन (फतेहपुर शेखावाटी, देशनोक, बूंदी, मांडलगढ़, गोगामेड़ी, राजगढ़, गोविंदगढ़, मंडावर-महुआ रोड) शामिल हैं। भारतीय रेलवे अपने नेटवर्क के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण की ओर अग्रसर है जिससे रेलवे संचालन अधिक कुशल तथा पर्यावरण अनुकूल बन रहा है। इसी क्रम में श्री मोदी ने चूरू-सादुलपुर रेल लाइन (58 किमी) की आधारशिला रखेंगे तथा सूरतगढ़-फलोदी (336 किमी), फुलेरा-डेगाना (109 किमी), उदयपुर-हिम्मतनगर (210 किमी), फलोदी-जैसलमेर (157 किमी) तथा समदड़ी-बाड़मेर (129 किमी) रेल लाइन विद्युतीकरण को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री सड़क अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए पुष्कर में एनएच-58 पर 3 वाहन अंडरपास के निर्माण तथा एनएच-11, एनएच-70 (जैसलमेर से म्याजलार) की सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की आधारशिला भी रखी गई। साथ ही राजस्थान में लगभग 4 हजार 850 करोड़ की 7 सड़क परियोजनाओं को भी समर्पित किया। श्री मोदी विभिन्न विद्युत परियोजनाओं की आधारशिला रखी जिनमें नीपको 300 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड सौर परियोजना (बीकानेर), एसजेवीएन 100 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना (नावा), डीडवाना तथा कुचामन की सौर परियोजनाएं शामिल हैं। साथ ही पार्ट बी पावरग्रिड सिरोही ट्रांसमिशन लिमिटेड और पार्ट ई पावरग्रिड मेवाड़ ट्रांसमिशन लिमिटेड के विद्युत निकासी के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली का शिलान्यास भी किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने तीन विद्युत परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया, जिनमें पावर ग्रिड नीमच ट्रांसमिशन सिस्टम लिमिटेड तथा बीकानेर कॉम्प्लेक्स की विद्युत निकासी के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली शामिल है। साथ ही फतेहगढ़-द्वितीय विद्युत स्टेशन में परिवर्तन क्षमता के विस्तार का उद्घाटन भी किया गया इससे कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री प्रदेश में कलासर सौर ऊर्जा परियोजना (500 मेगावाट) की आधारशिला रखेंगे और शिंभू का भुर्ज सौर ऊर्जा परियोजना (300 मेगावाट) का उद्घाटन भी किया गया। श्री मोदी ने 3,240 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 757 किलोमीटर की लंबाई के 12 राज्य राजमार्गों का उन्नयन और रखरखाव के लिए विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

## प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान पहुंचे, करणी माता मंदिर में पूजा-अर्चना की



बीकानेर/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को बीकानेर जिले में करणी माता मंदिर में देवी के दर्शन किए। मोदी बीकानेर हवाई अड्डे पर पहुंचे और देशनोक स्थित मंदिर की ओर रवाना हुए। उनके साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और अन्य लोग भी थे। मोदी बृहस्पतिवार को बीकानेर जिले में रेलवे, सड़क, बिजली, जल और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह पलाना में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री देश में रेल अवसंरचना को निरंतर बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे।

# वैकल्पिक चिकित्सा पर ध्यान देने की आवश्यकता : धनखड़




**पणजी/नई दिल्ली, एजेंसी**

पणजी/नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्राचीन ग्रंथों के साक्ष्य-आधारित सत्यापन, डिजिटलीकरण, अनुवाद और बहुविषयक अध्ययन पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि यह ज्ञान अगली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज गोवा के राजधानी में महर्षि सुश्रुत और महर्षि चरक की प्रतिमाओं का अनावरण करते हुए कहा कि प्राचीन ग्रंथों के साक्ष्य-आधारित सत्यापन, डिजिटलीकरण, अनुवाद और उन्हें आधुनिक संदर्भों में उपयोगी बनाने के लिए अनुसंधान और नवाचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम एक अलग प्रकार के राष्ट्र हैं। हम अपनी जड़ों को फिर से खोज रहे हैं और उन्हीं में दृढ़ता से स्थापित हो रहे हैं। मैं वैकल्पिक चिकित्सा पर विशेष बल देता हूँ क्योंकि भारत इसका जन्मस्थल है। यह आज भी व्यापक रूप से प्रचलित है। हमारे प्राचीन ग्रंथ केवल पुस्तकालयों की अलमारियों के लिए नहीं हैं। ये शाश्वत विचार हैं और इन्हें आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों की सहायता से पुनः जीवित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वेदों,उपनिषदों, पुराणों और इतिहास में झांकने का समय आ गया है और बच्चों को जन्म से ही हमारी सभ्यतागत गहराई की जानकारी देनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा, कुछ वर्गों में यह प्रवृत्ति देखी जाती है कि ह्यभारतीय या प्राचीन कुछ पिछड़ा है। यह मानसिकता अब आधुनिक भारत में स्वीकार्य नहीं है। दुनिया हमारी प्राचीन प्रणाली की महत्ता को पहचान रही है। समय आ गया है कि हम भी इसे पहचानें। यह धारणा कि केवल पश्चिम ही प्रगतिशील है। अब चलन से बाहर होनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी माना है कि भारत आज संभावनाओं का केंद्र है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों साल पहले भारत में तीन सौ से अधिक शल्य क्रियाएं, प्लास्टिक सर्जरी, अस्थि चिकित्सा और सिजेरियन डिलीवरी भी की जाती थी। सुश्रुत के लेखन केवल शारीरिक रचना को नहीं दशार्ते, बल्कि वैज्ञानिक सोच, शुद्धता, प्रशिक्षण, स्वच्छता और रोगी देखभाल के उच्च मानकों को भी रेखांकित करते हैं।

# छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं, रूस दौरे से पहले प्रतिनिधिमंडल का स्पष्ट संदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में रूस रवाना होने से पहले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद कैप्टन ब्रिजेश चौटा और राज्यसभा सांसद अशोक कुमार मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संदेश को पूरी दुनिया को पहुंचाने जा रहे हैं कि हम आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने में कोई कोताही नहीं बरतेंगे। पत्रकारों से बातचीत में इन नेताओं ने कहा कि भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन अगर कोई हमें छेड़ेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। भारत की सुरक्षा के साथ कोई खिलाड़ी करने का दुस्साहस करेगा , तो हम उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे। हमने पहले भी दिया है और निश्चित तौर पर आगे भी देंगे। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और भाजपा सांसद कैप्टन ब्रिजेश चौटा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनाया गया। यह मेरे लिए अद्भुत पल है कि पहली बार सांसद बनने के बावजूद भी मुझे यह मौका दिया गया। उन्होंने कहा कि वहां जाकर प्रधानमंत्री मोदी के संदेश पहुंचाएंगे कि हम आतंकवाद को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शेंगे। हम पूरी दुनिया को यह संदेश देंगे कि भारत आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि हम व्यापार और आतंक को एक साथ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत अपनी स्थिति काफी पहले ही स्पष्ट कर चुका है। इसके बावजूद पाकिस्तान की तरफ से लगातार नए नैरेटिव स्थापित किया जा रहा है, वह नया प्रोपेगेंडा चला रहा है, लेकिन हम वैश्विक मंच पर उसकी नापाक चेहरे को बेनकाब करेंगे। वहीं, आप नेता और राज्यसभा सांसद अशोक कुमार मित्तल ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए असलियत दिखा दी।



# आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं, कश्मीर पर किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को दोहराते हुए जोर देकर कहा है कि इसे जम्मू कश्मीर के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए, जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तरह की मध्यस्थता की कोई जगह नहीं है। नीदरलैंड की यात्रा पर गए जयशंकर ने दे वोक्सक्रांत पत्रिका को दिये साक्षात्कार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ भारतीय कार्रवाई की एकजुट होकर सराहना करनी चाहिए। आतंकवाद को जम्मू कश्मीर मुद्दे से जोड़ने से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद इससे एकदम अलग मुद्दा है। यह अंतरराष्ट्रीय अपराध है जिसे किसी भी तरीके से माफ नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता। कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप या अंतरराष्ट्रीय समुदाय की मध्यस्थता की पेशकश से जुड़े सवाल पर जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा, इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाईश नहीं है यह दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीयमुद्दा है। विदेश मंत्री ने कहा, जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि 1947 में पाकिस्तान के भारत से अलग होने पर यह भारत में शामिल हो गया। हमारा रुख यह है कि अवैध रूप से कब्जा करने वालों को अवैध कब्जे वाले हिस्सों को सही मालिक को वापस करना चाहिए, और सही मालिक भारत है। विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवादियों ने इस हमले से जम्मू-कश्मीर में जीवंत पर्यटन उद्योग को निशाना बनाया। आतंकवादी और उनके समर्थक अपने बहुत सीमित और स्वार्थी उद्देश्यों के लिए कश्मीर में चीजों को नष्ट करने पर तुले हैं। उन्होंने जानबूझकर हमले को धार्मिक रंग दिया। दुनिया को इस तरह की हरकतों को स्वीकार नहीं करना चाहिए। एस जयशंकर ने पाकिस्तान को आतंकवाद का केन्द्र करार देने और आतंकवादियों को पाकिस्तान सरकार से समर्थन मिलने के भारत के दावे के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह एक बार फिर इस बात को दोहरा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं यह सुझाव नहीं दे रहा हूं, मैं यह कह रहा हूं। मान लीजिए कि एम्स्टर्डम जैसे शहर के बीच में बड़े सैन्य केन्द्र हैं जहां दसियों हजार लोग सैन्य प्रशिक्षण के लिए इकट्ठा होते हैं, तो क्या आप कहेंगे कि आपकी सरकार को इसके बारे में कुछ नहीं पता? बिल्कुल नहीं। उन्होंने कहा कि यह नहीं माना जा सकता कि पाकिस्तान को यह जानकारी नहीं हैं कि उसके यहां क्या हो रहा है।

**समीक्षा** उपलब्धियों तथा कार्ययोजनाओं की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया................

# अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक, अब सिर्फ पीओके के बारे में ही बात होगी : मोदी

**बीकानेर, एजेंसी**



बीकानेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत का रुद्र रुप एवं नया स्वरुप बताते हुए कहा है कि हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने वालों को मिट्टी में मिलाया हैं और जो हिन्दुस्तान का लहू बहाते थे आज कतरे कतरे का हिसाब चुकाया हैं एवं अपने प्रण पर खरे उतरे हैं तथा अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक। अगर बात होगी तो सिर्फ पीओके के बारे में ही होगी। श्री मोदी गुरुवार को यहां पलाना में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने दो टूक साफ कर दिया है कि हर आतंकवादी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, यह कीमत पाकिस्तान की सेना एवं अर्थव्यवस्था चुकायेगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा। अब भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को महंगा पड़ेगा। यह भारत का संकल्प हैं कि दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प से नहीं डिगा सकती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत निर्माण के लिए सुरक्षा और समृद्धि दोनों जरुरी है। यह तभी संभव होगा जब भारत का कोना कोना मजबूत होगा। आज का यह कार्यक्रम भारत के तेज विकास का उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था, पहलगाम में गोलिया चली थी उन गोलियों में 140 देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे और कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। आज देश की सेना के शौर्य से हम सब उस प्रण पर खरे उतरे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिसतना को घूटने टेकने पर मजबूर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि 22 तारीख के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतकवाद के नौ सबसे बड़े ठिकानों को तबाह कर दिया। दुनिया ने यह देख लिया कि जब सिंदूर बारुद बन जाता हैं तो नतीजा क्या होता हैं। यह संयोग ही है कि पांच साल पहले बालाकोट में देश ने एयर स्ट्राइक की थी तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में सीमा पर हुई थी। वीर भूमि का ही यह सब है ऐसा संयोग बन जाता है। अब आपॅरेशन सिंदूर हुआ उसके बाद पहली जनसभा वीर भूमि राजस्थान की सीमा पर बीकानेर में हुई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने चुरु में कहा था सौंगंध इस मिट्टी की, मै देश नहीं मिटने दूंगा। मैं देश नहीं झूकने दूंगा, आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता से कहना चाहता हू कि देश के कोने कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम चल रहा है। जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया हैं। उन्होंने कहा कि जो हिन्दुस्तान का लहू बहाते थे आज उस कतरे कतरे का हिसाब चुकाया हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे आज वह मलबे के ढेर में दबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह शोध प्रतिशोध का खेल नहीं है यह न्याय का नया स्वरुप हैं, यह आपॅरेशन सिंदूर हैं। यह सिर्फ आक्रोश नहीं है, यह समस्त भारत का रुद्र रुप हैं, यह भारत का नया स्वरुप हैं। उन्होंने कहा कि पहले घर में घुसकर किया था वार, अब सीधा सीने पर किया प्रहार हैं। आतंक का फन कुचलने की यह ही रीति हैं। यही ही बात है, नया भारत हैं। भारत माता की जय। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के लिए तीन सूत्र तय कर दिए हैं। पहला भारत पर आतंकवादी हमला हुआ तो उसका करारा जवाब मिलेगा। दिन और समय हमारी सेनाए तय करेंगी। और शर्ते भी हमारी होगी। दूसरा एटम गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं हैं। तीसरा आतंकवाद के आकाओं एवं आतंकी सरपरस्त सरकार को अलग अलग नहीं देखा जायेगा ओर उन्हें एक ही मानेंगे। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान का यह खेल अब नहीं चलेगा। पूरी दुनियां में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए भारत का प्रतिनिधमंडल विश्वभर में पहुंच रहा है जिसमें सभी दलों के लोग शामिल हैं। पाकिस्तान को उसका असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जायेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत से सीधी लड़ाई जीत नहीं सकता हैं। जब भी लड़ाई होती हैं बार बार पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ती हैं। पाकिस्तान ने आतंकवाद को भारत के खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाया हैं। आजादी के पिछले कई दशकों से यही चला आ रहा है कि पाकिस्तान आतंकवाद फैलाता था और निर्दोष लोगों की हत्या करता था लेकिन वह एक बात भूल गया कि मोदी यहां सीना तानकर खड़ा हैं, मोदी का दिमाग ठंडा रहता हैं लेकिन लहू गर्म रहता हैं अब तो मोदी की नसों में गर्म लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है।

# सैन्य कार्रवाई रोकने सम्बन्धी ट्रंप के दावों पर हैरान करती है मोदी की खामोशी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार यह दावा कर रहे है कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान व्यापार का सहारा लेकर भारत और पाकिस्तान को सीजफायर के लिए मनाया तो दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक एक बार भी ट्रंप के दावों को खारिज नहीं किया है। उनकी (पीएम मोदी) की खामोशी का क्या मतलब है? देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने गुरुवार को यह सवाल सरकार से किया। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा कि ट्रंप ने आठवीं बार दावा किया कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर विराम लगवाया है। खेड़ा ने एक्स पर कहा, ₹ट्रंप का दावा है कि उन्होंने भारत के ऑपरेशन सिंदूर को खत्म करवाने के लिए व्यापार का सहारा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक इन दावों को एक बार भी खारिज नहीं किया है। इस खामोशी का क्या मलतब है? ओवल ऑफिस में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सीरिल रामफोसा के साथ बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा, यदि आप भारत और पाकिस्तान के तनाव पर हमने क्या किया यह पूछें तो मैं कहूंगा कि हमने वह पूरा मामला सुलझा लिया। मेरा मानना है कि मैंने इसे व्यापार का हवाला देकर सुलझा लिया।₹ ट्रंप ने कहा कि अमेरिका- भारत और पाकिस्तान दोनों ही देशों के साथ बड़ा सौदा कर रहा है। ट्रंप के अनुसार उन्होंने दोनों देशों से कहा कि आप क्या कर रहे हैं? ट्रंप ने कहा, किसी न किसी को आखिरी वार करना पड़ेगा। दोनों देशों के बीच हालात बद से बदतर इसलिए हमें उनसे बात करनी पड़ी। किसी को तो आखिरी में गोली चलानी ही थी। लेकिन गोलीबारी की घटनाएं बढ़ती ही जा रही थीं, बड़ी होती जा रही थीं, देशों में गहरी होती जा रही थीं। और हमने उनसे बात की, और मुझे लगता है कि हमने, आप जानते हैं, मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि हमने इसे सुलझा लिया है, और फिर दो दिन बाद, कुछ ऐसा हुआ, और उन्होंने कहा कि यह ट्रम्प की गलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं, पढ़ाई हो रही प्रभावित

**देहरादून, एजेंसी।** राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय ढकरानी में शिक्षकों की कमी चल रही है। इसके चलते छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्रों को अन्य विषय के अध्यापक अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान और हिंदी विषय का ज्ञान दे रहे है।

राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय ढकरानी में 210 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। जिनके पढ़ाई का जिम्मा विद्यालय में कार्यरत चार शिक्षकों के हवाले है। इनमें से एक शिक्षक के पास प्रधानाचार्य का प्रभार भी है। उन्हें पढ़ाने के साथ ही विद्यालय के अन्य कार्य भी देखने पढ़ते है। जबकि विद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत 30 छात्रों पर एक शिक्षक का होना जरूरी है। ऐसे में 210 छात्रों पर विद्यालय में सात शिक्षक होने चाहिए थे। प्रबंधन समिति ने बताया कि विद्यालय में शिक्षक के सात पद स्वीकृत है। तीन शिक्षक सेवानिवृत हो गए है। अब, विद्यालय में चार शिक्षक रह गए है। तीन पद रिक्त चल रहे हैं। बताया कि अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश के लिए विद्यालय फिर भी आ रहे है। ऐसे में छात्र संख्या 210 से बढ़कर 250 तक पहुंच सकती है। बताया कि कई बार विभाग को इस बारे में बताया जा चुका है। लेकिन शिक्षकों की नियुक्त नहीं हो पा रही है।

### एक मकान के किचेन में मिला व्हाइट-लिप्ड ग्रीन पिट वाइपर

**देहरादून, एजेंसी।** विकासनगर से वन विभाग के सर्प मित्र ने एक व्हाइट-लिप्ड ग्रीन पिट वाइपर का रेस्क्यू किया है। इस प्रजाति का सांप आमतौर पर कम ही देखने को मिलता है। उधर, सर्पमित्र ने पछवादून के अलग-अलग स्थानों से पांच सांप का रेस्क्यू करके उन्हें सुरक्षित तरीके से जंगल में छोड़ दिया।

कालसी वन प्रभाग की चौहड़पुर रेंज को बुधवार की सायं पौने छह बजे विकासनगर स्थित एक मकान के किचन में सांप के होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे सर्प मित्र आदिल मिर्जा ने सांप को अपने कब्जे में कर लिया। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू किया गया सांप व्हाइट-लिप्ड ग्रीन पिट वाइपर प्रजाति का है जो कम देखने को मिलता है

### 10.50 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**देहरादून, एजेंसी।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को शक्तिनहर के पुल नंबर दो के पास से 10.50 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पकड़े जाने पर आरोपी ने स्मैक को पेट दर्द की दवा बताया था। बाजार चौकी प्रभारी संदीप कुमार मंगलवार शाम को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शक्तिनहर के पुल नंबर दो पास के एक युवक को देखा। पुलिस को देख युवक झाड़ियों की ओर जाने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर युवक को पकड़ लिया। सीओ बीएल शाह ने बताया कि युवक ने जेब से एक पन्नी निकाल कर फेंकने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिसकर्मियों ने उसका हाथ पकड़ लिया। युवक ने अपना नाम मार्टिनडेल निवासी जीशान बताया। पूछने पर उसने बताया कि पन्नी में पेट दर्द की दवा है। पुलिसकर्मियों ने जांच की तो पन्नी में 10.50 ग्राम स्मैक मिली। बताया आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कुंजाग्रांट के शहजाद से स्मैक खरीद कर लाया था। सीओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोतवाली में पूर्व में एनडीपीएस एक्ट और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दो मुकदमे दर्ज हैं।

### राजीव गांधी ने किया आधुनिक भारत के निर्माण का सपना साकार : विपुल

देहरादून, एजेंसी। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के माध्यम से तिलक भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने उन्हें आधुनिक व तकनीक संपन्न भारत का जनक बताया।

विकासनगर मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष विपुल जैन ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत में कंप्यूटर और संचार क्रांति की नींव रख आधुनिक भारत के निर्माण का सपना साकार किया। राष्ट्र निर्माण में उनका महान योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की सोच देश को आधुनिक व तकनीक संपन्न देश बनाने की थी। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में शिक्षा व समग्र विकास के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया।

# ओलावृष्टि से फसल चौपट : अन्नदाताओं की आंखों से बरसे आसू, आलू और टमाटर समेत फलों को ओलों से नुकसान

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल जिले में बारिश और तेज ओलावृष्टि से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के खेतों में फसलों और फलों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। बड़े-बड़े ओलों को देखकर हर कोई हैरान हो गया।

मई महीने में बुधवार को हुई तेज ओलावृष्टि से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के खेतों में फसलों और फलों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। बड़े-बड़े ओलों को देखकर हर कोई हैरान हो गया। काश्तकारों का कहना है कि ओलों का साइज 50 ग्राम से अधिक का था। इनसे कारों के शीशे, होम स्टे की छतों पर लगे सोलर पंप और पॉलीहाउस तक में छेद हो गए। वहीं दिन में अंधेरा होने के चलते वाहन चालकों को लाइट जलाकर गुजरना पड़ा।

भीमताल, भवाली, मेहरागांव, अलचौना, चाफी, जंगलियागांव, धारी, धानाचूली, जंतवालगांव और बेतालघाट के गांवों में आलू, टमाटर, शिमला मिर्च, बैंगन, बीन, आड़ू, प्लम, खुबानी आदि फसलों और फलों को ओलावृष्टि से नुकसान पहुंचा है। वहीं भीमताल ब्लॉक रोड, मेहरागांव और खैरना में जलभराव से दुकानों में पानी घुसने से व्यापारी परेशान रहे।



भवाली और घोड़ाखाल के चाय बागान में भी ओलावृष्टि से चाय की पत्तियों को नुकसान पहुंचा है। बागान के प्रबंधक नवीन चंद्र पांडे ने बताया कि ओलावृष्टि से चाय बागान की हरी पत्तियों को 30 से 35 प्रतिशत नुकसान हुआ है।

भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने जिला प्रशासन, कृषि और उद्यान विभाग से ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने को कहा है। भीमताल ब्लॉक प्रशासक डॉ. हरीश बिष्ट, पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, कांग्रेसी नेता हरीश पनेरू, मनोज शर्मा, राकेश बृजवासी ने भी किसानों को उचित मुआवजा दिलाने को कहा है।

नैनीताल शहर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही बादल छाए रहे। दिनभर तल्लीताल तो कभी मल्लीताल इलाके में कोहरा आता-जाता रहा। सुबह और दोपहर बाद से शहर में मूसलाधार बारिश हुई। बारिश के साथ हल्के ओले भी गिरे। इससे हल्की ठंड बढ़ गई। नैनीताल में सुबह घना कोहरा आता-जाता रहा। सुबह थोड़ी देर के लिए धूप निकली। सुबह नौ बजे के करीब बारिश शुरू हुई। शहर में दिन भर बादलों की आवाजाही के बीच घना कोहरा आता-जाता रहा। इधर, दोपहर बाद करीब एक घंटे तक मूसलाधार बारिश दर्ज की गई। मंगलवार की तुलना में बुधवार को न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 29 और न्यूनतम तापमान- 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। साथ ही कई दिनों बाद हल्की ठंड लौट आई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम 19 डिग्री दर्ज किया गया।

भवाली-अल्मोड़ा हाईवे पर गरमपानी में देवी मंदिर के पास बुधवार शाम थुवा की पहाड़ी से गिरे पत्थरों से सड़क किनारे खड़ी कार और दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। पहाड़ी से पत्थरों को गिरता देख लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई।

क्षेत्र के व्यापारी प्रकाश, मनोज, खीम सिंह ने बताया कि पत्थरों के गिरने से दुकानों को नुकसान पहुंचा है। साथ ही बिजली की तारें भी टूट गईं। उनका कहना है कि गनीमत ये रही कि जब पत्थर गिर रहे थे उस वक्त वहां से कोई वाहन नहीं गुजरा जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। लोगों ने एनएच के अधिकारियों से पहाड़ी से गिरने वाले पत्थरों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

रामनगर में दिन भर बारिश का दौर रहा। सुबह बारिश के बाद दोपहर तक मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल घिर आए। शाम को ओलावृष्टि से मौसम खुशनुमा हो गया। एक सप्ताह से चिलचिलाती धूप की वजह से गर्मी से लोग बेहाल थे। बुधवार सुबह से हुई बारिश ने लोगों को राहत दी। दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और शाम करीब पांच बजे ओलावृष्टि हुई। बारिश रात तक जारी रही और लोगों को गर्मी से राहत मिली। उद्यान विभाग के प्रभारी अर्जुन सिंह परवाल ने बताया कि बारिश से आम और लीची की फसल को लाभ होगा।

## अब मिनटों में तय होगा लक्सर और रुड़की के बीच का सफर, आरओबी का निर्माण होगा जल्द शुरू

**रुड़की (लक्सर), एजेंसी।** अब मिनटों में लक्सर और रुड़की के बीच का सफर तय होगा। 44 करोड़ की लागत से बनने वाले आरओबी का निर्माण शीघ्र शुरू होगा।

वाहन चालकों के लिए लक्सर-रुड़की के बीच का सफर अब सुहाना होने जा रहा है। बहादरपुर रेलवे फाटक पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की कवायद अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। आरओबी बनने के बाद लक्सर से रुड़की की दूरी घंटों के बजाय मिनटों में तय होगी।

लक्सर-रुड़की मार्ग पर रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। प्रमुख कुंभ, अर्द्धकुंभ, कांवड़ यात्रा और प्रमुख स्नान पर्वों पर हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को भी हाईवे से डायवर्ट कर इसी मार्ग से हरिद्वार भेजा जाता है। लक्सर - रुड़की के मध्य तीन रेलवे क्रॉसिंग पड़ते हैं। इनमें डोसनी फाटक पर आरओबी बन चुका है। ढंढेरा और बहादरपुर रेलवे फाटक पर आरओबी का निर्माण प्रस्तावित है। ढंढेरा और बहादरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर अक्सर वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। ट्रेनों के आवागमन के दौरान



क्रॉसिंग बंद रहने से यहां राहगीरों को काफी देर तक इंतजार करने के अलावा जाम से जूझना पड़ता है। इनमें बहादरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण की कवायद अंतिम दौर में पहुंच गई है। लोनिवि ने आरओबी के लिए डीपीआर तैयार कर शासन को भेज दी है। रेलवे आरओबी निर्माण पर पहले ही सहमति जता चुका है। इसके बाद अब शासन से स्वीकृति मिलते ही आरओबी निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

लक्सर और रुड़की के बीच की दूरी लगभग 22 किमी है। सामान्य गति से इस दूरी को तय करने में वाहन चालकों को 30 से 40 मिनट का समय लगता है। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने या जाम के कारण 22 किमी की इस दूरी को तय करने में ही एक से डेढ़ घंटे तक का समय लग जाता है। आरओबी बनने पर यह दूरी 15 से 20 मिनट में तय होगी।

लोक निर्माण विभाग की ओर से डिजाइन किए गए प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज की लंबाई 800 मीटर और चौड़ाई 10.5 मीटर है। आरओबी के दोनों ओर करीब 500 मीटर की एप्रोच रोड बनेगी जबकि रेलवे लाइन के ऊपर के हिस्से की लंबाई 37 मीटर होगी। पैदल आवागमन करने वालों के लिए पुल के एक ओर फुटपाथ और सीढ़ियां बनाई जाएंगी। आरओबी निर्माण के लिए लगभग 44 करोड़ की धनराशि का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है।

## हरिद्वार में घर से लाखों के जेवरात चोरी, बहू और प्रेमी पर शक ! बेहद लंबी है गहनों की लिस्ट

**हरिद्वार, एजेंसी।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दादूपुर में एक परिवार की गैरमौजूदगी में चोरों ने घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित परिवार ने इस चोरी के पीछे घर की बहू और उसके कथित प्रेमी पर संदेह जताया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित तस्लीम निवासी दादूपुर गोविंदपुर ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 16 मई को वह अपनी पत्नी रहीसा और बच्चों के साथ अपनी साली बानो के बेटे की शादी में शामिल होने मुजफ्फराबाद, बेहट (सहारनपुर) गए थे। इस दौरान तस्लीम घर पर अकेले थे।

18 मई को सुबह करीब आठ बजे वे भी ताला लगाकर अपनी दुकान पर चले गए। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने कब्रिस्तान के रास्ते से आकर मकान की पिछली दीवार फांदी और घर में घुसकर कमरे का ताला तोड़ दिया। चोर संदूक में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात चोरी कर ले गए।

तस्लीम के अनुसार, संदूक में उनकी पुत्रवधू सहरीन और बेटी सीबा के विवाह हेतु रखे गए जेवरात थे। चोरी गए जेवरों की सूची लंबी है। इसमें सोने के चार हार, एक जोड़ी लटकन, दो महिला व एक पुरुष अंगूठी, चार जोड़ी टॉप्स, तीन जोड़ी बालियां, तीन नोजपिन, चांदी के एक जोड़ी कंगन, तीन जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछुआ सेट, दो मंगलसूत्र, छह चांदी की अंगूठियां, नौ बिछुए, एक जोड़ी चांदी के कुंडल और एक चांदी का सिक्का शामिल है।

परिवार ने इस घटना को अंजाम देने में घर की बहू सादिया पत्नी सारिक का हाथ बताया है। तस्लीम का आरोप है कि सादिया ने गांव के ही युवक मुदस्सिर के साथ मिलकर यह साजिश रची। जेवरात की जानकारी सादिया को पहले से थी और उसने ही अपने प्रेमी को इसकी भनक दी।

तस्लीम ने बताया कि उनकी पत्नी रहीसा चोरी गए जेवरों को पहचान सकती हैं क्योंकि वही उन्हें सुनार से बनवाती थीं। रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सूर्यकुंड में चावल उबालकर यात्री प्रसाद के रूप में ले जाते हैं घर, जानें क्या है मान्यता

**बड़कोट(उत्तरकाशी), एजेंसी।** यमुनोत्री धाम पहुंचने वाले यात्री सूर्य कुंड में चावल का उबालकर उसे प्रसाद के रूप में अपने साथ ले जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर धाम में दो गर्मकुंड में यात्री स्नान के साथ ही



उसके आयुर्वेदिक स्वास्थ्य लाभ भी ले रहे हैं। उन कुंडों में स्नान कर यात्री धाम की पांच किमी की खड़ी चढ़ाई की थकान को भी उतार रहे हैं।

यमुनोत्री धाम में निकलने वाली गर्म धाराएं उस क्षेत्र के प्राकृतिक भिन्नताओं का यात्रियों के लिए हमेशा आकर्षण का केंद्र रहती है। यमुनोत्री धाम के मुख्य मंदिर के पास एक गर्मधारा निकलती है। इसे सूर्य कुंड कहा जाता है। धाम में पहुंचने वाले यात्री वहां पर अपने घरों से लाए चावल को उस्में डालकर उबालते हैं और उसके बाद पोटली में बांधकर उसे प्रसाद के रूप में अपने घरों में ले जाते हैं। वहीं धाम में पहुंचने वाले सभी यात्री वहीं पर अपनी पूजा तीर्थ पुरोहितों से संपन्न करते हैं। वही इस धारा को ही दो गर्मकुंडों में प्रवाहित किया गया है। वहां पर यात्री पांच किमी की खड़ी चढ़ाई पार कर जब यमुनोत्री धाम में पहुंचकर इन कुंडों में स्नान करते हैं। तो उनकी सारी थकान मिट जाती है। धार्मिक महत्व के लेकर सुरेश उनियाल बताते हैं कि सूर्य कुंड निकलने वाली जलधारा के इस तप्त कुंड में स्नान और पान करने से यम यातना से मुक्ति मिलती है, जिसका स्कंद पुराण में भी उल्लेख है। वहीं स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी तप्त कुंड में स्नान करने से त्वचा सबंधी बिमारी से भी छुटकारा मिलता है। आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डा बिरेंद्र चंद कहते हैं कि इस गर्म पानी में सोडियम पाया जाता है। इससे कुंड में स्नान करने से पुराने त्वचा रोग भी ठीक होता है।

## मजदूरों की दिहाड़ी 500 और 250 रुपये में शिक्षक तलाश रही उत्तराखंड सरकार, नौ साल से नहीं बढ़ी सैलरी

**हल्द्वानी, एजेंसी।** प्रदेश में यूजीसी-नेट और पीएचडी क्वालिफाई व्यक्ति का आकलन दिहाड़ी मजदूर से भी नीचे हो रहा है। श्रमिक जहां रोजाना कम से कम 500 रुपये मजदूरी पर काम करते हैं, लेकिन सरकारी कालेजों में 250 रुपये में शिक्षक तलाशे जा रहे हैं।

कुमाऊं के सबसे बड़े एमबीपीजी कालेज के सेल्फ फाइनेंस बीएड विभाग ने इसका विज्ञापन जारी किया है। विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के दो पदों पर अस्थायी भर्ती होनी है। अभ्यर्थी की पात्रता तो सहायक प्राध्यापक के अनुसार है, लेकिन मानदेय 250 रुपये प्रति कक्षा या मासिक 15 हजार रुपये दिया जाएगा।

शिक्षा क्षेत्र की उच्च उपाधि प्राप्त व्यक्ति को मजदूर से भी कम दैनिक मानदेय पर रखना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। वहीं, एमबीपीजी कालेज महज उदाहरण है राज्य के शेष 16 राजकीय महाविद्यालयों के स्ववित्तपोषित बीएड कोर्स की स्थिति कमोबेश ऐसी ही है।

प्रदेश में वर्ष 2008 के आसपास स्ववित्तपोषित बीएड कोर्स प्रारंभ किए गए थे। इसके बाद दो बार विभागीय प्रक्रिया से रखे गए शिक्षकों का मानदेय दो बार बढ़ाया गया। करीब



नौ वर्ष से धनराशि में वृद्धि नहीं हुई है।

वहीं, कालेजों ने महंगाई को देखते हुए मानदेय में वृद्धि का प्रस्ताव शासन को कई बार भेजा है। यह विषय हर वर्ष फाइलों से बाहर आता है और मंथन भी होता है, लेकिन मानदेय अभी तक नहीं बढ़ पाया है।

राजकीय कालेजों में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के लिए सरकार कोई धनराशि नहीं देती है। शिक्षकों मानदेय और खर्च फीस से निकाले जाते हैं, लेकिन मानक शासन का ही चलता है। जिन विभागों पर भरपूर कोष है वह भी नियमों की वजह से वेतन नहीं बढ़ा सकते हैं।

सेल्फ फाइनेंस बीएड विभाग में विभागीय प्रक्रिया के तहत शिक्षक रखने की व्यवस्था है। सरकारी नियमित शिक्षकों से इनका मानदेय कम है, लेकिन भुगतान निर्धारित है। वर्तमान में विभागाध्यक्ष को 36750 रुपये, शिक्षकों को 26250 रुपये देने का प्रविधान है।

शारीरिक प्रवक्ता को 15000 रुपये और पुस्तकालय प्रभारी को 12600 रुपये दिए जाते हैं। वहीं, विभाग से नियुक्त पद खाली होने पर अस्थायी नियुक्ति को लेकर वर्ष 2011 में आदेश जारी हुआ था। इसमें 250 रुपये प्रति वादन मानदेय तय किया था। 14 वर्ष बाद भी वहीं दर लागू है।

## यात्रियों को दवाइयों के लिए स्टेशन से बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जन औषधि केंद्र खुलने से मिली राहत

**हरिद्वार, एजेंसी।** हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर अब यात्रियों को दवाओं के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। यात्रियों को दवा के लिए बाहर जाना पड़ता था, जिससे उनके ट्रेन छूटने की भी संभावना बनी रहती थी।

हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को एक और सुविधा मिल गई है। अब यात्रियों को दवाइयों के लिए स्टेशन से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। प्लेटफॉर्म एक पर जन औषधि केंद्र की शुरुआत कर दी गई है। इस जन औषधि केंद्र के खुलने से यात्रियों को न केवल किफायती दरों पर दवाइयां उपलब्ध होंगी, बल्कि उन्हें समय और मेहनत दोनों की बचत होगी।

पहले यात्रियों को छोटी-मोटी बीमारियों या जरूरत की दवाइयों के लिए स्टेशन से बाहर




जाना पड़ता था, जिससे उनके ट्रेन छूटने की भी संभावना बनी रहती थी। अब यह परेशानी खत्म हो गई है। रेलवे प्रशासन और जन औषधि योजना के अंतर्गत यह पहल की गई है, जिसका उद्देश्य आमजनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना है। स्थानीय यात्रियों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यह सुविधा बेहद उपयोगी साबित होगी।

रेलवे अधिकारियों की मानें तो जन औषधि केंद्र पर सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं और इसे यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन परिसर में ही स्थापित किया गया है। यह कदम यात्रियों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उम्मीद की जा रही है कि अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भी इसी तरह की सुविधाएं जल्द शुरू की जाएंगी। स्टेशन अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए मेडिकल खोला गया है।

## ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ने से कई क्षेत्रों में छह घंटे गुल रही बिजली

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिला मुख्यालय में भारी बारिश और ओलावृष्टि के चलते नगर के चौघानपाटा स्थित 500 केवीए ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया। ऐसे में क्षेत्र की दस हजार से अधिक की आबादी को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घंटों आपूर्ति ठप होने से सरकारी और निजी कार्यालय में कामकाज प्रभावित रहा। लोगों के मोबाइल सहित अन्य बिजली संचालित उपकरण शोपीस बने रहे।

बुधवार दोपहर करीब एक बजे अचानक हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से चौघानपाटा स्थित ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया। मौके पर पहुंची यूपीसीएल की टीम ने बारिश के बीच 2¬30 बजे आपूर्ति बहाल कर लोगों को राहत पहुंचाई। तेज बारिश से शाम चार बजे एक बार फिर ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने से बिजली दोबारा गुल हो गई। बिजली आपूर्ति ठप होने ने माल रोड, जोशी खोला, थपलिया, कैंट, थाना बाजार, जौहरी बाजार, हुक्का क्लब क्षेत्रों की पांच हजार से अधिक की आबादी को परेशानी झेलनी पड़ी। बिजली नहीं होने से फोटो स्टेट, फोटोशॉप समेत अन्य बिजली संचालित कारोबार से जुड़े व्यापारियों को भी नुकसान झेलना पड़ा।

# सत्ता की लालच में प्रोटोकॉल भूले राजा इकबाल, मेयर बनने के बाद भी नहीं छोड़ी स्थायी समिति की सदस्यता : अंकुश नारंग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, दिल्ली का महापौर चुने जाने के बाद भी राजा इकबाल सिंह द्वारा स्थायी समिति की सदस्यता से इस्तीफा नहीं देने पर आम आदमी पार्टी ने सवाल खड़े किए हैं। एमसीडी में ह्लआपह्व के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि निगम की स्थायी समिति का कोई सदस्य वहां महापौर चुन लिया जाता है और फिर भी वह समिति की सदस्यता से इस्तीफा नहीं देता है। जबकि स्थायी समिति भी महापौर को रिपोर्ट करती है। ऐसे में किस हैसियत से राजा इकबाल समिति की बैठकों में शामिल होंगे। उनको नैतिकता- प्रोटोकॉल का सम्मान कर स्थायी समिति की सदस्यता से इस्तीफा देकर दिल्ली की जनता से खेद प्रकट करना चाहिए। गुरुवार को प्रेस वार्ता कर अंकुश नारंग ने महापौर को लिखा पत्र दिखाते हुए कहा कि राजा इकबाल 25 अप्रैल को महापौर बने, लेकिन वे सिविल लाइन जोन से स्टैंडिंग कमेटी मेंबर भी हैं। एमसीडी में 12 जोनों और हाउस से 18 स्टैंडिंग कमेटी सदस्य चुने जाते हैं, जिनमें से चेयरमैन और डिप्टी चेयरमैन चुना जाता है। हाल ही में नोटिफिकेशन जारी हुआ कि जोन्स के चेयरमैन, डिप्टी चेयरमैन और दो जोनों- सिटी एसपी और साउथ जोन के स्टैंडिंग कमेटी मेंबर्स के चुनाव होंगे, क्योंकि ह्लआपह्व के पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया। अंकुश नारंग ने कहा कि राजा इकबाल सिविल लाइन जोन से स्टैंडिंग कमेटी मेंबर हैं और इतिहास में कभी नहीं हुआ कि महापौर स्टैंडिंग कमेटी की मीटिंग में मेंबर के रूप में नीचे बैठे जबकि चेयरमैन ऊपर बैठे। उन्होंने कहा कि स्टैंडिंग कमेटी महापौर को रिपोर्ट करती है, इसलिए नैतिकता के आधार पर राजा इकबाल को महापौर बनते ही स्टैंडिंग कमेटी मेंबर पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि सिविल लाइन जोन से भी इस्तीफा होगा, लेकिन अभी तक न इस्तीफा दिया गया, न नोटिफिकेशन जारी हुआ, जबकि अन्य जोन्स की नोटिफिकेशन जारी हो चुकी है। 27 मई तक नॉमिनेशन हैं। उन्होंने पुरजोर तरीके से राजा इकबाल से मांग की कि नैतिकता के आधार पर वे स्टैंडिंग कमेटी से इस्तीफा दें और दिल्ली की जनता को बताएं कि किस लालच में वे इस पद पर बने हुए हैं। भाजपा ने कभी सदन नहीं चलने दिया, लेकिन आप ने सकारात्मक सोच के साथ सदन चलाने में सहयोग किया- अंकुश नारंग बुधवार को हुई ढाई वर्ष बाद करीब पांच घंटे तक एमसीडी का हाउस चला। विपक्ष की हाउस चलाने में बहुत बड़ी भूमिका होती है। भाजपा, जब विपक्ष में थी, नकारात्मक सोच के साथ हाउस में आती थी, आते ही खड़े होकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर देती थी। वे काले पत्ते निकालते थे, जिनका दिल्ली की जनता से कोई लेना-देना नहीं था और फिर हाउस को स्थगित करा देते थे। बार-बार ऐसा करने से हाउस उस दिन चल ही नहीं पाता था।अंकुश नारंग ने कहा कि कई बार भाजपा ने आप की महिला महापौर की कुर्सी तक को खींचकर तोड़ा। भाजपा ने कई बार एमसीडी सदन में माइक तोड़े ताकि सदन न चल सके। बुधवार से पहले सिर्फ एक बार हाउस चला था, जब अगस्त 2023 में भाजपा ने बॉयकॉट किया था। उस दिन भाजपा नहीं आई थी और आप व कांग्रेस के पार्षदों ने दिल्ली के रेजिडेंट्स व अपने क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की थी। अंकुश नारंग ने कहा कि बुधवार को दूसरी बार हाउस चला, जब आप विपक्ष में थी और उसने सकारात्मक भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि आप ने जहां जरूरी था, वहां प्रोटेस्ट किया, लेकिन हाउस को चलने भी दिया। यह पक्का है कि हाउस का चलना विपक्ष पर निर्भर करता है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि वह नकारात्मक सोच के साथ आती थी, जिसका न तो पार्षदों से लेना-देना था, न ही दिल्ली की जनता से। इसके विपरीत, आप सकारात्मक सोच के साथ थी, दो साल में शानदार फैसले लिए और विपक्ष में आने पर भी हाउस चलवाया।

# दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने यातायात सुधार के लिए 12 प्रमुख गलियारों को किया चिन्हित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने शहर में यातायात को सुचारू बनाने और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए 12 महत्वपूर्ण गलियारों की पहचान की है। इन गलियारों पर तत्काल यातायात इंजीनियरिंग सुधार लागू किए जाएंगे। पुलिस ने इन क्षेत्रों में सर्वेक्षण किया, जिसमें कई समस्याएं सामने आईं, जैसे मानसून के दौरान गंभीर जलजमाव और केंद्रीय कगार पर लोहे की रेलिंग का गायब होना, जिससे पैदल यात्रियों की सुरक्षा को खतरा है। सर्वेक्षण के आधार पर, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ मिलकर इन गलियारों पर सुधार कार्य करेगी। इन सुधारों में सड़कों को चौड़ा करना, ट्रैफिक सिग्नल का अनुकूलन, साइनेज और मार्किंग में सुधार और जल निकासी की समस्याओं का समाधान शामिल है। पुलिस का कहना है कि इन कदमों से यातायात जाम को कम करने और वाहनों के प्रवाह को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। पहचाने गए प्रमुख गलियारों में मंकी ब्रिज से मजनू का टीला तक रिंग रोड, पंचकुइया रोड से फिल्मिस्तान तक रानी झांसी रोड, आजादपुर मंडी के सामने जीटीके रोड, आईआईटी फ्लाईओवर से मोदी मिल फ्लाईओवर तक आउटर रिंग रोड, आरटीआर से शिव मूर्ति तक एनएच-48, और सफदरजंग अस्पताल से धौला कुआं तक रिंग रोड शामिल हैं। इन क्षेत्रों में यातायात की भीड़भाड़ और सड़क सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं लंबे समय से चिंता का विषय रही हैं। सूत्रों के अनुसार, कई गलियारों पर सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और वरिष्ठ अधिकारियों को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी गई है। इस रिपोर्ट में संरचनात्मक उन्नयन और अन्य आवश्यक सुधारों की सिफारिश की गई है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि यह पहल शहर में यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने की दिशा में एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इन सुधारों को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा, ताकि दिल्लीवासियों को जाम से राहत मिले और सड़कें सुरक्षित बनें।

## संक्षिप्त खबरें

### डीवीबी के 18,737 सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए आई अच्छी खबर

नई दिल्ली,। दिल्ली सरकार ने दिल्ली विद्युत बोर्ड (डीवीबी) के 18,737 सेवानिवृत्त कर्मचारियों की महंगाई राहत में 2 प्रतिशत वृद्धि की है। यह एक जनवरी 2025 से लागू होगा। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली विद्युत बोर्ड के 18,737 सेवानिवृत्त कर्मचारियों की महंगाई राहत में 01.01.2025 से बढ़ोत्तरी कर दी है। पहले यह महंगाई राहत 53 प्रतिशत थी जो बढ़ाकर 55 प्रतिशत हो गई है। मंत्री ने बताया कि सरकार के इस कदम से दिल्ली विद्युत बोर्ड के पेंशनार्थियों को न केवल आर्थिक लाभ होगा बल्कि वह अपने परिवार के खर्चों को वहन करने में भी सक्षम हो सकेंगे। ऊर्जा मंत्री ने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में न केवल कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के कल्याण की सोच रखती है बल्कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की भी रक्षा करने के लिए कृतसंकल्पित है।

### आईपीयू: एमबीए में दाखिले के लिए 26 तक आवेदन का अवसर

नई दिल्ली,। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) के एमबीए प्रोग्राम में दाखिले के इच्छुक छात्र ऑनलाइन काउंसलिंग के प्रथम चरण के लिए 26 मई तक ऑनलाइन विकल्प चयन कर आवेदन कर सकते हैं। इस काउंसलिंग में वह ही उम्मीदवार हिस्सा ले सकेंगे जिन्होंने 2500 रुपये आवेदन शुल्क के रूप में जमा कर रखे हैं। दाखिला कैट 2024 के स्कोर के आधार पर होगा। इस प्रोग्राम में सीट आवंटन के लिए काउंसलिंग के इस चरण में विकल्प चयन अनिवार्य है। वहीं, जिन्होंने अभी तक आवेदन नहीं किया है वे अभी भी 2500 रुपये ऑनलाइन जमा कर 26 मई तक आवेदन कर सकते हैं। इस तिथि तक भरे हुए फॉर्म में रीजन, कैटेगरी, रैंक आदि से संबंधित संशोधन किया जा सकता है। प्रथम चरण की काउंसलिंग का परिणाम 28 मई को आएगा। इस काउंसलिंग में सीट आवंटन के उपरांत 96 हजार रुपये पार्ट अकादमिक फीस के रूप में ऑनलाइन दो जून तक जमा करने होंगे। प्रोग्राम के संदर्भ में विस्तृत जानकारी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### जेएनयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर जनमत संग्रह होगा

नई दिल्ली,। जेएनयू की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को लेकर छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच टकराव एक बार फिर तेज हो गया है। जेएनयू छात्रसंघ ने 24 मई को इस मुद्दे पर एक जनमत संग्रह कराने का फैसला लिया है। जनमत संग्रह में छात्रों को प्रवेश परीक्षा के पक्ष में हां या ना में जवाब देना होगा। छात्र यह तय करेंगे कि उन्हें ह्यइन-हाउस प्रवेश परीक्षा (जेएनयूईई) चाहिए या नहीं। यह मतदान शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक जेएनयू के विभिन्न छात्रावास क्षेत्रों में किया जाएगा। छात्र संगठनों का कहना है कि 16 दिनों तक चली भूख हड़ताल के दौरान कुलपति ने स्पष्ट रूप से जेएनयूईई की वापसी का आश्वासन दिया था, लेकिन अब विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह निर्णय वापस ले लिया है। छात्र नेताओं का कहना है कि विश्वविद्यालय की विभिन्न स्कूलों के डीन और विशेष केंद्रों के अध्यक्षों की स्पष्ट राय जेएनयूईई के पक्ष में थी, इसके बावजूद कुलपति ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

# आप ने 10 राज्यों में प्रभारी नियुक्त किये

Aam Aadmi Party

नई दिल्ली,। आम आदमी पार्टी( आप) ने संगठन को मजबूत करने के लिए 10 राज्यों में प्रभारी और तीन राज्यों में सह प्रभारी नियुक्त करने की गुरुवार को घोषणा की। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) एवं राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने इन पदाधिकारियों की नियुक्ति की आज सूची जारी कर दी। पार्टी ने मध्य प्रदेश में श्री जीतेंद्र सिंह तोमर को प्रभारी बनाया है। श्री सिंह आप की दिल्ली सरकार में मंत्री रह चुके हैं। कर्नाटक में श्री राजेश गुप्ता को प्रभारी बनाया गया है। श्री गुप्ता पूर्व विधायक हैं। इसी तरह, पूर्व विधायक ऋतुराज गोविंद को हिमाचल प्रदेश में प्रभारी बनाया गया है। आप ने उत्तराखंड में श्री महेंद्र यादव, राजस्थान में श्री धीरज टोकस और महाराष्ट्र में श्री प्रकाश जारवाल को प्रभारी बनाया है। इसी तरह,तेलंगाना में पार्टी ने मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़, केरल में दिल्ली की पूर्व मेयर शैली ओबेरॉय, तमिलनाडु में श्री पंकज सिंह और लद्दाख में श्री प्रवीण प्रभाकर गौर को प्रभारी बनाया गया है। आप ने उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में सह प्रभारियों कि भी घोषणा की है। वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दिलीप पांडे को ओवरसीज कोऑर्डिनेटर के अलावा उत्तर प्रदेश का सह प्रभारी भी बनाया है। उत्तर प्रदेश में श्री पांडे के अलावा सर्वश्री अनिल झा, विशेष रवि और चौधरी सुरेंद्र कुमार को भी सह प्रभारियों कि जिम्मेदारी दी गई है। उत्तराखंड में श्री घनेंद्र भारद्वाज और हिमाचल प्रदेश में विजय फुलारा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### राष्ट्रीय राजधानी में बादल छाए रहने की संभावना

नई दिल्ली,। दिल्ली में बृहस्पतिवार की सुबह गर्मी से राहत दिलाने वाली रही और न्यूनतम तापमान गिरकर 20.8 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो मौसम के सामान्य तापमान से 5.9 डिग्री सेल्सियस कम है। शहर में बुधवार रात को आए तूफान, तेज हवा, बारिश और ओलावृष्टि के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। राजधानी में इन घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में 12 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। दिल्ली में बुधवार को न्यूनतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा शुक्रवार और शनिवार को बिजली कड़कने के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 69 प्रतिशत रही तथा अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 297 रहा जो खराब श्रेणी में आता है। सीपीसीबी

# दिल्ली,एनसीआर में तेज आंधी और बारिश से भारी नुकसान, 3 की मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्लीर,। दिल्ली -एनसीआर में बुधवार की शाम करीब 8 बजे तेज आंधी और बारिश से भारी नुकसान हुआ है। अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की जान चली गई है। सड़कों पर पेड़ गिरने से यातायात थम गया, इमारतों के दरवाजे और खिड़कियों के टूटकर गिरने से कई लोग घायल हो गए। निजामुद्दीन के लोधी रोड पर बिजली का खंभा गिरने से 50 साल के दिव्यांग की मौत हो गई, वहीं उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी और गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के हापुड़ चुंगी के पास पेड़ की टहनी गिरने से बाइक सवार की जान चली गई। दिल्ली में मंगोलपुरी इलाके में फर्नीचर मार्केट में इमारत का छज्जा बीच सड़क पर गिरने से चार लोग घायल हो गए। वहीं, उत्तर पूर्वी दिल्ली में सड़क पर पेड़ गिरने से रेडी वाला घायल हो गया, वेलकम इलाके में पेड़ के गिरने से स्कूल की दीवार ढह गई। इससे दो कार क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं, ग्रेटर नोएडा में सीआरसी बिल्डर के प्रोजेक्ट का जाल लटकने और पाइप गिरने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। सुपरटेक ईको विलेज की सोसाइटी में फ्लैट की बालकनी के दरवाजे की खिड़की टूटी गई, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कई जगह पर पेड़ गिर गए। परथला के पास साइन बोर्ड गिर गया। वहीं ग्रेटर नोएडा वेस्ट की अपेक्स गोल्फ एवेन्यू सोसाइटी का मुख्य गेट गिर गया। नोएडाझ्रग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसझ्रवे (परी चौक की ओर जाने वाले मार्ग) पर आंधी के कारण एक पोल गिर गया, जिस कारण यातायात प्रभावित हुआ। कैथल में भी शाम के समय आई तेज आंधी तूफान की वजह से सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को उत्तर कर्नाटक और गोवा तटों से दूर, पूर्वी मध्य अरब सागर पर ऊपरी हवा के चक्रवात के प्रभाव से एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। अगले 36 घंटों में इसके उत्तर की ओर बढ़ने और और अधिक सक्रिय होने की संभावना जताई गई है।

# दिल्ली-एनसीआर में आईएसआई की आतंकी साजिश नाकाम, दो जासूस गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने दिल्ली और एनसीआर में बड़े आतंकी हमले की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की साजिश को नाकाम कर दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गुरुवार को तीन महीने के गुप्त ऑपरेशन के बाद दो जासूसों को गिरफ्तार किया, जिनमें एक नेपाली मूल का पाकिस्तानी नागरिक और दूसरा भारतीय है। इस ऑपरेशन से देश की सुरक्षा को बड़ा खतरा टल गया। सुरक्षा एजेंसियों को जनवरी में खुफिया जानकारी मिली थी कि आईएसआई ने भारत में हमले की साजिश रची है और इसके लिए एक पाकिस्तानी जासूस को नेपाल के रास्ते भारत भेजा गया है। इस जानकारी के आधार पर दिल्ली पुलिस ने जनवरी से मार्च तक गुप्त ऑपरेशन चलाया। 15 फरवरी को सेंट्रल दिल्ली से स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी जासूस अंसारुल मियां अंसारी को गिरफ्तार किया, जब वह नेपाल के रास्ते पाकिस्तान वापस जाने की कोशिश कर रहा था। अंसारुल के पास से भारतीय सेना से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद किए गए। जांच में पता चला कि अंसारुल नेपाली मूल का है, लेकिन वह 2008 से कतर में टैक्सी चला रहा था। वहीं उसका आईएसआई से संपर्क हुआ। जून 2024 में वह रावलपिंडी पहुंचा और अपने पाकिस्तानी हैंडलर से मिलकर भारत में जासूसी और हमले की योजना बनाई। अंसारुल को भारतीय सेना की खुफिया जानकारी जुटाने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके बाद मार्च में रांची के रहने वाले अखलाक आजम को गिरफ्तार किया गया, जो अंसारुल का सहयोगी था। दोनों जासूस लगातार पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे। सुरक्षा एजेंसियों ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। यह ऑपरेशन भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और समन्वय का परिणाम है। इस सफलता ने न केवल आतंकी साजिश को नाकाम किया, बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा को और मजबूत करने का संदेश भी दिया है।

### सम्मोहित कर धोखाधड़ी किए जाने के दो अलग-अलग मामलों में पांच लोगों को पकड़ा

नई दिल्ली,। बाहरी दिल्ली के रनहोला इलाके में दो अलग-अलग मामलों में लोगों को सम्मोहित करके उनसे कीमती सामान ठगने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग समेत पांच लोगों को पकड़ लिया है। बृहस्पतिवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 15 मई को दर्ज किए गए पहले मामले के अनुसार, एक महिला ने आरोप लगाया कि दो पुरुष और एक महिला ने उसे सम्मोहित कर लिया और उसकी सोने की बालियां ले लीं, जिनके बदले में उसे एक बंडल दिया जो नकदी की तरह लग रहा था, लेकिन वो बंडल सिर्फ रद्दी कागज थे। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सचिन शर्मा ने बताया कि पुलिस ने सुल्तानपुरी के डी-ब्लॉक में छापामारी कर एक व्यक्ति और उसकी पत्नी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपराध कबूल कर लिया और अपने तीसरे साथी का नाम भी बताया जो अभी फरार है। पुलिस ने बताया कि 16 मई को दर्ज किए गए दूसरे मामले में भी एक अन्य महिला ने इसी तरह की शिकायत की थी।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY, OUTSIDE INDIA. INITIAL PUBLIC OFFERING OF EQUITY SHARES ON THE MAIN BOARD OF THE STOCK EXCHANGES IN COMPLIANCE WITH CHAPTER IX OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED ("SEBI ICDR REGULATIONS").

PURPLEWAVE®

(Please scan this QR Code to view the Draft Red Herring Prospectus)

**PURPLE WAVE INFOCOM LIMITED**

**Corporate Identity Number:** U72300DL2007PLC170537

Our Company was incorporated on November 19, 2007 as *"Purple Wave Infocom Private Limited"*, a private limited company under the Companies Act, 1956 pursuant to a certificate of incorporation dated November 19, 2007 issued by Asst. Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana. Further, our Company was converted into a public limited company pursuant to a special resolution passed by the Shareholders in their extra-ordinary general meeting held on June 26, 2024 and consequently the name of our Company was changed to *"Purple Wave Infocom Limited"* and a fresh certificate of incorporation dated August 08, 2024 was issued by Registrar of Companies, Central Processing Centre. The corporate identification number of our Company is U72300DL2007PLC170537.

**Registered Office:** Plot No. 1 & 2, Pocket A2, MNG Tower, First Floor, Dwarka Sector 17, South West Delhi, N.S.I.T. Dwarka, South West Delhi, New Delhi, Delhi, India, 110078 | **Tel:** + 91 9289102671 | **E-mail:** investors@purplewave.in | **Website:** www.purplewave.in
**Contact Person:** Shivani Gupta, Company Secretary and Compliance Officer

**OUR PROMOTERS: MANOJ KUMAR SINGH, SANDHYA SINGH AND ANANYA SINGH**

**INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 24,96,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF PURPLE WAVE INFOCOM LIMITED ("PURPLE WAVE INFOCOM" OR "OUR COMPANY" OR "THE ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE INCLUDING A PREMIUM OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE ("ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹ [●] LAKHS ("THE ISSUE"), OF WHICH [●] EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ [●] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE ISSUE ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION i.e., NET ISSUE OF [●] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH AT A PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ [●] LAKHS ("NET ISSUE"). THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE [●] % and [●] % RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

This Issue is being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b) of the SCRR read with Regulation 229 of the SEBI ICDR Regulations and in compliance with Regulation 253 (1) and 253 (2) of the SEBI ICDR Regulations2018, wherein not more than 50.00% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs") (the "QIB Portion"), provided that our Company in consultation with the BRLMs may allocate up to 60.00% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis ("Anchor Investor Portion"). One-third of the Anchor Investor Portion shall be reserved for domestic Mutual Funds, subject to valid Bids being received from the domestic Mutual Funds at or above the Anchor Investor Allocation Price in accordance with the SEBI ICDR Regulations. In the event of under-subscription or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the QIB Portion (other than the Anchor Investor Portion) ("Net QIB Portion"). Further, 5.00% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only, and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIB Bidders, other than Anchor Investors, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5.00% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining Net QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, the SEBI ICDR Regulations 2018, states that not less than 35% of the Net Issue shall be available for allocation to Individual Investors who applies for minimum application size. Not less than 15% of the Net Issue shall be available for allocation to Non-Institutional Investors of which one-third of the Non-Institutional Portion will be available for allocation to Bidders with an application size of more than two lots and up to such lots as equivalent to not more than ₹ 10.00 Lakhs and two-thirds of the Non-Institutional Portion will be available for allocation to Bidders with an application size of more than ₹ 10.00 Lakhs and under-subscription in either of these two sub-categories of Non-Institutional Portion may be allocated to Bidders in the other sub-category of Non-Institutional Portion. Subject to the availability of shares in non-institutional investors' category, the allotment to each Non-Institutional Investors shall not be less than the minimum application size in Non-Institutional Category and the remaining available Equity Shares, if any, shall be allocated on a proportionate basis in accordance with the conditions specified in this regard in Schedule XIII of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018. All Potential Bidders, other than Anchor Investors, are required to participate in the Issue by mandatorily utilising the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process by providing details of their respective ASBA Account (as defined hereinafter) in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the Self-Certified Syndicate Banks ("SCSBs") or under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For details, please refer to the chapter titled *"Issue Procedure"* on page 279 of this Draft Red Herring Prospectus.

This public announcement is made in compliance with the SEBI (ICDR)Regulations, 2018 as amended and applicability of corporate governance provisions under SEBI (LODR) Regulations, 2015 on SME Companies for fulfilling all additional criteria, the DRHP filed with the SME Platform of BSE Limited (BSE SME) shall be made available to the public for comments, if any, for a period of at least 21 days, from the date of such filing by hosting it on the website of the BSE at www.bseindia.com, and the website of the Company at www.purplewave.in and at the website of BRLM i.e. Smart Horizon Capital Advisors Private Limited at www.shcapl.com. Our Company hereby invites the members of the public to give their comments to Stock Exchange, to Company Secretary and Compliance Officer of our Company and /or the BRLM at their respective addresses mentioned below. All comments must be received by BSE SME and/or our Company and/or BRLM in relation to the issue on or before 5 p.m. on the 21st day from the aforesaid date of filing the Draft Red Herring Prospectus with BSE SME.

Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and Bidders should not invest any funds in the Issue unless they can afford to take the risk of losing their investment. Bidders are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the Issue. For taking an investment decision, Bidders must rely on their own examination of our Company and the Issue, including the risks involved. The Equity Shares in the Issue have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of this Draft Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited to *"Risk Factors"* on page 30 of this Draft Red Herring Prospectus.

Any decision to invest in the Equity Shares described in the Draft Red Herring Prospectus may only be made after the Red Herring Prospectus has been filed with the RoC and must be made solely on the basis of such Red Herring Prospectus as there may be material changes in the Red Herring Prospectus from the Draft Red Herring Prospectus.

The Equity Shares, when offered, through the Red Herring Prospectus, are proposed to be listed on SME Platform of BSE Limited.

For details of the main objects of the Company as contained in its Memorandum of Association, see *"History and Certain Corporate Matters"* on page 162 of the Draft Red Herring Prospectus. The liability of the members of the Company is limited. For details of the share capital and capital structure of the Company and the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of shares subscribed by them see *"Capital Structure"* on page 75 of the Draft Red Herring Prospectus.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER | REGISTRAR TO THE ISSUE | COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER |
|---|---|---|
| SMART HORIZON CAPITAL ADVISORS PVT. LTD.<br>**SMART HORIZON CAPITAL ADVISORS PRIVATE LIMITED**<br>*(Formerly Known as Shreni Capital Advisors Private Limited)*<br>B/908, Western Edge II, Kanakia Space, Behind Metro Mall, off Western Express Highway, Magathane, Borivali East, Mumbai – 400066, Maharashtra, India.<br>**Tel No:** 022-28706822 \| **Email:** director@shcapl.com<br>**Website:** www.shcapl.com<br>**Investors Grievance e-mail:** investor@shcapl.com<br>**Contact Person:** Mr. Parth Shah<br>**SEBI Registration Number:** INM000013183 | Maashitla<br>**MAASHITLA SECURITIES PRIVATE LIMITED**<br>451, Krishna Apra Business Square, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi-110034, India. \| **Tel:** 011 – 47581432<br>**E-mail:** investor.ipo@maashitla.com<br>**Investor grievance e-mail:** investor.ipo@maashitla.com<br>**Website:** www.maashitla.com<br>**Contact Person:** Mr. Mukul Agrawal<br>**SEBI Registration No.:** INR000004370 | PURPLEWAVE®<br>**Shivani Gupta**<br>**Address:** Plot No. 1 & 2, Pocket A2, MNG Tower, First Floor, Dwarka Sector 17, South West Delhi, N.S.I.T. Dwarka, South West Delhi, New Delhi, Delhi, India, 110078.<br>**Tel. No.:** +91 9289102671 \| **Email:** investors@purplewave.in<br>**Website:** www.purplewave.in<br>Investors can contact our Company Secretary and Compliance Officer, Book Running Lead Managers or Registrar to the Issue, in case of any pre issue or post issue related problems, such as non-receipt of letter of allotment, non- credit of allotted Equity shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders and non-receipt of funds by electronic mode etc. |

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Draft Red Herring Prospectus.

**For PURPLE WAVE INFOCOM LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
**Sd/-**
**Shivani Gupta**
Company Secretary and Compliance Officer

**Place:** Delhi
**Date:** May 22, 2025

**PURPLE WAVE INFOCOM LIMITED** is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offer of its Equity Shares and has filed the DRHP dated May 21, 2025 with BSE SME. The DRHP is available on the website of BSE at www.bseindia.com and on the website of the BRLM, i.e., Smart Horizon Capital Advisors Private Limited at www.shcapl.com and the website of our Company at www.purplewave.in. Potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risk, see the section titled *"Risk Factors"* beginning on page 30 of the Draft Red Herring Prospectus. Potential investors should not rely on the Draft Red Herring Prospectus filed with BSE SME for making any investment decision.

The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933 (the **"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable U.S. state securities laws. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold only outside the United States in offshore transactions in reliance on Regulation S and the applicable laws of the jurisdictions where those offers and sales are made.

AdBaaz

## राहुल ने डीयू परिसर का दौरा किया वंचित वर्गों के छात्रों से बातचीत की

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दिल्ली विश्वविद्यलय (डीयू) का दौरा किया और अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों के छात्रों के साथ बातचीत की। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) अध्यक्ष के कार्यालय में आयोजित संवाद सत्र में कई कॉलेजों और विभागों के छात्र शामिल हुए। डूसू के एक बयान में कहा गया है कि छात्रों के साथ बातचीत करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकतांत्रिक भागीदारी और समावेशी शैक्षणिक स्थानों के महत्व पर प्रकाश डाला। कांग्रेस नेता ने छात्रों के साथ जाति-आधारित भेदभाव, संकाय पदों और शीर्ष प्रशासनिक पदों पर हाशिए पर रहने वाले समुदायों के प्रतिनिधित्व की कमी और शीर्ष बहुराष्ट्रीय निगमों में भर्ती से उन्हें अलग रखे जाने पर चिंता जताई। राहुल गांधी ने छात्रों से बाबासाहेब बी आर आंबेडकर के शिक्षित करो, आंदोलन करो और संगठित हो के संदेश से प्रेरणा लेने की अपील की। कांग्रेस नेता ने कहा, छात्रों की भूमिका कक्षाओं से परे है। उन्हें उत्पीड़ितों और कम प्रतिनिधित्व वाले लोगों के अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए। बयान में कहा गया है कि डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री ने बातचीत के लिए राहुल गांधी को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके डीयू दौरे ने छात्र समुदाय को ऊर्जावान बनाया है और भारत के लोकतांत्रिक और शैक्षिक भविष्य को आकार देने में युवा आवाजों के महत्व पर भी जोर दिया है। डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री ने एक्स पोस्ट में बताया कि आज दिल्ली विश्वविद्यालय में राहुल गांधी ने छात्रों के साथ संवाद किया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों और विभागों के छात्रों ने भाग लिया। संवाद के दौरान राहुल गांधी ने छात्र समुदाय के साथ गहन बातचीत की, उनकी चिंताओं को सुना और शैक्षणिक क्षेत्रों में लोकतांत्रिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व के महत्व पर प्रकाश डाला।

## नालों की सफाई का संयुक्त निरीक्षण कर 28 मई तक रिपोर्ट देनी होगी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने मानसून से पहले नालों की सफाई को लेकर संयुक्त निरीक्षण का आदेश जारी किया है। यह निरीक्षण पीडब्ल्यूडी के क्षेत्रीय कार्यपालक अभियंता और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर करेंगे। इसकी रिपोर्ट 28 मई तक सौंपनी होगी। बताते चलें कि लोक निर्माण विभाग ने 31 मई तक नालों की सफाई का लक्ष्य रखा है। पीडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने तत्काल प्रभाव से इस आदेश पर काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। किसी स्तर पर समन्वय की समस्या आती है तो उसे दोनों विभागों के मुख्य अभियंताओं के बीच हल किया जाए। लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि जलभराव वाले स्थानों पर एक-एक अधिकारी की तैनाती की गई है, अगर वहां पर जलभराव होता है तो उस अफसर पर कार्रवाई होगी। 19 मई को भी बैठक के दौरान मंत्री ने दिल्ली के सात सबसे अधिक संवेदनशील जलभराव वाले स्थानों पर अपर मुख्य सचिव पीडब्ल्यूडी को निरीक्षण करने का निर्देश दिया था। दिल्ली में जलभराव के लिहाज से कुल 445 स्थान चिह्नित किए गए हैं। पीडब्ल्यूडी के अधिकार क्षेत्र में 355 इलाके शामिल हैं। इन स्थानों पर एक-एक इंजीनियर को इंचार्ज बनाया गया है। उसके ऊपर एक समीक्षा अधिकारी भी तैनात किया गया है, जो कि नालों की डिसिल्टिंग का काम देखेगा। पूरी दिल्ली के नालों को 35 जोन में बांटकर सफाई की जा रही है। हर साल नालों की सफाई की डेडलाइन 15 जून तक होती थी, लेकिन मंत्री ने इस बार घटाकर 31 मई कर दी है।

## जनपद में पांच केंद्रों पर होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के संयोजन में आयोजित होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। जिला मुख्यालय पर परीक्षा के लिए पांच केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। सीसीटीवी कैमरों से भी परीक्षा पर नजर रखी जाएगी। सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में परीक्षा कराई जाएगी। डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि परीक्षा को नकल विहीन और शांतिपूर्ण संपन्न कराया जाएगा। जिला मुख्यालय के पांच केंद्रों पर एक जून को दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी। अमरोहा शहर में जेएसएच हिन्दू डिग्री कॉलेज के ब्लॉक ए और बी, जेएसएच हिन्दू इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज व आईएम इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रवेश परीक्षा के लिए ऐसे केंद्रों को बनाने में प्राथमिकता दी गई है, जिनकी छवि बेहतर है तथा वहां सीसीटीवी कैमरों व राउटर आदि की व्यवस्था भी है। सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। जल्द ही परीक्षा को लेकर डीएम निधि गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी।

## आंधी में मकान की छत से गिरकर किसान की मौत

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। आंधी के दौरान मकान की छत से चारपाई उतारने चढ़े किसान की नीचे गिरकर मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव करनखाल निवासी 50 वर्षीय किसान शिवचरन सिंह बुधवार देर रात आई आंधी के दौरान अपने मकान की छत पर चारपाई उतारने गए थे। इसी दौरान शिवचरन अचानक मकान की छत से नीचे गिर गए। हादसे में वह गंभीर घायल हो गए। परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के यहां ले गए। चिकित्सक ने शिवचरन को मृत घोषित कर दिया, परिवार में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## तिरंगा शौर्य यात्रा : पाकिस्तान के विरुद्ध सेना की सफलता को समर्पित देशभक्ति की अद्वितीय अभिव्यक्ति

प्रात : किरण : मनोज जैन



सीलमपुर फाटक स्थित शिव मंदिर से लेकर चमेली देवी मंदिर (शांति मोहल्ला) तक आज भव्य तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया, जो भारत की सेना द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध किए गए साहसी एवं सफल सैन्य कार्रवाई को समर्पित थी। यह यात्रा उस गौरवपूर्ण क्षण की स्मृति में निकाली गई, जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुश्मन को करारा उत्तर देते हुए सेना के शौर्य को ह्लसिंदूरह्व की संज्ञा दी थी। यात्रा का उद्देश्य हमारे वीर जवानों का उत्साहवर्धन करना और उनके अदम्य साहस को जन-जन तक पहुंचाना था। इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिकों, व्यापारी वर्ग, समाजसेवियों और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। विशेष रूप से विराग जैन, बलेश जैन, मोनू जैन, मुकेश जैन, रोबिट जैन, सत्यवीर शर्मा, राजेश खन्ना आदि अग्रणी रूप से उपस्थित रहे। हाथों में तिरंगा, होठों पर देशभक्ति के गीत —सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, वंदे मातरम्ह्व, भारत माता की जय — और गगनभेदी नारों के साथ यह यात्रा पूरे क्षेत्र में देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत रही। आयोजकों ने कहा कि यह यात्रा केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि देश के सम्मान, सेना के मान और राष्ट्रीय स्वाभिमान का उद्घोष है। चमेली देवी मंदिर परिसर में यात्रा का समापन सामूहिक राष्ट्रगान और शहीदों को नमन के साथ किया गया, जहां यह संकल्प लिया गया कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए समाज का प्रत्येक वर्ग सदैव तत्पर रहेगा।

## प्रकृति का प्रहार: जब हवाएं चीख उठीं और धरती कांप गई

### जब आसमान टूटा, धरती थरथराई और इंसान बस ईश्वर को पुकारता रह गया

प्रात : किरण : मनोज जैन



बुधवार की संध्या जैसे दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों के लिए कोई सामान्य मौसम नहीं, बल्कि एक चेतावनी बनकर आई। चारों दिशाओं से अचानक उठी तेज हवाएं कुछ इस तरह से चीखने लगीं, जैसे प्रकृति अपने क्रोध में दहाड़ रही हो। आसमान में बादलों का घना जमाव, बिजली की कड़क के साथ यूं गरजा कि जैसे नभ फट पड़े। कुछ ही क्षणों में हालात इस कदर बिगड़े कि सैकड़ों की संख्या में पेड़ धराशायी हो गए, कई इलाकों में मेट्रो सेवाएं रुक गईं और सड़कें जाम से जूझने लगीं। उड़ती धूल, झुकते होर्डिंग्स और हिलते खंभों के बीच शहर एक भय के आलिंगन में जकड़ा दिखाई दिया। इसी भयावह मंजर के बीच बिजली की सप्लाई भी जवाब दे गई। तूफान की पहली लहर के साथ ही कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। गलियों और मकानों में घुप अंधेरा पसर गया, पंखे थम गए, मोबाइल बंद होने लगे और लोगों की बेचैनी बढ़ती गई। यह सिर्फ बिजली का गुल होना नहीं था, यह आधुनिकता की निर्भरता पर एक तमाचा था—जो बताता है कि जब प्रकृति अपना स्वरूप बदलती है, तो रोशनी भी छिप जाती है। घरों के भीतर और बाहर, हर ओर सिर्फ अनिश्चितता थी—कोई टॉर्च ढूंढ रहा था, कोई ईश्वर को याद कर रहा था। सड़कों पर लोग जहां कहीं थे, वहीं ठहर गए। तेज हवाओं में लोहे की चादरें उखड़कर उड़ रही थीं, दुकानों के बोर्ड लहराते हुए गिर रहे थे और वाहनचालक गाड़ियों को किनारे लगाने की कोशिश में जुटे थे। मन में एक ही भय समाया था—कहीं कुछ ऊपर से न आ गिरे। जो लोग उस समय किसी यात्रा में थे, उन्होंने यह अनुभव किया कि इंसान कितना असहाय हो सकता है। हर चेहरा डरा हुआ था, हर आंख इस चिंता में डूबी थी कि ह्लकब और कैसे सुरक्षित घर पहुंचा जाए। ट्रैफिक की रफ्तार थम गई थी, और माताएं दरवाजों पर अपने बच्चों की प्रतीक्षा में टकटकी लगाए खड़ी थीं। और फिर वह दृश्य भी सामने आया—जहां घर पहुंचने वाले थके, सहमे चेहरे अपनी मांओं के गले लग रहे थे। घर के भीतर चुप्पी थी, लेकिन आंखों में कहानियां थीं। कोई बच्चे को चुप करा रहा था, कोई बुजुर्गों को दिलासा दे रहा था। यह केवल मौसम की मार नहीं थी, यह एक भावनात्मक धक्का था जिसने पूरे समाज को कुछ मिनटों के लिए अपनी जड़ों तक हिला दिया। शायद ही किसी ने उस शाम टीवी देखा हो—हर आंख बस खिड़कियों से बाहर देख रही थी, और हर होंठ एक ही नाम ले रहे थे—हे भगवान, सब कुशल रहे। और जब बात पश्चिमी उत्तर प्रदेश की होती है, तो बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ और सहारनपुर जैसे जिलों में तो हालात और भी विकराल रहे। वहां केवल आँधी नहीं थी, ओलावृष्टि भी कहर बनकर बरसी। खेतों में खड़ी आम की बौरों से लदी शाखाएं जमीन चूम रही थीं, गेहूं और अन्य फसलें चकनाचूर हो चुकी थीं। किसान एकटक आकाश की ओर निहारते रह गए—ना कोई शब्द, ना कोई शिकवा। यह नुकसान सिर्फ खेती का नहीं था, यह मेहनत, उम्मीद और विश्वास का नुकसान था। प्रकृति ने जैसे चेताया हो—मैंने तुम्हें बहुत कुछ दिया है, लेकिन भूलना मत कि मैं सब कुछ छीन भी सकती हूँ।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से की मुलाकात

प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में मुलाकात की। इस मौके पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद और श्रम मंत्री कपिल मिश्रा मौजूद रहे। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पोस्ट में दी। मुख्यमंत्री सैनी ने एक्स पोस्ट में कहा कि दिल्ली में भाजपा की नई रेखा खींचने वाली हरियाणा की बेटी, सम्मानित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच और निर्णायक नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। वे मात्र विकास की भागीदार नहीं, बल्कि नेतृत्व की धुरी भी बन चुकी हैं। मुख्यमंत्री गुप्ता इसकी बहुत बड़ी मिसाल हैं।

## उपराज्यपाल के प्राधिकार को चुनौती देने वाले सात मामले वापस लेने के लिए न्यायालय पहुंची दिल्ली सरकार

नई दिल्ली, । दिल्ली सरकार ने यमुना की सफाई के प्रयासों से संबंधित एक समिति समेत कई निकायों में उपराज्यपाल के प्राधिकार को चुनौती देने वाले उन सात मामलों को वापस लेने का अनुरोध करते हुए बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जो पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के कार्यकाल में दर्ज कराए गए थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत दिल्ली सरकार द्वारा दायर अर्जी को शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। दिल्ली सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि अर्जी में शीर्ष अदालत में लंबित उन सात मामलों को वापस लेने का अनुरोध किया गया है जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, यमुना की सफाई सहित कई समितियों में उपराज्यपाल के प्राधिकार को चुनौती दी गई है और अधिनियमों एवं अध्यादेशों की वैधता के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई हैं। भाटी ने कहा, इन मामलों के कारण अब इस अदालत को परेशानी नहीं होनी चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने भाटी से कहा, ह्यह्यहम इन सभी मामलों को शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध करेंगे और अर्जी पर विचार करेंगे। तत्कालीन आप सरकार द्वारा दायर मामलों में से एक मामले में सुनवाई करते समय शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के उस आदेश पर जुलाई 2023 में रोक लगा दी थी जिसमें उपराज्यपाल को यमुना नदी के पुनरुद्धार से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए गठित एक उच्च स्तरीय समिति का नेतृत्व करने के लिए कहा गया था। न्यायालय ने एनजीटी के 19 जनवरी, 2023 के आदेश के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई थी और उस याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया था जिसकी याचिका पर अधिकरण ने आदेश पारित किया था।

## कश्यप निषाद संगठन को मिला नया दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्र में उल्लास का माहौल

### राष्ट्रीय सम्मेलन में रेखा गुप्ता और कलराज मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति

● समरसता सम्मेलन में भगवान परशुराम के बैनर तले एकजुट हुआ समाज

प्रात : किरण :मनोज जैन



कश्यप निषाद संगठन, दिल्ली प्रदेश के नव नियुक्त अध्यक्ष श्री राजेश विद्यार्थी को संगठन की ओर से महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी सौंपे जाने पर क्षेत्र में खुशी और उत्साह का वातावरण बन गया है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने इस संघर्षशील, कर्मठ और समाजसेवी कार्यकर्ता को जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह संगठन की दूरदर्शिता और जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकताओं के प्रति विश्वास को दशार्ता है। इस मौके पर वरिष्ठ नेताओं—श्री सत्यवीर शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, आदित्य मिश्रा, सन्नी जैन, गुलशन नारंग, पुरन कश्यप, हरेंद्र शर्मा, शंभू छावड़ा, शेखर कौशिक, संजय सैंन, राजू वशिष्ठ, अशोक पहलवान, राजू चौधरी, नरेंद्र कुमार तथा श्री योगेश कौशिक—ने श्री विद्यार्थी को शुभकामनाएं दीं और संगठन के इस निर्णय की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सामाजिक समर्थकता सम्मेलन में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता एवं राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माननीय कलराज मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन में अखिल भारतीय कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राकेश कश्यप, राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमती कंचन कश्यप, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश कुमार सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और श्री कलराज मिश्र ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में संगठन की प्रभावशाली भागीदारी को रेखांकित करते हुए सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों को सम्मानित किया तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किए। यह आयोजन संगठन की सामाजिक और राजनीतिक प्रतिबद्धता का प्रमाण बन गया। दिल्ली के पंत रोड स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में भगवान परशुराम के बैनर तले सामाजिक समरसता सम्मेलन का आयोजन भी किया गया, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन की अध्यक्षता भगवान परशुराम सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री अरुण दीक्षित ने की, जबकि विशेष अध्यक्ष के रूप में राजस्थान एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री कलराज मिश्र मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता रहीं, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री श्रीमती बॉबी रानी मोया ने भी अपनी सशक्त उपस्थिति से मंच को गौरवांवित किया। यह आयोजन सामाजिक एकता, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के पुनर्जागरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिसमें अनेक समुदायों और वर्गों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

## हाशमी गर्ल्स पीजी कॉलेज योग दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



अमरोहा। हाशमी गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज में योग दिवस गोश्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज की छात्राओं ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया और अपने अपने विचार रखे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रिजवाना कुलसूम ने छात्राओं को अवगत कराते हुए कहा कि योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर में योग के महत्व को बढ़ावा देने और लोगों को योग के अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। कॉलेज के प्रबन्धक डॉ0 सिराज उददीन हाशमी ने योग के बारे में बताया कि इस दिन विशेश रूप से योग के फायदे और योग के माध्यम से जीवन में संतुलन स्थापित करने का सही तरीका है। डॉ0 नीलम रस्तोगी ने छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि योग से तनाव कम होता है, रक्तचाप नियंत्रित रहता है, लचीलापन बढ़ता है, और शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है, इसलिए योग को दैनिक जीवन में शामिल किया जा सकता है। डॉ0 दीपिका शर्मा ने छात्राओं से योग के बारे में सवाल भी पूछे। और उन्हें अवगत भी कराया। डॉ0 बबीता सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम योग को कैसे लोकप्रिय बनाये, और योग के अभ्यास के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## बृहद गौ संरक्षण केंद्र याकूबपुर का पशुधन मंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण

### ग्राम प्रधान, ग्राम सेक्रेटरी व पशु चिकित्सक करेंगे गम्भीरता के साथ गौ संरक्षण केंद्र की देखभाल

प्रात : किरण संवाददाता



स्योहारा/सहसपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह ने गौ वंश की सेवा तथा संरक्षण के लिए तैयार किए गए वृहद गौ संरक्षण केंद्र याकूबपुर का वर्चुअल (ऑनलाइन) लोकार्पण किया। गौरतलब है कि जनपद बिजनौर की तहसील धामपुर के ब्लॉक बुढ़नपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सहसपुर देहात के ग्राम याकूबपुर में 21 मई को गौ सेवा व संरक्षण हेतु बनाए गए बृहद गौ संरक्षण केंद्र लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने कार्यक्रम में पहुंचकर फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअल ही पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश की लोकप्रिय सरकार आज गौ वंश की सेवा और संरक्षण के लिए भरसक प्रयास कर रही है और उनके ही अथक प्रयासों से आज पूरे उत्तर प्रदेश में गौ सेवा संरक्षण केंद्र खोले जा रहे हैं जिनके माध्यम से आज पूरे उत्तर प्रदेश हजारों की तादाद में बेसहारा गोवंश की सेवा व संरक्षण हो रहा है। सहसपुर देहात के ग्राम प्रधान मौहम्मद आदिल ने बताया कि खोले गए वृहद गौ संरक्षण केंद्र की देखभाल ग्राम प्रधान ग्राम , सेक्रेटरी व पशु चिकित्साधिकारी को दी गई है जो नियमित रूप से पूरी तरह गम्भीरता के साथ उसकी देख भाल करँगे।कार्यक्रम का संचालन पी.एस.कोहली उप मुख्य चिकित्साधिकारी व ग्राम पंचायत सहायक आसिफ अली ने संयुक्त रूप से किया और अध्यक्षता ग्राम प्रधान मौ.आदिल ने की। लोकार्पणपर कार्यक्रम में लोकेश कुमार अग्रवाल मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, खंड विकास अधिकारी रामकुमार आदि सहित ब्लॉक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध : रेखा गुप्ता ने अमित शाह से मुलाकात के बाद कहा

नई दिल्ली, । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को यमुना की सफाई के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि वह नदी को स्वच्छ बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। यमुना पुनरोद्धार प्रयासों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से मुखातिब गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण यमुना को उसके उद्गम स्थल से लेकर अंतिम बिंदु तक स्वच्छ बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा, केंद्र और दिल्ली सरकार यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम नदी के उस हिस्से पर काम कर रहे हैं, जो दिल्ली से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा, बैठक में जल शक्ति मंत्रालय और दिल्ली सरकार के अधिकारी मौजूद थे। हम स्वच्छ यमुना के लक्ष्य की ओर कदम दर कदम आगे बढ़ रहे हैं। आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में वजीराबाद और ओखला के बीच यमुना का 22 किलोमीटर लंबा हिस्सा, जो नदी की कुल लंबाई का दो फीसदी से भी कम है, इसमें 80 प्रतिशत प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है।

## दिल्ली: नई जेलों के लिए जमीन की तलाश में विभिन्न एजेंसियों के साथ बैठक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने तिहाड़ जेल में कैदियों की संख्या कम करने की दिशा में वैकल्पिक सुविधाओं के लिए भूमि की तलाश में भूमि स्वामित्व वाली कई एजेंसियों के साथ बैठकें की हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने बजट भाषण में तिहाड़ जेल के मौजूदा परिसर को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर नए जेल परिसर के विकास के लिए एक नई योजना की घोषणा की थी।

एक अधिकारी ने बताया, सरकार के गृह विभाग ने भूमि व विकास कार्यालय, राजस्व और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) जैसी भूमि स्वामित्व एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठकें शुरू कर दी हैं।

अधिकारी मौजूदा सुविधाओं को देखने और कैदियों की भीड़ को कम करने के तरीकों पर विचार करने के लिए अगले सप्ताह तिहाड़ का दौरा करेंगे। अधिकारी ने बताया कि दौरे के दौरान वे देखेंगे कि नए जेल परिसरों के बनने तक तिहाड़ में मौजूदा सुविधाओं के हिसाब से भीड़भाड़ को कैसे कम किया जा सकता है। तिहाड़ में कैदियों की क्षमता दोगुनी से भी ज्यादा है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, तिहाड़ की क्षमता 5,200 कैदियों की है, लेकिन इसमें 12,945 कैदी रहते हैं। तिहाड़ को नौ केंद्रीय कारागारों में से सबसे बड़े जेल परिसरों में से एक माना जाता है। सरकार ने नरेला में एक नई उच्च सुरक्षा वाली जेल के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इस जेल का वास्तुशिल्प डिजाइन अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की ऐतिहासिक ह्यसेलुलर जेल से प्रेरित होगा। अधिकारी ने बताया, नरेला जेल भी तिहाड़ के कैदियों की भीड़ को कम करने का एक हिस्सा है।

निविदा जारी होने के बाद हम 21 महीने में जेल तैयार करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बताया, इसके बाद करीब 250 से 300 कुख्यात कैदियों को तिहाड़ से नरेला भेजा जाएगा। केंद्र ने इस जेल के निर्माण के लिए पहले ही 100 करोड़ रुपये आवंटित कर दिए हैं और बाकी 40 करोड़ रुपये दिल्ली सरकार वहन करेगी।

## रोडरेज के बाद कारोबारी की कार से 25 लाख चोरी कर ले गए बदमाश

नई दिल्ली, । सरिता विहार इलाके में 21 मई की रात रोडरेज के बाद बाइक सवार बदमाशों ने कारोबारी की कार से 25 लाख रुपये से भरा बैग चोरी कर लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त रवि कुमार ने बताया कि एनएफसी इलाके में रहने वाले 46 वर्षीय नवीन बसंल श्री श्याम ट्रेडिंग कंपनी चलाते हैं। पीड़ित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह बुधवार रात अपने दफ्तर से घर लौट रहे थे। रास्ते में ओखला टैंक बस स्टॉप के पास उनकी गाड़ी एक बाइक से टकरा गई। बाइक सवार बदमाशों ने जबरन उनकी गाड़ी रुकवाई और उनसे झगडा करने लगे। इसी दौरान पीछे से अन्य बाइक सवार आया और दोनों का एक हजार रुपये में समझौता करवा दिया। कारोबारी ने घर आकर अपनी कार से सामान निकाला। इस दौरान रुपयों वाला बैग गायब था। पीड़ित ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर ओखला टैंक से लेकर सरिता विहार पर तक लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त की है। पुलिस आशंका जता रही है कि रैकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया गया है।

## तीन तकनीकी अनुसंधान परियोजनाओं पर काम करेगा आईआईटी दिल्ली

नई दिल्ली, 22 मई (वेब वार्ता)। आईआईटी दिल्ली जापान की एक कंपनी के साथ कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के अंतर्गत तीन तकनीकी अनुसंधान परियोजनाओं पर काम करेगी। इनमें कम लागत, उच्च टॉर्क घनत्व वाला, रियर्ड-अर्थ मैग्नेट पर आधारित इलेक्ट्रिक वाहन मोटर का विकास, स्मार्ट फैब्रिक और इनोवेटिव डिजाइन प्रोटोटाइप की 3डी प्रिंटिंग, ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए इलेक्ट्रोलाइसिस सेल का निर्माण शामिल है। आईआईटी दिल्ली की प्राध्यापक प्रो. प्रीति रंजन पांडा ने कहा कि पिछले वर्षों में होरीबा इंडिया की ओर से सीएसआर के तहत विशेष रूप से दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए दी गई तकनीकी सहायता ने उनके शैक्षिक अनुभव में सकारात्मक बदलाव लाया है। अब तीन प्रमुख तकनीकी क्षेत्रों में इस नई साझेदारी से विद्यार्थियों और शोधकताओं को और अधिक अवसर मिलेंगे, जो आने वाले समय में मजबूत शोध और नवाचार की नींव बनेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बाजार में महिला की चेन और मंगलसूत्र चोरी

ट्रांस हिंडन, । कौशांबी थानाक्षेत्र स्थित बाजार में महिला की चेन और मंगलसूत्र पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। वैशाली सेक्टर एक की क्लॉउड नाइन सोसाइटी में रहने वाली नीलेश ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 20 मई की शाम को उनकी मां पास के बाजार में फर्नीचर की खरीदारी करने गई थीं। जब वह घर लौटीं तो चेन और मंगलसूत्र गायब था। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर जांच की जा रही।

### योगाभ्यास और खेलों से हुई समर कैंप की शुरूआत

गाजियाबाद, । विजय नगर स्थित राजकीय कन्या विद्यालय में गुरुवार से 20 दिवसीय समर कैंप की शुरूआत हुई। कैंप का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. विभा चौहान ने किया। कैंप में पहले दिन छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। इसके बाद खेलकूद आदि गतिविधियां भी कराई गईं। प्रधानाचार्या ने बताया कि छात्राओं के समग्र विकास के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कला, साहित्य, खेलकूद समेत विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंप 21 मई से शुरू होना था, लेकिन 21 मई को उनके स्कूल में नर्सिंग की परीक्षा होने के चलते गुरुवार से समर कैंप शुरू कराया गया।

### व्यापारी रिटर्न में एक हजार रुपये का टैक्स जरूर भरें

गाजियाबाद, । जीएसटी अधिकारियों और व्यापारियों के बीच सामान्य स्थापित करने के उद्देश्य राकेश मार्ग पर गुरुवार को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जीएसटी विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड वन मानवेंद्र सिंह ने व्यापारियों से कहा कि वे अपनी रिटर्न शून्य (निल) भरने के बजाय कम से कम 1000 का टैक्स अवश्य भरें। यह व्यापारियों के लिए काफी लाभप्रद होता है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने पंजीकृत व्यापारी की आकस्मिक मृत्यु होने पर दस लाख रुपये का बीमा की योजना बनाई है। गाजियाबाद में पिछले साल आकस्मिक मृत्यु होने पर तीन व्यापारियों के मृतक आश्रितों को 10-10 लाख रुपये के चेक दिए गए थे। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने किया। इस अवसर पर गौरव गर्ग, उदित मोहन गर्ग, अंकुर गर्ग, विजय चौहान, कफील मलिक, ब्रह्मपाल यादव श्याम किशोर शुक्ला सहित व्यापारी मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से सुरक्षाकर्मी की मौत

ट्रांस हिंडन, । कौशांबी थानाक्षेत्र में आयकर भवन के सुरक्षाकर्मी की बाइक से टक्कर के बाद मौत हो गई। हादसा 18 मई को हुआ। उनकी पत्नी ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। दिल्ली के गांधीनगर में रहने वाले विपिन साह वैशाली स्थित आयकर भवन में तैनात थे। उनकी पत्नी पंकिता देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 मई की रात पति ड्यूटी पर जा रहे थे। आयकर भवन के पास रात पौने 10 बजे तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल विपिन को पास के अस्पतालमें भर्ती कराया गया। 20 मई को उनकी मौत हो गई। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर चालक को तलाश रही है।

### पुलिस ने आठ अभियुक्तों को जिलाबदर किया

गाजियाबाद, । कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने आठ अभियुक्तों को जिलाबदर किया है। सभी अभियुक्त छह महीने तक कमिश्नरेट की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। पुलिस का कहना है कि समाज में भय पैदा करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ गुंडा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। एडिशन सीपी आलोक प्रियदर्शी की कोर्ट ने आठ अभियुक्तों के खिलाफ गुंडा अधिनियम के तहत जिला बदर की कार्रवाई की है। महिला संबंधी अपराध, हत्या, हत्या के प्रयास, बलवा, लूट, डकैती, चोरी और पशु क्रूरता करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। जिला बदर किए गए सभी आरोपियों को छह माह के लिए कमिश्नरेट की सीमा में न घुसने के लिए आदेशित किया गया है। जिन अभियुक्तों को जिलाबदल किया गया है, उनमें विक्रम सिंह निवासी बुद्ध विहार कॉलोनी वैशाली सेक्टर-1 थाना कौशांबी, वाजिद निवासी शालीमार गार्डन, नदीम निवासी डासना थाना वेवसिटी, सौरभ राणा निवासी राहुल विहार प्रथम थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक, समीर निवासी गणेशपुरी थाना शालीमार गार्डन, वसीम कबाड़ी उर्फ वसीम निवासी हरमुखपुरी थाना मोदीनगर और अंकित मावी निवासी ग्राम सिकरानी थाना लोनी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि जिला बदर किए गए ज्यादातर अभियुक्तों के खिलाफ संगीन धाराओं के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि कमिश्नरेट पुलिस वर्ष 2025 में अब तक नौ अभियुक्तों को जिला बदर कर चुकी है। जबकि एक अभियुक्त को थाने पर हाजिर देने के लिए आदेशित किया गया है।

## हरियाणा में BJP विधायकों को मिली पांच-पांच करोड़ रुपये के काम कराने की पावर, उट नायब को सौपेंगे कार्यों की सूची

प्रात : किरण संवाददाता



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में चल रही धन्यवाद रैलियों के बीच विधायकों को पांच-पांच करोड़ रुपये के काम कराने का प्रस्ताव दिया है। इन कार्यों की सूची विधायकों को इसी माह तक मुख्यमंत्री को सौंपनी है, ताकि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर विधायकों के कामों को मंजूरी प्रदान कराई जा सके। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री रहते हुए विधायकों को पांच-पांच करोड़ रुपये के काम देने की सुविधा प्रदान की थी, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जारी रखने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी इससे पहले विधायकों से पहले एक करोड़ और फिर दो-दो करोड़ रुपये के कार्यों संबंधी प्रस्ताव लेकर उनके काम करवा चुके हैं। तीन दिन पहले चंडीगढ़ में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में कुछ विधायकों ने प्रस्ताव रखा कि जिस तरह से पहले विधायकों को अधिकाधिक काम कराने की सुविधा थी, उसी तर्ज पर पुरानी प्रक्रिया को जारी रखा जाना चाहिए।

## खुदकुशी का पोस्ट करने वाली युवती को बचाया

नोएडा, । फेज-2 थाने की पुलिस ने बुधवार शाम मेट्रो के आगे कूदकर खुदकुशी करने की पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने वाली युवती को समय रहते बचा लिया। पुलिस टीम ने उसकी काउंसलिंग कराई तो युवती ने भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन दिया। एक ही सप्ताह में इस तरह का यह दूसरा मामला है। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सेक्टर-129 निवासी युवती इंग्लिश ऑनर्स की छात्रा है। उसने बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। वीडियो में वह मेट्रो के आगे कूदकर जान देने की बात कर रही थी। लखनऊ स्थित सोशल मीडिया के मुख्यालय से इस बारे में सूचना मिली। सूचना के बाद युवती के मोबाइल की लोकेशन के आधार पर फेज-2 थाने की पुलिस सक्रिय हो गई। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने पहले आसपास के मेट्रो स्टेशन को चेक किया और इसके बाद वह डिटेल के अनुसार छात्रा के घर पहुंची। जहां वह अपने कमरे में थी। पुलिस के अनुसार छात्रा किसी निजी कारण से परेशान थी। इसके चलते उसने पोस्ट डाला था। समय पर पहुंच कार्रवाई करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया गया है। बता दें कि कुछ समय पहले फेज-3 थाने क्षेत्र में युवती ने सोशल मीडिया पोस्ट के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया था। मेटा से मिली सूचना के बाद उसकी जान बचाई गई थी। डीसीपी ने बताया कि पुलिस मेटा से आत्महत्या के संबंध में पोस्ट आने पर समय पर मिली जानकारी पर प्रदेश में 900 से अधिक लोगों की जान बचा चुकी है।

## तीन हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल पर तैयार होगी धान की नर्सरी

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। इस बार मानसून के जल्द आने की आहट के बीच किसान धान की नर्सरी की तैयारी में जुट गए हैं। खेतों को तैयार करने के साथ ही खाद-बीज का बंदोबस्त किया जा रहा है। उधर, कृषि विभाग किसानों को अनुदान रेट पर धान का प्रमाणित बीज मुहैया करा रहा है। जिले में 26 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल पर धान की रोपाई की जाएगी। तीन हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल पर धान की नर्सरी डाली जाएगी। धान की नर्सरी डालने का पीक समय शुरू हो चुका है। किसान धान की नर्सरी डालने में जुट गए हैं। 20 मई से जून के पहले सप्ताह तक किसान धान की नर्सरी डालेंगे। जून के दूसरे सप्ताह से धान की रोपाई का कार्य शुरू होगा। 15 जुलाई तक धान की रोपाई की जाएगी। किसान धान की नर्सरी डालने के लिए खेतों को तैयार करने के साथ-साथ बीज का बंदोबस्त कर रहे हैं। उप कृषि निदेशक राम प्रवेश ने बताया कि किसानों को धान का प्रमाणित बीज मुहैया कराया जा रहा है। राजकीय बीज भंडार केंद्रों पर धान बीज का वितरण शुरू हो गया है। किसान 20 दिन की पौध होने पर रोपाई करें। धान की नर्सरी डालने से पहले बीज का शोधन अवश्य करें। इससे धान की फसल में बीमारी कम लगेंगी और पैदावार अधिक होगी।

## फरीदाबाद : सस्ता इलेक्ट्रानिक सामान बेचने के नाम पर 17 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद, । फरीदाबाद पुलिस ने एक व्यक्ति से 17 लाख 10 हजार रुपए की ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ठग ने इंस्टाग्राम पर सस्ते इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने का झांसा देकर ठगी की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुंबई के जलगांव स्थित नवजीवन सोसाइटी निवासी निखिल के तौर पर हुई है। पुलिस ने उसे गुरुवार कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। जानकारी अनुसार फरीदाबाद के सेक्टर-85 स्थित बीपीटीपी पार्क एलीट फ्लोर निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी गई शिकायत में बताया कि वह इंस्टाग्राम पर सर्फिंग कर रहा था। तभी उसकी नजर मोबि-लीजेंड नामक एक इंस्टाग्राम आईडी पर पड़ी। प्रोफाइल में सस्ते इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने का दावा किया गया था, जिससे प्रभावित होकर उसने संपर्क किया। उक्त इंस्टाग्राम प्रोफाइल के बायो में दिए गए वॉट्सऐप बिजनेस नंबर के माध्यम से पीड़ित ने संपर्क साधा। वॉट्सऐप पर बातचीत के दौरान आरोपियों ने उसे विभिन्न प्रकार के ब्रांडेड इलेक्ट्रॉनिक सामान बेहद कम दामों में उपलब्ध कराने का झांसा दिया। विश्वास में लेकर आरोपियों ने उससे कई ट्रांजैक्शन के जरिए 17 लाख 10 हजार 180 रुपए की राशि अपने खातों में डलवा ली। उसको सामान नहीं मिला और संपर्क करने पर कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर टीम ने महाराष्ट्र के जलगांव स्थित नवजीवन सोसाइटी निवासी निखिल नामक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह इंस्टाग्राम पर फर्जी विज्ञापन चलाकर सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स का झांसा देता था और वॉट्सऐप के जरिए लोगों से संपर्क करता था। आरोपित द्वारा दी गई बैंक डिटेल्स में पैसे जमा करवाए जाते थे। जिन खातों में ठगी के पैसे आते थे, उन खातों से जुड़े एटीएम कार्ड और सिमकार्ड आरोपी खुद अपने पास रखता था ताकि कैश आसानी से निकाला जा सके। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी वर्तमान में जलगांव में ऑटो पार्ट्स की दुकान चला रहा था और ठगी से अर्जित पैसे का इस्तेमाल निजी खर्चों में करता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिससे उससे और पूछताछ कर अन्य मामलों का भी खुलासा किया जा सके।

## हिमाद्री ने ग्लोबल बैटरी मैटेरियल्स के विकास को बढ़ावा देने और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र की अगुवाई के लिए IBC में निवेश किया



नई दिल्ली,विश्व स्तर पर स्पेशलिटी केमिकल्स का निर्माण करने वाली प्रमुख कंपनी, हिमाद्री स्पेशलिटी केमिकल्स लिमिटेड (HSCL) ने इंटरनेशनल बैटरी कंपनी (IBC) में 4.43 मिलियन अमरीकी डॉलर (लगभग 37.47 करोड़) के रणनीतिक निवेश के साथ 16.24% हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा की है। यह केमिस्ट्री-एग्नोस्टिक प्रिज्मेटिक सेल टेक्नोलॉजी विकसित करने वाली कंपनी है, जिसका मुख्यालय अमेरिका में स्थित है। वरीयता प्राप्त और सामान्य शेयरों के माध्यम से किए गए इस निवेश से हिमाद्री को IBC के बोर्ड में जगह मिली है। यह हिमाद्री के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो इसके LFP कैथोड एक्टिव तथा एनोड मैटेरियल्स के व्यावसायिक स्तर पर उपयोग की शुरूआत को दशार्ता है। IBC दुनिया भर के बाजारों में ऊर्जा के भंडारण तथा मोबिलिटी क्षेत्र में उपयोग के लिए डिजाइन की गई प्रिज्मेटिक सेल टेक्नोलॉजी में इनोवेशन करने वाली एक प्रमुख कंपनी है। यह दक्षिण कोरिया में 50टहँ की क्षमता वाली लिथियम-आयन बैटरी सेल फैसिलिटी का संचालन करता है, जिसका उत्पादन साल 2023 में शुरू हुआ। इसके अलावा, महानगर गैस लिमिटेड (MGL, जो GAIL की सहायक कंपनी है) तथा क्ह्उ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त उद्यम के जरिये भारत के बेंगलुरु में एक गीगाफैक्ट्री विकसित की जा रही है, जिसमें MGL की हिस्सेदारी 44% है। वित्त-वर्ष 26 की चौथी तिमाही तक बेंगलुरु के गीगाफैक्ट्री का संचालन शुरू हो जाएगा। कंपनी ने क्ह्उ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के जरिये भारत में ऊर्जा के क्षेत्र में बदलाव में अहम भूमिका निभाने का लक्ष्य रखा है। बेंगलुरु में स्थित कंपनी का यह केंद्र अंतिम छोर के इ2इ फ्लीट प्रोवाइडर्स के साथ-साथ दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों के डएट२ की जरूरतों को पूरा करेगा, साथ ही विश्व स्तर पर बैटरी सेल निर्यात में भी अपना सहयोग देगा। IBC ने एश बाजार में पहले ही अपनी पैठ बना ली है, जिसमें 500 से ज्यादा EVs पहले से ही इसके NMC-आधारित प्रबल 1000 (NMC-622 कैथोड केमिस्ट्री) लिथियम-आयन सेल की मदद से बनाए गए बैटरी पैक के साथ काफी अच्छी तरह से आवागमन कर रहे हैं, जिनका निर्माण फिलहाल दक्षिण कोरिया में किया जाता है। फिलहाल IBC के पास 6 ग्राहकों से 4,300 इलेक्ट्रिक 2-व्हीलर का ओपन ऑर्डर बुक है। IBC बेंगलुरु गीगाफैक्ट्री के जरिये MGL के वाहनों की कैप्टिव एनर्जी की मांग को पूरा करने के लिए भी तैयार है। क्ह्उ फिलहाल हिमाद्री के LFP कैथोड एक्टिव और एनोड मैटेरियल्स का उपयोग करके अपने LFP-आधारित प्रबल 2000 को विकसित कर रहा है, और हिमाद्री के साथ साझेदारी के तहत प्रोडक्ट के लिए बेहद दमदार रोड में तैयार किया गया है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

**नोडल अधिकारी को झोलाछाप डाक्टरों, अपंजीकृत अस्पतालों एवं क्लीनिकों, अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर कार्यवाही की रिपोर्ट सहित तलब होने के निर्देश**



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आभा आईडी परिवार नियोजन आयुष्मान गोल्ड कार्ड संस्थागत प्रसव ओपीडी एवं आईपीडी की प्रगति चिकित्सकों की उपलब्धता सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की एक-एक करके समीक्षा कर प्रगति को परखा।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कितने सीएससी क्रियाशील है रात में खुल रहे हैं या नहीं जानकारी ली। संतोष जनक जवाब न मिलने पर कहा कि कोई भी रात में नहीं खुल रहा है।जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर हेल्थ एटीएम नहीं चल रहे हैं उनको ठीक कराया जाए और इसमें कोई भी लापरवाही ना हो संचालित रहें। झोलाछाप डॉक्टर अपंजीकृत अस्पतालों क्लीनिकों अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर क्या कार्यवाही की गई है जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताए जाने पर की नोडल अधिकारी छुट्टी पर हैं जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त कर अगले दिन रिपोर्ट सहित कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए कहा कि यह बताया जाए कि कितने झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही की गई कितने अस्पताल क्लीनिक सील किए गए जिम्मेदार बताएं इसमे कोई भी लापरवाही न हो। कहा कि अभियान चलाकर अपंजीकृत अवैध अस्पतालों क्लिनिको पर करवाई किया जाए। अर्बन पीएससी नल नई बस्ती के डॉक्टर द्वारा लगातार बैठकों में अनुपस्थित होने और कोई पत्र का भी जवाब न देने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्पष्टीकरण लिया जाए यदि जवाब नहीं दिया गया तो सेवा समाप्ति के लिए प्रस्ताव बनाएं । इसी प्रकार अर्बन स्ट्रँ कुरेशी के डॉक्टर की प्रगति खराब होने नोटिस देने के बावजूद जवाब न देने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। जोया सीएचसी में कुल कराई गई डिलीवरी की जानकारी ली,और जवाब संतोषजनक न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा डिलीवरी कराई जा रही है इस पर रोक लगाई जाए। आशा को नोटिस दिया जाए। जिलाधिकारी ने सरकारी अस्पतालों में कराई गई डिलीवरी की समीक्षा किया सरकारी अस्पतालों में कम डिलीवरी होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर कहा की अभियान चला कर करवाई किया जाए सरकारी अस्पतालों में डिलीवरी सुनिश्चित कराई जाए। कहा की अधिकतर डिलीवरी निजी चिकित्सालय में कराई जा रही है यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए कहा कि बीसीजी का टीका जन्म लेने वाले बच्चों को समय से लग जाए यह सुनिश्चित हो।एन बी एस यू सीएनसीयू में प्रवेश की स्थिति को बढ़ाया जाए। कहा की जो आशाएं और संगिनी कार्य नहीं कर रही हैं उनको हटाया जाए। जिलाधिकारी ने आभा आईडी ई कवच की समीक्षा कर प्रगति सुधारने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्यपाल सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग डॉक्टर मौजूद रहे।

## फरीदाबाद : प्लांट हेड का पैर तोड़ने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



फरीदाबाद, । फैक्टरी से निकाले जाने की रंजिश में प्लांट हेड का पैर तोड वाले तीन आरोपियों को थाना मुजेसर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस थाना मुजेसर में महेश चंद निवासी गाजीपुर, नंगला रोड, फरीदाबाद ने दी अपनी शिकायत मे आरोप लगाया कि वह एक फैक्ट्री में प्लांट हेड के तौर पर काम करता है तथा उसी फैक्ट्री में आकाश नाम का ड्राइवर भी काम करता था, जो शराब पीकर गाड़ी चलाता था और फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों के साथ लड़ाई झगड़ा भी करता था जिसके कारण उसे नौकरी से निकाल दिया था। करीब छह दिन पूर्व जब शिकायतकर्ता घर जा रहा था तभी आकाश और उसके तीन साथियों ने उसको रास्ते में रोक कर मार पिटाई की, जिसमें उसका पैर टूट गया तथा वह घायल हो गया। । जिस संबंध में पुलिस थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं मे मामला दर्ज किया गया। पुलिस थाना मुजेसर की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आकाश, प्रदीप व विकास निवासी गाँव नवादा, फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुछताछ में सामने आया कि आरोपी आकाश ने अपनी गाड़ी अनुबंधन पर फैक्ट्री में लगा रखी थी। उसके गलत व्यवहार और काम के समय शराब पीने की आदत को देखते हुए फैक्ट्री के प्लांट हेड ने उसकी गाड़ी का अनुबंधन खत्म कर दिया। जिसकी रंजिश रखते हुए आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर फैक्ट्री के प्लांट हेड को पिटने की योजना बनाई और अपने साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की व उसका पैर तोड़ दिया।

## नोएडा स्टेडियम में सीरिंज और एंटी एलर्जिक दवा मिलीं

नोएडा, । नोएडा स्टेडियम में एक दर्जन से अधिक सीरिंज और एंटी एलर्जिक इंजेक्शन के वायल मिले। संभवतः इनका इस्तेमाल नशे के लिए किया गया होगा। इस बारे में प्राधिकरण के अधिकारी कुछ भी नहीं बोल रहे। स्टेडियम के बाहर स्थित डॉली पेट्रोल पंप और क्रिकेट स्टेडियम के पीछे के हिस्से में फेनिरामाइन इंजेक्शन के वायल मिले। इसी के आसपास सीरिंज भी फेंकी मिलीं। क्रिकेट स्टेडियम के पीछे पीपल के पेड़ के पास शराब की कई बोतलें मिलीं। इस स्थान पर सुबह और शाम कई लोग आकर टहलते हैं। ऐसे में सीरिंज की निडिल चुभने से लोगों को संक्रमण का खतरा हो सकता है। स्टेडियम में सीरिंज और एलर्जी के इलाज में इस्तेमाल आने वाला इंजेक्शन (दवा) को स्टेडियम में लाना नशेड़ियों का काम हो सकता है, क्योंकि ऐसे लोगों द्वारा एलर्जी की दवा का उपयोग नशे के लिए किया जाता रहा है। सेक्टर-12 के रोहित बताते हैं कि मैं प्रतिदिन यहां व्यायाम और योग करने आता हूं। अंधेरा होते ही पेड़ों की आड़ में लोग गांजा पीते हैं। जिले के एक पूर्व ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि फेनिरामाइन इंजेक्शन सभी तरह की एलर्जी के इलाज में काम आता है। यह इंजेक्शन डॉक्टर के पर्चे पर मिलने वाली दवा है। ऐसे में अगर स्टेडियम में यह इंजेक्शन मिला है तो इसका दुरुपयोग हो सकता है, क्योंकि यह दवा दिमाग को शिथिल करती है।

## तस्कर 10 लाख के गांजा के साथ गिरफ्तार




प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा, । फेज-2 थाने की पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर करीब 51 किलोग्राम गांजा बरामद किया। गांजे की बाजार कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार किए आरोपी ओडिशा और विशाखापट्टनम से ट्रेन के जरिये गांजा एनसीआर में लाते थे। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बुधवार को सूचना के आधार पर ककराला गांव से गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान पश्चिम बंगाल के जिला मुर्शिदाबाद के मावड़ा गांव निवासी रंजन प्रधान और जयंत मंडल के रूप में हुई। रंजन आठवीं और जयंत नौवीं पास है। दोनों आरोपी पिछले तीन-चार माह से एनसीआर में सक्रिय हैं। ये लोग कॉलेज, पीजी और आसपास के क्षेत्र में स्थानीय एजेंट को गांजे की तस्करी करते थे। डीसीपी ने बताया कि कुछ समय पहले ही ट्रेन से गांजा सप्लाई करने वाले गांजा तस्करों को पकड़ा गया था। उनके मोबाइल से दोनों आरोपियों के नंबर मिले थे। इन नंबर को ट्रैक कर दोनों को पकड़ा गया। आरोपी विशाखापट्टनम और ओडिशा से गांजा ट्रेन के जरिये लाते थे। ऊपर से सामान रखते थे और बीच में गांजा होता था। इसके बाद दिल्ली से पहले किसी भी स्टेशन पर उतरकर ये लोग एनसीआर में अपने स्थानीय सप्लायर से मिलकर उनको सप्लाई के लिए गांजा देते थे। इनके मोबाइल से भी काफी नंबर मिले हैं, जिसमें गांजा खरीदने वाले भी शामिल हैं। उनकी गिरफ्तारी भी जाएगी। व्हाट्सऐप के जरिये करते थे बातचीत दोनों आरोपी हमेशा व्हाट्सऐप कॉल पर बात करते थे। इसके अलावा एक स्थान पर नहीं रहते थे। हर बार अपनी लोकेशन बदलते थे। ये गांजा एक साथ नहीं रखते थे। थोड़ा-थोड़ा करके गांजा अलग-अलग लोकेशन पर रखते थे। मांग आने पर गांजा सप्लायर को दिया जाता है। ये ऑनलाइन मांग पर भी गांजा सप्लाई करते थे। पुलिस खंगाल रही आरोपियों का रिकॉर्ड पुलिस इनका रिकॉर्ड खंगाल रही है। इनके और भी साथी हो सकते हैं। जिनकी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। इसके अलावा उन लोकेशन को भी देखा जा रहा है जहा ये गांजा की सप्लाई किया करते थे। आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को कई अहम सुराग भी मिले हैं।

## फरीदाबाद : अवैध हथियार सहित तीन युवक काबू, तीन देसी कट्टे बरामद

प्रात : किरण संवाददाता



फरीदाबाद, । अवैध हथियार रखने वालों पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को क्राईम ब्रांच सेक्टर 85, क्राईम ब्रांच उंचा गांव व क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले तीन आरोपियों को तीन देसी कट्टों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि क्राईम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने अपने गुप्त सुत्रो से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अनीत निवासी बालाजी कालोनी गांव करनेरा फरीदाबाद को सेक्टर 17 पुल एरिया से, क्राईम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने गुरदत्त(35) निवासी गांव फज्जूपुर छांयसा फरीदाबाद को सेक्टर-78 व क्राईम ब्रांच एनआईटी ने अब्दुल(19) निवासी गांव खौरी सुरजकुण्ड को गांव खौरी से देशी कट्टा सहित काबू किया। सभी के खिलाफ संबंधित थानों में शास्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गये हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अनीत ने देशी कट्टा सदर बाजार दिल्ली से किसी व्यक्ति से 45 सौ रुपए में खरीदा था। आरोपी गुरदत्त(35) देसी कट्टा नोएडा से किसी व्यक्ति से तीन हजार रुपए में खरीद कर लाया था। वहीं आरोपी अब्दुल(19) देसी कट्टा अपने गांव से किसी व्यक्ति से तीन हजार रुपए में खरीद कर लाया था। तीनों आरोपियो को पुछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## मीट विक्रेता का लाइसेंस निलंबित

अमरोहा। खाद्य विभाग के सहायक आयुक्त विनय कुमार ने शहर में एक मीट विक्रेता का लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की है। बताया कि जिस विक्रेता के नाम लाइसेंस था, उसकी मृत्यु हो चुकी है। उसका बेटा मीट की दुकान संचालित कर रहा है। दुकान का लाइसेंस निलंबित कर पुलिस से जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है।

## शादी का झांसा देकर महिला ने शख्स से एक करोड़ की रंगदारी मांगी



ग्रेटर नोएडा, । थाना बिसरख में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक महिला ने शादी का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसाया और लाखों रुपए ठगे। अब महिला उसकी जान को खतरा बताते हुए एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांग रही है। पैसे न देने पर महिला ने हत्या करवाने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है, जिससे पीड़ित डरा-सहमा हुआ है। पीड़ित नारायण, जो जनपद मथुरा का रहने वाला है और समाजसेवी के तौर पर यूट्यूब व फेसबुक पर वीडियो बनाता है, ने बताया कि फेसबुक पर उसकी मुलाकात सान्वी कपूर नाम की महिला से हुई। महिला ने धीरे-धीरे उससे दोस्ती बढ़ाई और शादी का वादा कर उसे अपना शिकार बनाया। इसके बाद महिला ने उससे लगभग 6 लाख 50 हजार रुपए और एक सोने की चेन ले ली। कुछ समय बाद नारायण को पता चला कि सान्वी कपूर शराब पीती है, क्लब जाती है और अन्य पुरुषों के साथ भी घूमती है। साथ ही उसे यह भी जानकारी मिली कि सान्वी ने पहले दो शादियां कर रखी हैं। यह जानकर नारायण ने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद सान्वी और उसके परिजनों ने नारायण से संपर्क कर गाली-गलौज और धमकी दी। उन्होंने एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी और कहा कि अगर पैसे नहीं दिए गए तो वे उसकी हत्या करवा देंगे या झूठे मुकदमे में फंसवा देंगे। नारायण इस धमकी से बहुत डरा हुआ है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। यह मामला सोशल मीडिया के जरिए फंसे युवक की धोखाधड़ी और फिर रंगदारी मांगने की गंभीर घटना के रूप में सामने आया है। पुलिस लोगों को सतर्क रहने और सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने की सलाह दे रही है।

## इंसानी जिंदगी को सही रखने के लिये दिनचर्या का सही होना बहुत जरूरी: डा.शालीमार

प्रात : किरण संवाददाता



स्योहारा। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्ज सेंटर दिल्ली के गैस्ट्रोलॉजी विभाग के एचओडी ने इंसान को शराब के सेवन से दूर रहने की भी सलाह दी। स्टेशन रोड़ स्थित डा.सुआलेह अहमद के आवास पर दिल्ली एम्स के गैस्ट्रोलॉजी विभाग के एचओडी डा.शालीमार ने बताया कि अल्कोहल हमारे लीवर व पेट के लिए बहुत ही खतरनाक है अल्कोहल कम पिये या ज्यादा पिये इसका असर लंबे समय तक दिखाई नहीं देता है मगर जब दिखाई देता है और मरीज को पता चलता है तब तक लीवर में बहुत ज्यादा नुकसान हो चुका होता है। प्रोफेसर शालीमार ने बताया कि हमारे पास ओपीडी में जितने भी लीवर डिजीज के मरीज आते हैं उसमें से अधिकतर चालीस से पचास प्रतिशत तक अल्कोहल का सेवन करने वाले होते हैं। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग एचओडी बताया कि शराब के सेवन से मुंह का कैंसर खाने के रास्ते का कैंसर,स्टमक कैंसर, इंटेस्टाइन का कैंसर आदि अधिकतर होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमें लिवर फैलियर, हेपेटाइटिस, नॉन अल्कोहल फैटी लीवर, सोरायसिस से बचाना है तो अपने दिनचर्या में एक्सरसाइज, मैदे से बनी चीजों,चीनी वे फास्ट फूड को त्यागना होगा यानी के हमे अपनी दिनचर्या को सही रखना होगा।तभी हम एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

# कोरोना वायरस की नया वैरिएंट खठ.1 ने दी दस्तक

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



2020 की शुरूआत में पूरी दुनिया ने जिस वायरस के डर में सांस ली थी, वह एक बार फिर सिर उठाने लगा है। कोरोना वायरस का नया वैरिएंट खठ.1 और उसके सब-वैरिएंट जैसे छऋ7 और ठइ.1.8 अब हांगकांग, वियतनाम, हिंसपुर और अन्य देशों में तेजी से फैल रहे हैं। भारत में भी संक्रमण के मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है। हालांकि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन सतर्क रहना बेहद जरूरी है। खठ.1 कोरोना वायरस का एक नया वैरिएंट है, जो इअ.2.86 (जिसे PirolÔ कहा जाता है) की उपश्रेणी से आता है। अगस्त 2023 में इसे पहली बार पहचाना गया था। यह वैरिएंट ओमिक्रॉन परिवार से संबंधित है और इसके स्पाइक प्रोटीन में कई म्यूटेशन हैं, जो इसे ज्यादा संक्रामक बनाते हैं। खठ.1 कोरोना वायरस में लगभग 30 म्यूटेशन हैं। यह शरीर के प्रतिरक्षा प्रणाली को चकमा दे सकता है। यह तेजी से फैलने की क्षमता रखता है। घोषित किया है। यह वायरस हॉन्गकॉन्ग, वियतनाम, हिंसपुर में खठ.1 और उसके सब-वैरिएंट LF.7, NB.1.8 के कई मामले सामने आए हैं। अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप के कुछ हिस्सों में भी इसकी पुष्टि की गई है। सिंगापुर, जापान जैसे देशों में इस वायरस की वजह से मामूली लॉकडाउन और प्रतिबंधों की बात चल रही है। लेकिन भारत में अब तक खठ.1 की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन 257 सक्रिय मामले मंगलवार तक सामने आ चुका है। केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक और गुजरात में नए मामलों की संख्या में हल्की बढ़ोतरी देखी जा रही है। खठ.1 के लक्षण कोविड के पुराने वायरस जैसे ही हैं, लेकिन कुछ मामलों में लक्षण थोड़ा देर से प्रकट हो सकता हैं। इस वायरस में सूखी खांसी, गले में खराश, सिरदर्द, बुखार, थकावट और कमजोरी, नाक बहना या बंद होना, स्वाद या गंध का चला जाना और शरीर में दर्द होता है। कुछ मरीजों में सांस लेने में दिक्कत या फेफड़ों में संक्रमण जैसे लक्षण भी सामने आए हैं, विशेषकर उन लोगों में जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है। अभी तक के अध्ययनों के अनुसार, यह वायरस तेजी से फैलता है, लेकिन इसकी घातकता ज्यादा नहीं है। येल मेडिसिन के अनुसार, यह वायरस उन लोगों को भी संक्रमित कर सकता है जो पहले कोविड से ठीक हो चुके हैं या जिन्हें वैक्सीन लगी है। अभी तक के आंकड़ों में क्व्रव में भर्ती होने की दर ज्यादा नहीं है। लेकिन बुजुर्गों, हृदय रोगियों, मधुमेह (डायबिटीज) के मरीजों और कम इम्युनिटी वाले लोगों को खतरा ज्यादा है। मास्क पहनने से न केवल कोरोना, बल्कि फ्लू और अन्य सांस संबंधी संक्रमणों से भी बचाव होता है। भीड़-भाड़ वाली जगहों, अस्पतालों, मॉल, और सार्वजनिक परिवहन में मास्क अनिवार्य रूप से पहनना चाहिए। संक्रमित क्षेत्रों के लिए खासतौर पर डबल मास्किंग का चलन वापस आ रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने गाइडलाइंस में कहा है कि यदि खठ.1 के लक्षण कोविड के पुराने वायरस जैसे दिखें तो तुरन्त कोविड टेस्ट कराना चाहिए। बिना जरूरत बाहर न जाएं, खासकर संक्रमित क्षेत्रों में। सार्वजनिक जगहों पर मास्क लगा कर ही जाएं और सामाजिक दूरी बनाए रखना चाहिए। बार-बार हाथ धोना और सैनिटाइजर का उपयोग करना चाहिए। बूस्टर डोज लेना चाहिए। यानि, की रणनीति पर फिर से जोर दिया जा रहा है। खठ.1 के लिए विशेष वैक्सीन अभी तक नहीं बनी है, लेकिन मौजूदा वैक्सीन और बूस्टर डोज गंभीर संक्रमण से बचा सकता हैं। विशेषज्ञों की राय है कि जैसी वैक्सीन्स संक्रमण को रोकने में नहीं, लेकिन गंभीर बीमारी से बचाने में अब भी कारगर हैं। बूस्टर डोज, खासकर बुजुर्गों और कोमॉर्बिड मरीजों के लिए बहुत जरूरी है।

# सिंधु जल समझौते पर क्या होगा भारत का रुख

**। आखिरकार, 1960 में वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में सिंधु जल समझौता हुआ। उसके बाद से अब तक दोनों देशों के बीच जो भी युद्ध हुए, उसमें भी इस संधि पर आंच नहीं आई थी लेकिन यह भी सच है कि इस दौरान भारत ने कई बार पाकिस्तान को इस समझौते को रद्द करने की चेतावनी दी थी। 1960 में हुए सिंधु जल समझौते की अहमियत, इसे लेकर दोनों देशों के बीच चले विवाद, इस विवाद की जड़ और राजनीतिक-कानूनी पहलुओं को समझने में डॉक्टर एजाज हुसैन की लिखी किताब काफी मददगार है। हिमालय से निकलने वाली यह नदी भारत में जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में प्रवाहित होते हुए अरब सागर में मिल जाती है। 65 साल पहले हुए सिंधु जल समझौते को दुनिया की सबसे कामयाब ऐसी संधियों में शामिल किया जाता है। पाकिस्तान में करीब 80% खेती और एक तिहाई पनबिजली उत्पादन में सिंधु नदी का योगदान है। ऐसे में उसकी इकॉनमी के लिए इस नदी की काफी अहमियत है।**



संजय सिन्हा

(लेखक)




सिंधु जल समझौते को लेकर सुर्खियां बनी हुई हैं। हालांकि भारत और पाकिस्तान युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं लेकिन सिंधु जल समझौता सस्पेंड रहेगा। 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 पर्यटकों की पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों की ओर से हत्या के बाद भारत ने पड़ोसी देश के खिलाफ कई कदम उठाए थे। इन्हीं में से एक कदम के तहत सिंधु जल समझौते को सस्पेंड किया गया था। आपको बता दूं कि आजादी के बाद सिंधु जल के बंटवारे को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय तक विवाद चला। आखिरकार, 1960 में वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में सिंधु जल समझौता हुआ। उसके बाद से अब तक दोनों देशों के बीच जो भी युद्ध हुए, उसमें भी इस संधि पर आंच नहीं आई थी लेकिन यह भी सच है कि इस दौरान भारत ने कई बार पाकिस्तान को इस समझौते को रद्द करने की चेतावनी दी थी। 1960 में हुए सिंधु जल समझौते की अहमियत, इसे लेकर दोनों देशों के बीच चले विवाद, इस विवाद की जड़ और राजनीतिक-कानूनी पहलुओं को समझने में डॉक्टर एजाज हुसैन की लिखी किताब काफी मददगार है। हिमालय से निकलने वाली यह नदी भारत में जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में प्रवाहित होते हुए अरब सागर में मिल जाती है। 65 साल पहले हुए सिंधु जल समझौते को दुनिया की सबसे कामयाब ऐसी संधियों में शामिल किया जाता है। पाकिस्तान में करीब 80% खेती और एक तिहाई पनबिजली उत्पादन में सिंधु नदी का योगदान है। ऐसे में उसकी इकॉनमी के लिए इस नदी की काफी अहमियत है। भारत और पाकिस्तान युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं लेकिन सिंधु जल समझौता सस्पेंड रहेगा। 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 पर्यटकों की पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों की ओर से हत्या के बाद भारत ने पड़ोसी देश के खिलाफ कई कदम उठाए थे। इन्हीं में से एक कदम के तहत सिंधु जल समझौते को सस्पेंड किया गया था। आजादी के बाद सिंधु जल के बंटवारे को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय तक विवाद चला। आखिरकार, 1960 में वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में सिंधु जल समझौता हुआ। उसके बाद से अब तक दोनों देशों के बीच जो भी युद्ध हुए, उसमें भी इस संधि पर आंच नहीं आई थी लेकिन यह भी सच है कि इस दौरान भारत ने कई बार पाकिस्तान को इस समझौते को रद्द करने की चेतावनी दी थी। हिमालय से निकलने वाली यह नदी भारत में जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में प्रवाहित होते हुए अरब सागर में मिल जाती है। 65 साल पहले हुए सिंधु जल समझौते को दुनिया की सबसे कामयाब ऐसी संधियों में शामिल किया जाता है। पाकिस्तान में करीब 80% खेती और एक तिहाई पनबिजली उत्पादन में सिंधु नदी का योगदान है। ऐसे में उसकी इकॉनमी के लिए इस नदी की काफी अहमियत है। खैर, डॉक्टर हुसैन की किताब में 8 चैप्टर हैं। इसकी शुरूआत में सिंधु बेसिन सिस्टम के बारे में बताया गया है और यह भी कि क्यों इसे लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद था। इसे खत्म कराने के लिए जब सिंधु जल समझौता हुआ तो उसमें वर्ल्ड बैंक की क्या भूमिका रही। किताब में यह भी बताया गया है कि समझौते की शर्तें क्या हैं और इसे किस तरह से लागू किया गया। इसमें और भी कई बातों का जवाब मिलता है। जैसे, 1960 में किस वजह से भारत ने विवाद को खत्म करने के लिए वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता स्वीकार की? यह भी कि वैश्विक वित्तीय संस्थान की मदद लेने को पाकिस्तान क्यों राजी हुआ? सवाल यह भी है कि वर्ल्ड बैंक के मध्यस्थता की प्रक्रिया में शामिल होने का कारण क्या था? डॉक्टर हुसैन लिखते हैं, डेविड ने कॉलियर्स मैगजीन में लिखे एक लेख में सिंधु जल बेसिन के डिवेलपमेंट का प्रस्ताव रखा था। इसी वजह से वर्ल्ड बैंक ने इसमें भूमिका निभाई। वह लिखते हैं कि भारत और पाकिस्तान ने राजनीतिक वजहों से वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता मंजूर की। डॉक्टर हुसैन का यह भी दावा है कि वर्ल्ड बैंक ने पाकिस्तान को इस समझौते को स्वीकार करने के लिए मजबूर किया। वह बताते हैं कि इस संधि के तहत सिंधु आयोग बनाया गया जिसका इसे लागू करने में बड़ा योगदान रहा है। संधि होने के बाद पांच विवाद हुए हैं, जिनका जिक्र किताब में किया गया है और जिसे सुलझाने में दोनों पक्ष कामयाब रहे। सिंधु आयोग की भी विवादों को सुलझाने में बड़ी भूमिका रही है, वहीं इन विवादों के कानूनी और राजनीतिक पहलुओं पर भी किताब में रोशनी डाली गई है। डॉक्टर हुसैन जिस सबसे बड़ी बात की ओर इशारा करते हैं, वह यह है कि जब समझौता हुआ था, तब दुनिया को जलवायु परिवर्तन की वजह से होने वाली दुश्वारियों का ख्याल दूर-दूर तक नहीं था, जबकि आज यह बड़े संकट के रूप में उभरा है। भारत और पाकिस्तान में पिछले कुछ वर्षों में इसी वजह से एक्स्ट्रीम वेदर पैटर्न दिख रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान भी हुआ है। ऐसे में डॉक्टर हुसैन की किताब सिंधु नदी पर जलवायु परिवर्तन के असर को समझने में मददगार है। आगे क्या होगाभारत समय-समय पर इस जल संधि को लेकर नाराजगी का इजहार करता आया है। उसे लगता है कि समझौते में ज्यादातर पानी पाकिस्तान को दिया गया और उसके साथ इंसाफ नहीं हुआ। 2023 में उसने पाकिस्तान से इसमें संशोधन के लिए कहा था, लेकिन बात नहीं बनी। अब जबकि भारत ने संधि को सस्पेंड कर दिया है तो इस बारे में आने वाले वक्त में दोनों देशों के बीच जरूर बात होगी और तब यहां की सरकार इसमें तब्दीली का आग्रह करेगी क्योंकि वह समझौते के तहत मिलने वाले पानी से असंतुष्ट है। संधि के मुताबिक, सिंधु, झेलम और चिनाब को पश्चिमी नदियां बताते हुए इनका पानी पाकिस्तान के लिए तय किया गया जबकि रावी, ब्यास और सतलुज को पूर्वी नदियां बताते हुए इनका पानी भारत के लिए तय किया गया। इसके मुताबिक, भारत पूर्वी नदियों के पानी का, कुछ अपवादों को छोड़कर, बेरोकटोक इस्तेमाल कर सकता है। वहीं पश्चिमी नदियों के पानी के इस्तेमाल का कुछ सीमित अधिकार भारत को भी दिया गया था. जैसे बिजली बनाना, कृषि के लिए सीमित पानी। इस संधि में दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर बातचीत करने और साइट के मुआयना आदि का प्रावधान भी था। इसी संधि में सिंधु आयोग भी स्थापित किया गया. इस आयोग के तहत दोनों देशों के कमिश्नरों के मिलने का प्रस्ताव था। संधि में दोनों कमिश्नरों के बीच किसी भी विवादित मुद्दे पर बातचीत का प्रावधान है। इसमें यह भी था कि जब कोई एक देश किसी परियोजना पर काम करता है और दूसरे को उस पर कोई आपत्ति है तो पहला देश उसका जवाब देगा. इसके लिए दोनों पक्षों की बैठकें होंगी। बैठकों में भी अगर कोई हल नहीं निकल पाया तो दोनों देशों की सरकारों को इसे मिलकर सुलझाना होगा। साथ ही ऐसे किसी भी विवादित मुद्दे पर तटस्थ विशेषज्ञ की मदद लेने या कोर्ट ऑफ ऑर्बिट्रेशन में जाने का प्रावधान भी रखा गया है।

# पाकिस्तान छोड़ राहुल से लड़ रहे हैं

**चाहे मामला आतंकवाद का आ जाए या पाकिस्तान के साथ युद्ध जैसी स्थिति का आ जाए मगर हमला राहुल या नेहरू गांधी परिवार पर, सामाजिक न्याय की अवधारणा पर या उसके प्रतीक डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर और मुसलमानों पर ही किया जाता रहेगा। पाकिस्तान को तो पहले से बता दिया जाएगा कि हम अटैक करने वाले हैं अपना सामान और आदमी इधर उधर कर लो। और आतंकवादी जो पहलगाम में हमारे 26 निर्दोष पर्यटकों को मार कर गए उनके बारे में कोई बात नहीं की जाएगी। कुछ नहीं बताया जाएगा कि वे कौन थे? कहां गए? मगर राहुल को पाकिस्तानी करार दिया जाएगा। भाजपा के आफिशियल हेंडल से राहुल के चेहरे पर आधा पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष का फोटो लगा दिया जाएगा।**





शकील अख्तर

लेखक

इस युद्ध की स्थिति में आ गए समय पर लोगों को अचानक इंदिरा गांधी याद आने लगी थीं। अपने आप लोगों के मन से निकली आवाज थी कि ऐसी ही स्थिति में इंदिरा ने किसी की नहीं सुनी थी। उल्टे अमेरिका को चार सुना कर पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। यह बात पता नहीं क्यों मोदी समर्थकों को बुरी लगी तो थरूर ने मामले को ट्विस्ट देते हुए कहा कि वह परिस्थितियां अलग थीं। मतलब इंदिरा के काम को छोटा करके दिखाना। और वही इनके लिए बड़े बनने का रास्ता है। इंदिरा गांधी की लकीर छोटी कर दो हमारी खुद बड़ी हो जाएगी। निशाना वही हैं! आखिर उससे आगे भाजपा और संघ सीख ही नहीं पाए। चाहे मामला आतंकवाद का आ जाए या पाकिस्तान के साथ युद्ध जैसी स्थिति का आ जाए मगर हमला राहुल या नेहरू गांधी परिवार पर, सामाजिक न्याय की अवधारणा पर या उसके प्रतीक डॉ. भीमराव अम्बेडकर पर और मुसलमानों पर ही किया जाता रहेगा। पाकिस्तान को तो पहले से बता दिया जाएगा कि हम अटैक करने वाले हैं अपना सामान और आदमी इधर उधर कर लो। और आतंकवादी जो पहलगाम में हमारे 26 निर्दोष पर्यटकों को मार कर गए उनके बारे में कोई बात नहीं की जाएगी। कुछ नहीं बताया जाएगा कि वे कौन थे? कहां गए? मगर राहुल को पाकिस्तानी करार दिया जाएगा। भाजपा के आफिशियल हेंडल से राहुल के चेहरे पर आधा पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष का फोटो लगा दिया जाएगा। राहुल जो पहलगाम के बाद से लगातार कह रहे हैं कोई राजनीति नहीं केवल सेना का समर्थन, सरकार को हर तरह का सहयोग करेंगे। एक ऐसा तो नहीं मगर इसी श्रेणी का काम कांग्रेस के सोशल मीडिया से भी किया गया था। मगर उसका विरोध कांग्रेस के अंदर से भी हुआ। मीडिया ने भी किया। और राहुल ने कहकर वह फोटो हटवाई। लेकिन अब सब छोड़कर राहुल के खिलाफ अभियान शुरू हो गया है। राहुल के राजनीतिक विरोधी एक तरफ उन्हे पप्पू कहते हैं। हजारों करोडों रुपया इस छवि को बनाने में लगा देते हैं। दूसरी तरफ उनसे ही हमेशा डरते हैं। अगर नहीं डरते, उनका कोई असर है ही नहीं तो उनके खिलाफ हमेशा माहौल क्यों बनाते रहते हैं? शशि थरूर को क्यों बढ़ाया जा रहा है? क्योंकि इस युद्ध की स्थिति में आ गए समय पर लोगों को अचानक इंदिरा गांधी याद आने लगी थीं। यह किसी ने किया नहीं था। आम लोगों के मन से निकली आवाज थी कि ऐसी ही स्थिति में इंदिरा ने किसी की नहीं सुनी थी। उल्टे अमेरिका को चार सुनाकर पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। यह बात पता नहीं क्यों मोदी समर्थकों को बुरी लगी। तो थरूर ने मामले को ट्विस्ट देते हुए कहा कि वह परिस्थितियां अलग थीं। मतलब इंदिरा के काम को छोटा करके दिखाना। और वही इन्हें बड़े बनने का रास्ता आता है। दूसरे की लकीर को छोटा करके। इंदिरा गांधी की लकीर छोटी कर दो हमारी खुद बड़ी हो जाएगी। मगर ऐसे होता नहीं है। इंदिरा नेहरू की लकीरें इतनी बड़ी है कि आजादी के बाद से कोशिशें कर रहे हैं। उनकी लकीरें घीस रहे हैं। मगर फिर भी वे छोटी होती नहीं हैं। मौका आने पर और बड़ी हो जाती हैं। जैसे इस समय पाकिस्तान के साथ युद्ध समान स्थिति में हुई है। खुद उनके लोग कह रहे हैं कि जिस पीओके को लेकर कांग्रेस पर सबसे ज्यादा सवाल पूछते थे और कहते थे कि हम होते तो ले लेते, वह लेने का मौका था तो अमेरिका द्वारा किए गए सीजफायर को ठीक उसी समय जिस समय ट्रंप ने बोला था मान गए! और पाकिस्तान जो कमजोर स्थिति में था वह 10 मई को शाम पांच बजे न मानकर हमले करता रहा। अब इन सवालों से अपने लोगों का ध्यान हटाने के लिए फिर राहुल को केन्द्र में ले आए। वही निशाने पर हैं। वही तीर। ग्यारह साल हो गए सत्ता में कुछ करना था। क्या कोई योजना नहीं थी देश को बनाने की? 1947 के बाद से आलोचना करते चले आए कि यह करना था वह करना था। कभी कभी तो मुगलों के टाइम पहुंच जाते हैं कि उनको यह करना था। अंग्रेजों के लिए नहीं कहते कि उन्हें क्या करना था। उनसे संतुष्ट रहते हैं। तो जब अब करने का मौका आया तो क्या किया? कांग्रेस के पास बहुत कुछ है बताने के लिए। वह बता नहीं पाती यह अलग बात है। लेकिन यह सारे संवैधानिक संस्थान, एम्स, आईआईटी, बांध, बड़े बड़े उद्योगों के लिए पब्लिक सेक्टर, विज्ञान तकनीक सब किया। इन्होंने एक विश्व विद्यालय तक नहीं बनाया। प्रगति के यह विरोधी हैं। मेट्रो का एक स्टेशन हुआ करते था प्रगति मैदान। दिल्ली में। उसका भी नाम बदल दिया। सुप्रीम कोर्ट कर दिया। प्रतिगामी सोच के हैं। यथास्थितिवाद। इंदिरा की लकीर छोटी करने की सियासत इसीलिए जब पूरा देश पाकिस्तान के खिलाफ एकजुट था कई जगह अम्बेडकर की प्रतिमाएं तोड़ी जा रही थीं। देश में सबसे ज्यादा मूर्तियां अम्बेडकर की तोड़ी जाती हैं। दो-दो तीन बार। एक ही मूर्ति। अगर एक बार वह ठीक करवाकर लगवा दी जाती है तो फिर तोड़ देते हैं। और बेहद अपमानजनक तरीके से। अभी जब भारतीय सेना पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर हमला कर रही थी तो मध्यप्रदेश के महु में जहां बाबा साहब का जन्म हुआ एक फौजी के यहां उसके पास ही जैतपुर में एक दिन में दो बार बाबा साहब की मूर्ति क्षतिग्रस्त की गई। गूगल पर अगर आप एक सरसरी सी निगाह डालें अम्बेडकर लिखकर तो पचासों मूर्तियों के तोड़े जाने की खबर दिख जाएगी। संसद का तो आप को मालूम है कि कांग्रेस के शासन में जो डां अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा संसद के सामने लगाई गई थी। उसे उठाकर अब पीछे पहुंचा दिया गया है। जो प्रतिमा पहले संसद परिसर के बाहर से सड़क से दिखती थी अब अंदर घुसने के बाद भी नहीं दिखती। और खास बात! अब एक नई बात शुरू कर दी। कहा जा रहा है कि जिसको लगाना हो अपने घर में लगाए। अपनी प्राइवेट जमीन पर लगाए। सार्वजनिक जगह पर नहीं लगने देंगे। भाषा बहुत भड़काऊ है। यहां नहीं लिख सकते। मगर वीडियो चल रहे हैं। यह नई बात कहां से शुरू हुई? मध्यप्रदेश के ग्वालियर से। वहां हाईकोर्ट परिसर में अम्बेडकर की मूर्ति लगनी थी। जब मूर्ति लगाने के लिए लाई जा रही थी तो वकीलों के एक ग्रुप ने दलित वकीलों पर हमला कर दिया। और साफ धमकी दी कि हाईकोर्ट में नहीं लगने देंगे।

# हिन्दी साहित्य में वैशाली के साहित्यकारों का योगदान



रवीन्द्र कुमार रतन, स्वतंत्र लेखन

मुजफ्फरपुर मंडल से अलग हो कर 1972. में, हाजीपुर अनुमंडल को वैशाली जिले का नामांकरण हुआ ’ ऐसे बहुत से साहित्यकार थे जिनका कार्य क्षेत्र हाजीपुर न था, मगर वे हाजीपुर , वैशाली जिले के रहने बाले थे ’ जैसे डॉ श्याम नंदन किशोर,डॉ 0 अवधेशवर अरुण , डॉ महेंद्र मिश्र मधुकर ,, डॉ 0 रामप्रवेश सिंह आदि ’प्राचीन काल पर एक दृष्टि डालें तो पता चलता है कि गयाधर जी 11 वीं सदी में कायस्थ कुल में पैदा हुए ’इन्होंने चार किताबें लिखीं ’ 1 स्तन मयूर,2 बुद्ध कपाल, 3 योगिनी तंत्र 4 वज्र डांक तंत्र आदि ’ दीपांकर श्रीग्यान अवधूतिया के शिष्य केरूप में वैशाली में अवतरित हुए थे ’ इनकी 70 से अधिक आलेख है जिनमें 5 पुस्तकें भोटिया भाषा में उपलब्ध है ’ संत बुनियाद दास वैशाली जिले के महनार प्रखंड के विष्णुपुर गांव के थे ।इन्होंने अपने जीवन काल में 360 पुस्तकें लिखी थी ’ मुरलीधर तिवारी का जन्म वैशाली जिले के माणिक पुर पकरी में हुआ था ’ डॉ देवेन्द्र नाथ ठाकुर. ने इन्हें बज्जिका के विद्यापति कहा था ’ इसी जिले के बखरा गांव के भगेलू मिंया और बनवालि कवि हुए, मगर इनकी कोई पुस्तक प्राप्त नहीं है ’ ठाकुर उदय नारायण सिंह मथुरा पुर. बिदुपुर के थे और इटावा के प्रेस में कार्य करते थे ’ जनार्दनझा जनसीडन कई पत्र पत्रिकाओं के संपादक रह चुके थे ’ वैद्यरत्न ब्रज बिहारी चौबे का घर हाजीपुर था, इनकी आयुर्वेद की कुछ पुस्तके प्रकाशित हैं ’गोकुलानंद वर्मा, ,लक्ष्मीनारायण सिंह साहित्यकार गोरौल के ही रहने वाले थे ’प्रो 0 उमाकांत शर्मा आजम गढ के मगर इनका कार्य क्षेत्र हाजीपुर अस्पताल रोड में था ’ कपिल छवि वैशाली जिले के बर हटिया के थे ये महज शिक्षित होते हुएभी दो पुस्तकें लिखी ’ जगन्नाथ प्रसाद साहू राष्ट्रीय स्तर के पुस्तकालय के संस्थापक थे ,स्वतंत्रता सेनानी विश्वनाथ प्रसाद श्रीवास्तव ने महनार से हस्त लिखित पत्रिका ज्योतिर्मय का संपादन किया ’ जगदीश चंद्र माथुर आई सी येस थे’ इनका कार्य क्षेत्र था वैशाली ’ इन्होंने ने ही वैशाली नाम को सार्थक किया ,कोणार्क,शारदीय, ओ मेरे सपने, भोर का तारा आदि साहित्य पुष्प से इन्होंने वैशाली को समृद्धि किया ’ जगदीश प्रसाद श्रमिक, डॉ0 जयदेव ,प्रो 0 विंदु सिन्हा, डॉ 0 योगेन्द्र सिंह, डॉ 0 श्याम नंदन किशोर, श्यामा पटेल, आचार्य सारंग शास्त्री, त्रिवेणी सिंह ,ठाकुर वैद्यनाथ सिंह, आदि बहुतेरे साहित्यकार. थे ’ जिनके योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता ’ सीता राम दीन,हरिहर. प्रसाद नूतन, महेश प्रसाद राय, भोले नाथ विमल आदि के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता ’तत्कालीन साहित्यकारों में डॉ 0 विनय कुमार, भगवान पुर , डॉ दामोदर प्रसाद महाजन टोली, डॉ 0 अवधेशवर अरुण, डॉ अमरेंद्र कुमार, डॉ 0 उमेश कुमार सिंह का योगदान साहित्यकारों के भुलाए नहीं भूल सकता ’साहित्यकार उमाकांत वर्मा,५१ प्र0 विप्लव आदि हिन्दी - बज्जिका के वरिष्ठ कवि गजलकार थे ’ उमा बाबू की एक पुस्तक की भूमिका डॉ 0 नवल किशोर प्रसाद श्रीवास्तव ने लिखी तो उन्हों ने लिखा की इनकी भूमिका सोने की अंगुठी में हीरे का नग है ’ डॉ 0 नवल बाबू ने बहुतेरे साहित्यकार बनाये, पी एच डी कराया ’ दर्जनों काव्य-संग्रह, नाटक,कहानी की किताबें लिख कर हिन्दी की श्री वृद्धि में योग दान किया है ’मुनीशवर प्रसाद राय मुनीश ,डॉ राम प्रवेश सिंह ,डॉ 0 विन्ध्यवासिनी राय, डॉ 0 शाली ग्राम सिंह अशांत आदि ने श्री वृद्धि में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ’ डॉ 0 हरिकृष्ण बाबू भी इसी श्रंखला के कवि थे ’अब बारी आती हैं हमलोगों की ’मेरी 6 पुस्तके स्व रचित है और 10 पुस्तकों का संपादन किया हूँ ’काव्य-संग्रह भीलिखा’ अखौरी चंद्र शेखर जी ने भी हिंदी को आगे बढ़ाने में अपना पूरा योगदान दिया है ’ ललकी किरिनेयापुस्तक इनका बहुत नाम कमाया ’ इनकी धर्मपत्नी सुधा, का भी काफी योगदान है ’ दरभंगा के ब्रह्मदेव कार्य, अमिताभ कुमार,मुजफ्फर पुर के शारदा चरण , उषा श्रीवास्तव आदि भी हाजीपुर से ही जाने जाते है और हाजीपुर के श्री वृद्धि में ही लगे रहते हैं ’हरिनारायण हरि ,स्वछ प्रफुल्ल कुमार सिंह मौन आदि का योगदान अविस्मरणीय है ’

# भीतर के दुश्मनों के खिलाफ सख्ती-चौंकसी बढ़ानी होगी

पाकिस्तान भारत के अनेक लालची, शानोशौकत के आकांक्षी, देशद्रोही एवं देश के दुश्मन लोगों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ प्रचार और जासूसी गतिविधियों के लिए कर रहा था। ऐसे ही कुछ देश विरोधी तत्वों का पदार्फाश होना चौंकाता भी है एवं चिन्ता में भी डालता है। ऐसे ही तत्वों में एक नाम है ज्योति मल्होत्रा, उस पर आरोप है कि वह न केवल सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की सकारात्मक छवि पेश कर रही थी, बल्कि उसने पाक खुफिया एजेंसी के एजेंटों से भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां भी साझा कर रही थीं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी गोपनीय जानकारियां भी थीं। वह एक खुफिया एजेंट के रूप में सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क का हिस्सा थी। देश की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत की मिट्टी पर छिपे गद्दार कितनी भी चालाकी से छिप जाएं, वे कानून की नजरों से नहीं बच सकते। उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके। ह्यऑपरेशन ह्यसिंदूरह्न ने न सिर्फ सरहद पार बैठे दुश्मनों की नींद हराम कर दी है, बल्कि देश के भीतर बैठे गुप्त गद्दारों की भी कमर तोड़ दी है। हाल ही में लगातार ऐसे अनेक राष्ट्र-विरोधी जासूसों की गिरफ्तारी ने जता दिया कि भारत हर मोर्चे पर देश की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। ये गिरफ्तारियां अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण एवं यह भी पाक की एक करारी हार ही है। पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर और ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा समेत छह लोगों की खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गयी गिरफ्तारी भारत की सतर्कता एवं सावधानी को तो दशार्ती ही है, इससे यह भी स्पष्ट होता है कि इस चुनौती भरे समय में भीतर के दुश्मनों की शिनाख्त एवं उनकी धडपकड़ कितनी जरूरी है। ह्यट्रैवल विद जोह्न नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाने वाली ज्योति पर आरोप है कि वह पाक के कई उच्च अधिकारियों के संपर्क में थी और भारत से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाक तक पहुंचाती थी। पता यह भी चला है कि पाक यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात पाक उच्चायोग के एक कर्मचारी दानिश से हुई, जिसके माध्यम से उसकी पहचान आइएसआइ के एजेंटों से हुई। ज्योति इन एजेंटों के साथ व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचौट के जरिये संपर्क में थी। कहते हैं कि उसने एक पाक खुफिया अधिकारी के साथ गहरे संबंध बनाये और उसके साथ बाली भी गयी थी। ज्योति एवं उसके सहयोगी बेखौफ भारत की अति-संवेदनशील एवं गोपनीय सूचनाओं को पाक से साझा करते हुए देश को नुकसान पहुंचा रहे थे। ये सभी आम नागरिकों की तरह जिंदगी जी रहे थे, लेकिन इनके इरादे राष्ट्रविरोधी थे। देश की कीमत पर सारे राष्ट्र-मूल्यों एवं निष्ठाओं को ताक पर रखकर धनार्जन की लालसा और मौज-मस्ती का लक्ष्य घिनौना एवं अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र को इन विस्फोटक विसंगतियों से बचाना होगा। भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान एवं चिन्ता में डालने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा सकते हैं? देश के भीतर के ये दुश्मन बाहरी दुश्मनों से ज्यादा घातक एवं नुकसानदेय हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के इन लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। लेकिन इनकी गहन जांच से और भी गंभीर खुलासे होने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। इन लोगों के तार भीतर कहां-कहां जुड़े है, इसका पदार्फाश होना ज्यादा जरूरी है। ये तत्व देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव एवं आम-जनजीवन को भी खतरे में डाल सकते हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया। इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। एक से अधिक बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति पर खुफिया अधिकारियों की नजर तो थी ही, ज्योति के कई वीडियोज ने भी खुफिया एजेंसियों का ध्यान खींचा, चाहे वह नयी दिल्ली स्थित पाक दूतावास में इफ्तार की दावत का वीडियो हो, पिछले साल हुए विश्व कप में भारत-पाक मैच में दर्शकों की प्रतिक्रिया वाला वीडियो हो या कश्मीर घूमने आये लोगों पर बनाये गये वीडियो हों। विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, ज्योति को दुबई के एक कथित हैंडलर के माध्यम से भुगतान किया जाता था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 मई, 2025



# संक्षिप्त खबरें

## गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को जबरन बंद कराये जाने के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाएगी जमीयत

लखनऊ। प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद उत्तर प्रदेश में सरकार द्वारा गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को कथित रूप से जबरन बंद कराये जाने के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटायेगा।जमीयत उलेमा-ए-हिंद (अरशद मदनी) की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बृहस्पतिवार को लखनऊ में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। संगठन के वरिष्ठ सदस्य और विधिक सलाहकार मौलाना काब रशीदी ने बताया कि जमीयत की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रांतीय अध्यक्ष मौलाना अशहद रशीदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश के कई जिलों, खासकर नेपाल से सटे बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, महराजगंज तथा कुछ अन्य जनपदों में हाल में प्रशासन द्वारा गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को जबरन बंद कराये जाने की कार्रवाई को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती देने का निर्णय लिया गया है।रशीदी ने बताया, ₹मदरसों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत भी संरक्षण मिला हुआ है। साथ ही साल 2014 में उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की पीठ ने भी मदरसों को संरक्षण दिया है।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने भी पिछले साल 20 दिसंबर को मदरसों पर कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया था, मगर उसके बाद भी गैर मान्यता प्राप्त इस्लामी शिक्षण संस्थानों को जिस तरीके से बंद किया जा रहा है, वह संविधान के खिलाफ हैं।उत्तर प्रदेश में नेपाल से सटे बहराइच, श्रावस्ती, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों में प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे और बिना मान्यता के संचालित किये जाने का आरोप लगाते हुए 200 से ज्यादा मदरसों को बंद कराया जा चुका है।रशीदी ने बताया कि बैठक में वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर भी व्यापक चर्चा की गयी।उनके मुताबिक, इस दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों से कहा गया कि इस कानून के खिलाफ याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय में कार्यवाही जारी है और उसका जो भी नतीजा होगा, उसके बारे में जमीयत के शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर भविष्य की रणनीति तय की जाएगी।

## दोस्तपुर के पास पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़

गुरदासपुर। पंजाब के गुरदासपुर जिले के गांव दोस्तपुर के पास गुरुवार को बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश जसपाल सिंह उर्फ जस्सी गोली लगने से घायल हो गया। उसे गुरदासपुर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने दोस्तपुर रोड पर नाकेबंदी की हुई थी। इसी दौरान जसपाल सिंह नामक युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां से गुजर रहा था। जब पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, तो उसने मोटरसाइकिल की रफ्तार बढ़ा दी और भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी ने पिस्टल से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। आरोपी की एक गोली पुलिस वाहन पर लगी। जबकि, एक गोली मिस हो गई।जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें आरोपी की पैर में गोली लग गई और वह गिर पड़ा। पुलिस ने मौके पर ही उसे काबू कर लिया और उससे पिस्टल बरामद किया। घायल होने के कारण आरोपी को तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया।एसएसपी गुरदासपुर आदित्य ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जसपाल सिंह उर्फ जस्सी बटाला का रहने वाला है और उस पर पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को उसकी काफी समय से तलाश थी। पूछताछ में यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह किन वारदातों में शामिल रहा है।

## शिक्षा के अलावा विकास का कोई रास्ता नहीं : राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान

पटना। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गुरुवार को यहां कहा कि शिक्षा के अलावा विकास का कोई और माध्यम नहीं है। शिक्षा ही आगे बढ़ने, विकास और प्रगति का सबसे सही माध्यम है। शिक्षा को लेकर किया गया आयोजन शिक्षा की चेतना को बढ़ाता है और शिक्षा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान गुरुवार को पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के तृतीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस दीक्षांत समारोह में बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना, इंदिरा गांधी नई तकनीकी संस्थान, पटना तथा मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज के कुल 265 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई। इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सभी छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# अखिलेश ने बताया उत्तर पदेश के अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार का राजनीतिक गणित

प्रात: किरण/एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर हमला करते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश में 1.93 लाख शिक्षकों की भर्ती के लिए हाल ही में जारी विज्ञापन महज एक राजनीतिक ह्यजुमलाह्ल है और यह 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी को महंगा पड़ेगा।यादव ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्स पर एक पोस्ट में भाजपा की हार का राजनीतिक गणित पेश किया। उन्होंने कहा, एक लाख तिरानवे हजार शिक्षक भर्तियों के जुमलाई विज्ञापन से जन्मा : 2027 के चुनाव में भाजपा की हार का राजनीतिक गणित।

सपा प्रमुख ने अपनी लम्बी पोस्ट में इसकी काल्पनिक गणना करते हुए कहा, ह्यह्लमान लिया जाए कि एक पद के लिए कम-से-कम 75 अभ्यर्थी होते, तो यह संख्या 1,44,75,000 होती और एक अभ्यर्थी के साथ यदि केवल उनके अभिभावक जोड़ लिये जाएं तो कुल मिलाकर तीन लोग इससे प्रभावित होंगे अर्थात यह संख्या 4,34,25,000 होगी। ये सभी वयस्क होंगे। अतः इन्हें 4,34,25,000 मतदाता मानकर अगर राज्य की 403 विधानसभा सीट से विभाजित कर दें तो यह आंकड़ा लगभग 1,08,000 वोट प्रति सीट का आयेगा।

उन्होंने कहा कि और अगर इनमें से आधे को भी भाजपा का मतदाता मान लें (चूंकि भाजपा 50 प्रतिशत जनाधार की जुमलाई बात करती आई है) तो हर सीट पर लगभग 54,000 मतों का नुकसान भाजपा को होना तय है। उन्होंने कहा कि इस परिस्थिति में भाजपा 2027 के राज्य विधानसभा चुनावों में दहाई सीट पर ही सिमट जाएगी।

यादव ने कहा कि पुलिस भर्ती मामले में ह्यभर्तियों का यह गणितह्ल भाजपा को राज्य में लगभग आधी सीट पर हराने में सफल भी रहा है, अतः ऐसे आंकड़ों को अब सभी गंभीरता से लेने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अब यह मानसिक दबाव का नहीं, वरन सियासी सच्चाई का आंकड़ा बन चुका है।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यह्लजैसे ही यह आंकड़ा प्रकाशित होगा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले भाजपाई प्रत्याशियों के बीच जाएगा वैसे ही उनकी राजनीतिक गणना टूटकर बिखर जाएगी, और विधायक बनने का उनका सपना भी। इससे भाजपा में एक तरह से भगदड़ मच जाएगी। ऐसे में भाजपा को मतदाता ही नहीं, बल्कि प्रत्याशियों के भी लाले पड़ जाएंगे।



उन्होंने कहा, वैसे भी कुछ उल्लेखनीय कारणों से भाजपा सरकार के विरोध में राज्य की जनता पूरी तरह आक्रोशित है और भाजपा को 2027 के चुनाव में बुरी तरह से हराने और हटाने के लिए कमर कसकर तैयार है।उन्होंने आरोप लगाया कि इन कारणों में किसानों-मजदूरों की बेकारी, युवाओं की बेरोजगारी, परिवारवालों के लिए खानपान, दवाई, पढ़ाई, पेट्रोल-डीजल और हर चीज की महंगाई, महिलाओं का अपमान और असुरक्षा, हर काम में भ्रष्टाचार, पीडीए का उत्पीड़न और उनपर अत्याचार, भाजपा में डबल इंजन की टकराहट और भाजपा में दो फाड़ जैसे महत्वपूर्ण कारण भी समाहित हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज में कमीशनखोर अधिकारियों को बचाने की साज़िश, सच्चे अधिकारियों के परिवारों पर व्यक्तिगत हमला, बुद्धिजीवियों और पत्रकारों पर प्राथमिकी और उनकी गिरफ़्तारी भी उन महत्वपूर्ण कारणों में शामिल है, जिनकी वजह से भाजपा के खिलाफ उत्तर प्रदेश में विरोध की कथित लहर है।यादव ने विपक्ष के खिलाफ झूठे मुकदमे दायर करने, फर्जी मुठभेड़ों का डर दिखाने और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग समेत विभिन्न मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा, ह्यह्लन जाने ऐसे कितने मुद्दे हैं, जो भाजपा के विरुद्ध जनता में आक्रोश का रूप ले चुके हैं। इसीलिए भाजपा 2027 के राज्य विधानसभा चुनाव में अपनी हार पहले ही मान चुकी है और चुनाव से पहले हर ठेके एवं काम के जरिये पैसा बटोरने में जुटी है।ह्व उन्होंने कहा, राज्य की 90 प्रतिशत पीड़ित जनता जाग चुकी है और ह्यअपनी पीडीए सरकार बनाने के लिए कटिबद्ध और प्रतिबद्ध भी। अब सभी पीड़ित मिलकर जवाब देंगे।

# छत्तीसगढ़ के पांच रेलवे स्टेशनों का पीएम मोदी ने किया लोकार्पण

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत डेवलप हुए छत्तीसगढ़ में पांच स्टेशन, यात्रियों को आरामदायक सफर देने स्टेशनों को बनाया गया अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस

प्रात: किरण/एजेंसी

रायपुर/भिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बिकानेर सेअमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नए तरीके से बनाए गए देश के 103 रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने बिकानेर जिले के देशनोक स्टेशन का लोकार्पण करते हुए वर्चुअली 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में बने 103 अमृत रेलवे स्टेशनों का भी उद्घाटन किया। इन स्टेशनों का रिनोवेशन 1100 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। इन स्टेशनों में छत्तीसगढ़ के पांच रेलवे स्टेशन भिलाई, डोंगरगढ़, उरकुरा, अंबिकापुर व भानुप्रतापुर शामिल हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले इन स्टेशनों को यात्री सुविधाओं के अनुसार डेवलप किया गया है। अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में शुभारंभ कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। भिलाई रेलवे स्टेशन के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू उपस्थित हुए। इस दौरान वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोसेवाडा व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे।

बिकानेर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा देश को समर्पित इन 103 अमृत भारत स्टेशनों में देश का इतिहास दिखेगा। इनसे टूरिज्म बढ़ रहा है और लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। विकास के इन कामों से गरीब और जरूरतमंद लोगों को फायदा हो रहा है। किसानों की फसलें आसानी से बाजार तक पहुंच रही हैं और नए उद्योग भी बन रहे हैं।ह्व प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ह्लकेंद्र सरकार रेलवे के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करेगी। यह राशि 2014 के मुकाबले 15 गुना ज्यादा है। इससे राजस्थान का विकास और भी तेजी से होगा। बिकानेर के मंच से पीएम मोदी ने पिछले दिनों हुए पहलगात आतंकी हमले का जिक्र किया और पाकिस्तान के खिलाफ सेना की कार्रवाई की सराहना की।

**सिंदूर मिटाने वाले मिट्टी में मिल गए : पीएम मोदी:** 22 तारीख को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मासूमों को मार डाला और मांग का सिंदूर उजाड़ दिया। वो हमला पहलगाम में हुआ था, लेकिन उसका दर्द पूरे देश ने महसूस किया। इसके बाद पूरे देश ने ठान लिया था कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करना है। हमारी सरकार ने सेना को खुली छूट दी, और तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा जवाब दिया कि पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा।ह्व प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ह्लहमने सिर्फ 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकानों को तबाह कर दिया। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो क्या अंजाम होता है, ये हमने पाकिस्तान को दिखा दिया। पीएम मोदी ने कहा, कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से लड़ने के तीन नियम बनाए हैं। पहला, अगर भारत में कोई आतंकी हमला करेगा तो उसे तेज और कड़ा जवाब मिलेगा। इसे देश के खिलाफ युद्ध माना जाएगा और जवाब देने का समय सेना तय करेगी। दूसरा, भारत परमाणु धमकी से डरने वाला देश नहीं है। तीसरा, आतंकवादी और उन्हें समर्थन देने वाली सरकार को एक समान माना जाएगा। पाकिस्तान अपना ह्यस्टेट और ह्यनॉन-स्टेट वाला खेल नहीं चला पाएगा। पूरी दुनिया में अलग-अलग सात प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की सच्चाई दुनिया के सामने रखेंगे। पाकिस्तान का असली चेहरा सबके सामने आएगा। पीएम मोदी ने एक बार फिर कहा कि पाकिस्तान के साथ न तो व्यापार होगा और न ही बातचीत। अगर बात होगी तो केवल कश्मीर और पाकिस्तान के कब्जे वाले पीओके की होगी।



सीएम साय ने जताया पीएम मोदी का आभार

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आदिवासी बहुल सरगुजा जिले का मुख्यालय अंबिकापुर सहित छत्तीसगढ़ के 05 रेल्वे स्टेशन अब रेल्वे मानचित्र में प्रमुख स्टेशन के रूप में शामिल हो गए हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में अमृत स्टेशनों के सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। अंबिकापुर में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वित्त ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, लोकसभा सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल, श्रीमती उद्धेश्वरी पेकरा, शंकुतला पोर्ते, मुख्य सचिव अमिताभ जैन संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

**छत्तीसगढ़ में 47 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाएं : सीएम साय**

अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के उद्घाटन अवसर पर सीएम साय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूर दृष्टी के कारण छत्तीसगढ़ में 47 हजार करोड़ से ज्यादा की रेलवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। सीएम साय ने कहा कि आज का दिन सरगुजा संभाग के लिए बड़ा सौभाग्यशाली दिन है। सरगुजा संभाग के अंबकापुर रेलवे स्टेशन को नया रूप मिला है और यात्री सुविधाएं बढ़ी हैं। सीएम साय ने कहा कि अंबिकापुर में रेल लाइन लाने का श्रेय यहां के पूर्व सांसद ललन साय को जाता है। मंच ने सीएम साय ने पूर्व सांसद को नमन किया। सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की धरती से अमृत भारत योजना के तहत डेवलप हुए 103 रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण किया। इनमें हमारे छत्तीसगढ़ के पांच रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। इन रेलवे स्टेशनों में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के 27 और रेलवे स्टेशनों में भी डेवलप वर्क जारी है जो जल्द ही पूरा होगा।

**छत्तीसगढ के इन पांच स्टेशनों का हुआ लोकार्पण**

भिलाई रेलवे स्टेशन (भिलाई 3)

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के जिन पांच रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण कार्य पूरा हुआ है उनमें से एक भिलाई का रेलवे स्टेशन भी शामिल है। भिलाई स्टेशन को भी आधुनिक सुविधाओं और सांस्कृतिक समृद्धि से युक्त कर 10.09 करोड़ की लागत से अमृत स्टेशन के रूप में पुनर्विकसित किया गया है। ऐतिहासिक महत्व वाले इस स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ डेवलप किया गया है। नया स्वरूप अब पूरी तरह से एयरपोर्ट की तरह लगने लगा है।भिलाई रेलवे स्टेशन की प्रमुख सुविधाओं में यात्रियों का स्वागत करता भव्य प्रवेश द्वार, 580 वर्गमीटर में नया बुकिंग ऑफिस और कैंनोपी सहित स्टेशन भवन, 1185 वर्गमीटर सुसज्जित सकुर्लेटिंग एरिया, यात्रियों की सुविधा हेतु 10 प्लेटफॉर्म शेड, 6600 वर्गमीटर में ग्रेनाइट और पेवर ब्लॉक से प्लेटफॉर्म सतह, आधुनिक टॉयलेट, वातानुकूलित प्रतीक्षालय, नई फर्नीचर सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, पीए सिस्टम, टॉवर क्लॉक, एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, सिंगल लाइन सूचना बोर्ड, सोलर हाई मास्ट और 10 किलोवॉट पावर का सौर पैनल, साइनेज बोर्ड्स नाम, दिशा और सेवाओं की जानकारी, म्यूरल आर्ट स्थानीय संस्कृति की प्रस्तुति, 2 व्हीलर व 4 व्हीलर पार्किंग, पोर्च आदि प्रमुख है।

लगभग 6 करोड़ 93 लाख रुपए खर्च कर उरकुरा रेलवे स्टेशन का रि-डेवलपमेंट किया गया है। नए स्टेशन में ए1 कैटेगरी वाली सुविधाएं यात्रियों को मिलेंगी। 168 वर्ग मीटर में स्टेशन का नया कार्यालय बनाया गया है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए यहां पोर्च का निर्माण भी किया गया है। 3600 वर्ग मीटर में नया सकुर्लेटिंग एरिया डेवलप किया गया है। जिसके साथ फुटपाथ अटैच है। 10 नए प्लेटफार्म शेड लगाए गए हैं। जो यात्रियों को बिगड़े हुए मौसम से सुरक्षा देंगे। प्लेटफार्म के 4000 वर्ग मीटर में फैले फ्लोर को ग्रेनाइट और पेवर ब्लॉक से बनाया गया है। नया रेस्ट हाउस करीब 57 वर्ग मीटर में फैला हुआ है। इसके अलावा करीब 154 स्टेनलेस स्टील बैंच बैंक से लगाई गई है। सुरक्षा के लिहाज से 13 सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं।स्टेशन आधुनिक अनाउंसमेंट सिस्टम लैस होगा। केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत छत्तीसगढ़ के पांच रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण किया गया है, इनमें अंबिकापुर का रेलवे स्टेशन भी शामिल है। अमृत भारत योजना से अंबिकापुर के रेलवे स्टेशन में सुविधाओं की बढ़ोत्तरी की गई है। नवीनीकरण के बाद अंबिकापुर के रेलवे स्टेशन का स्वरूप बदल गया है। अंबिकापुर रेलवे स्टेशन का निर्माण सरगुजा के रियासतकालीन महल के स्वरूप में बनाया गया था। अमृत भारत योजना में स्टेशन की खूबसूरती के साथ यात्री सुविधाएं भी बढ़ी हैं। अंबिकापुर रेलवे स्टेशन एनएसजी 4 केटेगरी का है। मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ का रेलवे स्टेशन अब हाईटेक बन चुका है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन का सौंदर्यीकरण किया गया है।

# ओडिशा के कोविड-19 का नया मामला सामने आया

प्रात: किरण/एजेंसी

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर में ढाई साल से अधिक समय तक कोविड-19 का कोई मामला सामने नहीं आने के बाद एक नया संक्रमण पाया गया है, जिसके बाद ओडिशा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने एक बयान जारी कर लोगों से नहीं घबराने की अपील की है।

विभाग की आयुक्त-सह-सचिव अश्वथी एस ने गुरुवार को इस मामले पर बात करते हुए कहा कि मामले में सामने आया नया वैरिएंट ह्लहल्काह्व है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, ह्लघबराने की कोई जरूरत नहीं है। कोविड-19 को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सकता है और देश के विभिन्न हिस्सों में इसके कुछ मामले सामने आ रहे हैं। पॉजिटिव पाया गया व्यक्ति हाल ही में दिल्ली से लौटा था और उसका भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सह-रुग्णता की स्थिति होने के बावजूद, उसका स्वास्थ्य स्थिर बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी उपायों को बढ़ा दिया है, हालांकि केंद्र या राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा अभी तक कोई औपचारिक सलाह जारी नहीं की गई है। अश्वथी ने कहा, ह्लस्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने और स्थिति पर बारीकी से नजर रखने का निर्देश दिया गया है। भारत सरकार से कोई दिशानिर्देश मिलने के बाद हम आगे की कार्रवाई करेंगे। अधिकारियों ने दोहराया कि मामले के जवाब में केंद्रीय अधिकारियों द्वारा कोई नई दिशा-निर्देश घोषित नहीं किए गए हैं। राज्य स्वास्थ्य मशीनरी वर्तमान में एहतियाती मोड में है ताकि आगे के मामले सामने आने पर जल्दी पता लगाया जा सके और प्रतिक्रिया की जा सके। यह ओडिशा में काफी समय के बाद कोविड-19 की वापसी को दर्शाती है और इसकी गंभीरता कम होने के बावजूद महामारी की चल रही प्रकृति को उजागर करता है।

# पटना में सड़क विकास के लिए 22.14 करोड़ की योजना को मंजूरी : सम्राट

प्रात: किरण/एजेंसी



पटना। राजधानी पटना के यातायात ढांचे को सुदृढ़ और सुचारू बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजना का क्रियान्वयन करने जा रही है। एन निर्णय अक्सर पटना में जाम लग जाने के कारण हो रही असुविधा को दूर करने के लिए किया जा रहा है। यह जानकारी राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दी। राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि पटना की सड़कों के लिए 22.14 करोड़ रुपये से अधिक की महत्वपूर्ण योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह योजना पटना के यातायात को व्यवस्थित करने और सड़कों की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उप मुख्यमंत्री के अनुसार विवेकानंद मार्ग, बोरिंग रोड से लेकर पश्चिम बोरिंग कैनाल रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर तक और बीच में आने वाले इन्दिरा सिन्हा पथ, राजेन्द्र पथ, वीर शिवाजी पथ, वीर कुंवर सिंह पथ, रामकृष्ण पथ, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, मदर टेरेसा मार्ग, तिलक मार्ग, कस्तुरबा पथ समेत अन्य संपर्क पथों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का काम किया जाएगा। इस पर कुल 2214.67 लाख रुपये हजार की योजना को स्वीकृति दी गई है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का उद्घाटन करने के बाद जल्द ही राजधानी पर यातायात का दबाव बढने वाला है। जेपी गंगा पथ का लगातार विस्तार होने से भी शहर की सड़कों को चौड़ा करने और मजबूत बनाने की जरूरत महसूस की गई, इसलिए लोक वित्त समिति और स्थायी वित्त समिति ने पटना की सड़क विकास योजना की अनुशंसा की। उपमुख्यमंत्री के अनुसार किसी अन्य विभाग से अधिग्रहित पथों पर कार्य तभी किया जाएगा, जब उसका विधिवत हस्तांतरण हो चुका हो और यदि किसी मार्ग पर पूर्व में कार्य हुआ है, तो उसकी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड यानी डीएलपी की समाप्ति के बाद ही नया कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# बिहार को मिले दो अमृत भारत रेलवे स्टेशन, पीएम मोदी ने किया वर्चुअल लोकार्पण

प्रात: किरण/एजेंसी

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में पुनर्विकसित दो अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल माध्यम से गुरुवार को लोकार्पण किया। इनमें गोपालगंज जिले का थावे जंक्शन और भागलपुर जिले का पीरपैंती रेलवे स्टेशन शामिल है। पीएम ने राजस्थान के बीकानेर में एक समारोह को संबोधित करते हुए बिहार के दो समेत देश भर के 103 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन कर यात्रियों को सौंपा। पीरपैंती रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीरपैंती से भाजपा विधायक ललन कुमार मौजूद रहे। कहलगांव से भाजपा विधायक पवन यादव और मालदा डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर मनीष कुमार गुप्ता भी इस अवसर पर मौजूद रहे।ललन कुमार ने कहा कि नए स्टेशन को यात्री सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है जिसमें ऊंचे और चौड़े प्रवेश द्वार और बेहतर सुविधाएं शामिल हैं, ताकि यात्रियों को अधिक आरामदायक अनुभव मिल सके। थावे रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में भी कई निर्वाचित प्रतिनिधि और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।थावे और पीरपैंती स्टेशन अपने क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि थावे उत्तरी बिहार से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करता है, जबकि पीरपैंती बिहार के पूर्वी हिस्सों को पश्चिम बंगाल से जोड़ता है। लगभग 19 करोड़ की लागत से पीरपैंती स्टेशन का रिडेवलपमेंट किया गया है। पुरानी बिल्डिंग की जगह वहां भव्य और आधुनिक सुविधाओं से लैस सुसज्जित स्टेशन भवन बनाया गया है। पीरपैंती भागलपुर रेल एरिया का बड़ा व्यापारिक केन्द्र भी है। साथ ही यहां से बड़ी संख्या में लोग ट्रेन की यात्रा करते हैं। झारखंड के सीमावर्ती इलाकों से भी लोग इसी स्टेशन से ट्रेन की यात्रा करते हैं नए अमृत भारत पीरपैंती स्टेशन पर आधुनिक पैसेंजर लाउंज, सुसज्जित भवन, पोर्टिको, सरकुलेटिंग एरिया, गार्डन, लाइटिंग आदि की व्यवस्था की गई है। 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज भी इसी योजना के तहत बन रहा है जो अगले कुछ दिनों में चालू हो जाएगा। स्टेशन पर लिफ्ट की सुविधा भी दी जा रही है।

# जी. परमेश्वर के शिक्षण संस्थान में ईडी की छापेमारी राजनीतिक प्रतिशोध : प्रियांक खड़गे

बेंगलुरु। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे ने गुरुवार को जी. परमेश्वर के स्वामित्व वाले मेडिकल कॉलेज में हुई छापेमारी को राजनीतिक प्रतिशोध बताया।उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह पूरी तरह से राजनीतिक तौर पर निशाना बनाने की कोशिश है। मौजूदा समय में जिस तरह के कृत्य ईडी और अन्य जांच एजेंसियों की तरफ से किए जा रहे हैं, उसमें कुछ भी नया नहीं है। इससे पहले भी यह इस तरह हमारे अन्य नेताओं को निशाना बना चुके हैं।उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में ईडी और आईटी की तरफ से 193 केस दर्ज किए गए, लेकिन इन सबका कनविक्शन रेट महज दो प्रतिशत है। यही नहीं, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को फटकार भी लगाई थी कि आखिर आप क्यों महज सेलेक्टिव तरीके से विपक्ष के नेताओं को निशाने पर लेने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, यह सब नया नहीं है। यह सब विपक्ष के नेताओं को डराने की सोची-समझी साजिश है, जिसे हम किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकते हैं। केंद्र सरकार को अगर लग रहा है कि वह विपक्ष के नेताओं को डराने में सफल रहेगी, तो यह उसकी गलतफहमी है और उसे अपनी गलतफहमी दूर कर लेनी चाहिए। उन्होंने जी. परमेश्वर के कॉलेज पर हुई ईडी की छापेमारी के संदर्भ में कहा कि जो कुछ भी कदम आगामी दिनों में जांच एजेंसी की तरफ से उठाए जाएंगे, उसका हम पालन करेंगे, उसका कांग्रेस पार्टी की तरफ से पालन किया जाएगा। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कानून का किसी भी तरह से उल्लंघन नहीं हो। हमें पूरी उम्मीद है कि जांच एजेंसी इस मामले में कानून के अनुरूप ही कार्रवाई करेगी।

# पुनर्विकसित कटनी साउथ रेलवे स्टेशन का प्रधानमंत्री मोदी ने किया उद्घाटन

प्रात: किरण/एजेंसी

कटनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम से कटनी साउथ रेलवे स्टेशन सहित देश के 103 अमृत रेलवे स्टेशनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया।इस अवसर पर यहां कटनी साउथ अमृत रेलवे स्टेशन में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और सांसद खजुराहो एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी डी शर्मा, यात्री सुविधाओं से युक्त, अत्याधुनिक और नये स्वरूप में बने अत्यंत सुंदर और भव्य रेलवे स्टेशन के उद्घाटन के साक्षी बने। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि समाज के हर वर्ग को खासतौर पर गरीब और मध्यम वर्ग को सभी प्रकार की सुविधाएं मिले।

इस साउथ रेलवे स्टेशन का जो कायाकल्प हुआ है उससे यह अत्याधुनिक सुविधायुक्त स्वरूप में नजर आने लगा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वच्छता अभियान चलाकर गंदगी से मुक्त करने का अभियान चलाया था। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा गंदगी प्रायः



पहले रेलवे स्टेशनों में ही दिखती थी। लेकिन अब नए स्वरूप में यहां उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं के विकास से स्थिति बदल गई है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कौशल संवर्धन की दिशा में गंभीर प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि कटनी में खुलने वाले पीपीपी मोड के मेडिकल कॉलेज के प्रति सर्वाधिक कंपनियां एवं संस्थानों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने बड़ी साफगोई से कहा कि कटनी का जिला अस्पताल शासकीय स्वरूप में यथावत कार्य करता रहेगा। यहां मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा और दवाईयां पूर्ववत मिलती रहेंगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद बीडी शर्मा ने कहा कि कटनी साउथ रेलवे स्टेशन की भव्यता का स्वरूप वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव की परिकल्पना है। उन्होंने कहा कि कटनी में ही एशिया का पहला ग्रेड सेपरेटर यानि रेलवे का ओवरब्रिज बना है। सांसद ने कहा कि इन सभी बड़ी योजनाओं के रूप में प्रधानमंत्री ने कटनी को सौगात दी है। सांसद ने कहा कि कटनी रेलवे को सर्वाधिक रेवन्यू देने में शामिल है। कटनी के विकास में रेलवे का अहम योगदान है।सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज कटनी सहित प्रदेश के 6 रेलवे स्टेशनों को पुनर्विकसित कर इनका उद्घाटन कर जनता के लिए लोकार्पित किया है। उद्घाटन कार्यक्रम को विधायक विजयराघवगढ़ पाठक, विधायक मुड़वारा जायसवाल, विधायक बड़वारा सिंह, महापौर सूरी और जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सूरी ने भी संबोधित किया। कटनी साउथ रेलवे स्टेशन कटनी साउथ रेलवे स्टेशन, जिसे अब आधुनिक सुविधाओं और सांस्कृतिक पहचान के साथ नया स्वरूप प्रदान किया गया है, 12.88 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बारात से लौट रहे दो युवकों की दर्दनाक मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

प्रतापगढ़। रायबरेली-जौनपुर हाईवे के किनारे खड़े चार युवकों को ट्रक ने कुचल दिया। इनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई, अन्य की हालत गंभीर है। यह हादसा रानीगंज के फतेहपुर शिवनाथ के तारा के पास हुआ। इस हादसे में 20 वर्षीय नीरज पटेल व 22 वर्षीय विनय पटेल की मौके पर मौत हो गई। साथ ही 19 वर्षीय आशीष पटेल, 20 वर्षीय गोविंद पटेल घायल हो गए। पुलिस दोनों घायलों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर रानीगंज ले गई। वहां से प्रयागराज रेफर कर दिया गया। ट्रक चालक मौके से भाग निकला। युवक बरात से लौट रहे थे। सभी एक ही गांव के अगल-बगल के थे। रानीगंज कोतवाल अर्जुन सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है। रानीगंज में हुए सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। एक्स पर उन्होंने संवेदना जताते हुए प्रतापगढ़ पुलिस प्रशासन को पीड़ित परिवार की मदद के निर्देश दिए हैं।

### गोण्डा में मिट्टी धंसने से तीन की मौत

गोण्डा। छपिया थाना पिपरा माहिम गांव में बुधवार की रात मजार निर्माण के लिए जेसीबी मशीन से नींव खोदाई करते समय मिट्टी धंसने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि पिपरा माहिम गांव स्थित मासूम-ए-मिल्लत की मजार निर्माण की नींव खोदी जा रही है। बुधवार को मजार के दोनों तरफ खोदाई फरजान रजा की निगरानी में हो रहा था। देररात जेसीबी से मिट्टी हटाई जा रही थी। इसी दौरान मिट्टी का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। मलबे में फरजान रजा, शकील मोहम्मद, अशद निवासी पिपरा माहिम और फकीर मोहम्मद निवासी रजवापुर थाना मनकापुर दब गए। ग्रामीणों ने सभी को मिट्टी से बाहर निकालकर सभी घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लाहनगर ले गए, जहां चिकित्सक ने शकील, अशद और फकीर को मृत घोषित कर दिया जबकि फरजान रजा को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। गांव में घटना को लेकर शोक का माहौल है। थाना प्रभारी छपिया ने बताया कि मिट्टी धंसने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई है। जांच की जा रही है।

### नेपाल के रास्ते भारत में घुसपैठ की फिराक में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिक, सीमा पर हाई अलर्ट

बहराइच (उप्र)। बहराइच जिले में 30 से अधिक पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा हिंदुस्तान में घुसपैठ करने के प्रयास की खुफिया रिपोर्ट के बाद भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच संदिग्ध घुसपैठियों के नेपाल पहुंचने की आशंका है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 42वीं वाहिनी के सेनानायक गंगा सिंह उदावत ने बुधवार शाम संवाददाताओं से कहा, हमें एसएसबी उच्च मुख्यालय से प्राप्त विशेष सूचना के मुताबिक, 35 से 37 बांग्लादेशी और पाकिस्तानी नागरिक अपने-अपने देशों से सीमा पार कर नेपाल आ गए हैं। उन्होंने कहा, अब वे भारत और नेपाल की खुली सीमा के रास्ते नेपाल से भारत में घुसपैठ करने की कोशिश करेंगे और हम उन्हें तुरंत पकड़कर कानून के हवाले करने के लिए तैयार हैं। कमांडेंट उदावत ने इस बात पर जोर दिया कि एसएसबी ऐसी किसी भी कोशिश का मुकाबला करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण माहौल में हम उन अवांछित लोगों को पकड़ने के लिए चौबीसों घंटे तैयार हैं, ताकि वे खुली सीमा का फायदा उठाकर भारत में प्रवेश न कर सकें। इन खतरों का मुकाबला करने के लिए एसएसबी ने अपनी गश्त तेज कर दी है। कमांडेंट उदावत ने चौबीसों घंटे लगातार जांच अभियान चलाने की जानकारी दी जिसमें जवान सड़कों, जंगलों और सीमा से सटे गांवों में पैदल और वाहनों से लगातार गश्त कर रहे हैं।

# पर्यावरण संरक्षण में समाज भी निभाए भूमिका: योगी

प्रात: किरण/एजेंसी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी- 2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने भारत के वैदिक दर्शन और सनातन परंपराओं का उल्लेख किया और प्रकृति के साथ सामंजस्य की आवश्यकता को लेकर लोगों से अपील भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाती हैं। उन्होंने वैदिक शांति पाठ का उदाहरण देते हुए बताया कि सनातन धर्म में हर मांगलिक अनुष्ठान की शुरुआत पृथ्वी, जल, अंतरिक्ष और वनस्पति चराचर जगत के कल्याण की कामना से होती है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण पर निर्भर है। अथर्ववेद में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के नाते, हमें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा।

योगी आदित्यनाथ ने 1992 में शुरू हुई वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण की चर्चा का उल्लेख करते हुए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक भारत को नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया है, लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज के हर व्यक्ति का योगदान आवश्यक है। यह केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। जब तक हम सभी मिलकर प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए काम नहीं करेंगे, तब तक सतत विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण भारत की स्वावलंबी परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले हर गांव में खलिहान, गोचर भूमि, तालाब और खाद के गड्ढे होते थे, जो पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। गांवों में सॉलिड वेस्ट को खाद के गड्ढों में डालकर कंपोस्ट बनाया जाता था, तालाब स्वच्छता के प्रतीक थे और गोचर भूमि पशुओं के लिए आरक्षित थी, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में हमने इन परंपराओं को नजरअंदाज




कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरणीय असंतुलन और बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने गांवों में तालाबों को ड्रेनेज का माध्यम बनाने और गोचर भूमि पर अतिक्रमण जैसे कदमों को आत्मघाती बताया। योगी ने उत्तर प्रदेश के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य का जैव विविधता बोर्ड ह्यप्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकासह्ण के विजन को साकार करने के लिए नए अभियान चला रहा है। पिछले आठ वर्षों में वन विभाग ने 210 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण कर राज्य के वन क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके साथ ही, नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा नदी को कानपुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निर्मल और अविरल बनाने में सफलता प्राप्त हुई है। कानपुर, जो कभी नमामि गंगे का सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र था, आज वहां गंगा स्वच्छ और जीवंत है। उन्होने जैव विविधता के संरक्षण में स्थानीय परंपराओं और ज्ञान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सनातन धर्म की उस परंपरा का उल्लेख किया, जिसमें पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं को देवताओं के साथ जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि पीपल, बरगद और जामुन जैसे वृक्षों का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। पहले लोग चींटियों को मारने के बजाय आटा और चीनी देकर उन्हें प्राकृतिक रूप से हटाते थे। यह प्रकृति के साथ सामंजस्य का उदाहरण है। योगी ने आधुनिक विकास के मॉडल पर भी सवाल उठाए, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम हर कार्य को मशीनीकरण की ओर ले जा रहे हैं, चाहे वह ड्रेनेज हो या औद्योगिक कचरा। हमें प्राकृतिक उपायों को अपनाना होगा, जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में जल शोधन की देसी पद्धतियां थीं। उन्होंने कहा कि जटायु जैसे पक्षियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों और दवाओं के दुष्प्रभावों ने इन प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर पहुंचा दिया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जटायु, जो प्रकृति के शोधन का कार्य करता था, आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। हमें अपनी परंपराओं के प्रति कृतज्ञता दिखानी होगी। सीएम योगी ने लोगों से आह्वान किया कि जैव विविधता संरक्षण को जन आंदोलन बनाना होगा। यह सृष्टि केवल मनुष्य के लिए नहीं है। अगर हमें अपने अस्तित्व को बचाना है, तो हमें जीव-जंतुओं, जल स्त्रोतों और पर्यावरण के संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से कार्य करना होगा। उत्तर प्रदेश का जैव विविधता बोर्ड इस दिशा में प्रयासरत है, और हमें इन प्रयासों को और गति देनी होगी।संगोष्ठी के दौरान, मुख्यमंत्री ने जैव विविधता पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रत्येक स्टॉल पर जाकर उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रीन बजट और जैव विविधता पुस्तिका का विमोचन किया, साथ ही चित्रकला, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। सीएम योगी ने कार्बन क्रेडिट के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया और एनजीओ फार्मर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, राज्यमंत्री केपी मलिक, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव अनिल कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज आंधी-तूफान और बारिश से भारी तबाही, चार लोगों की मौत, दर्जनों घायल

**सबसे पहले जिला मुख्यालय पर तेज आये तूफान ने तवाही मचा दी कही बोलेरो के ऊपर बिजली का खंभा गिरा तो कही तार टूट कर गिर गये कही दर्जनों पेड सडकों पर अलग अलग पडे मिले वही एक और नजारा मेडिकल कालेज सीएमओ कार्यालय के पीछे घटा जिसमें बिजली के खंभे पर एक पेड़ टूटकर गिर गया। जिससे खंभे से मुख्य लाइन टूटकर डाक बगलिया जाने वाले रास्ते की नाली में पड़ी रही और विभाग के जेई को बताने के बाद भी लाइट नहीं काटी गयी। बमुश्किल मोहल्लावासियों ने तारों के ऊपर गिरे पेड के कुछ भाग को काटकर हटाया। वहीं एक अन्य छत और दीवार गिरने की घटना में जलेसर कोतवाली क्षेत्र के गांव महानमई में टीन शेड और दीवार गिरने से एक ही परिवार के छह सदस्य मलबे में दब गए। इनमें तीन बच्चे और तीन महिलाएं शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।**

प्रात: किरण/एजेंसी

एटा। बुधवार की रात आई तेज आंधी तूफान और बारिश ने जिलेभर में भारी तबाही मचाई। कई इलाकों में मकानों की छतें और दीवारें गिर गईं, पेड़ और बिजली के पोल धराशायी हो गए, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इस आपदा में चार युवकों की मौत हो गई, जबकि महिलाओं और बच्चों समेत 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सबसे पहले जिला मुख्यालय पर तेज आये तूफान ने तवाही मचा दी कही बोलेरो के ऊपर बिजली का खंभा गिरा तो कही तार टूट कर गिर गये कही दर्जनों पेड सडकों पर अलग अलग पडे मिले वही एक और नजारा मेडिकल कालेज सीएमओ कार्यालय के पीछे घटा जिसमें बिजली के खंभे पर एक पेड़ टूटकर गिर गया। जिससे खंभे से मुख्य लाइन टूटकर डाक बगलिया जाने वाले रास्ते की नाली में पड़ी रही और विभाग के जेई को बताने के बाद भी लाइट नहीं काटी गयी। बमुश्किल मोहल्लावासियों ने तारों के ऊपर गिरे पेड के कुछ भाग को काटकर हटाया। वहीं एक अन्य छत और दीवार गिरने की घटना में जलेसर कोतवाली क्षेत्र के गांव महानमई में टीन शेड और दीवार गिरने से एक ही परिवार के छह सदस्य मलबे में दब गए। इनमें तीन बच्चे और तीन महिलाएं शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद गांव में चीख-पुकार मच गई और ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया।



**तेज आंधी के दौरान गिरी पक्की दीवार:** इसी तरह, जैथरा थाना क्षेत्र के गांव उदयपुरा में तेज आंधी के दौरान पक्की दीवार गिरने से एक युवक की मलबे में दबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेंद्र 45 वर्ष के रूप में हुई है, जो दीवार के किनारे सो रहा था। वहीं दूसरी घटना में थाना कोतवाली देहात के ग्राम जिरसमी निवासी59 वर्षीय महाराज सिंह की टीन गिरने से घायल होने पर प्रातः उपचार के दौरान मौत हो गयी।

तीसरी घटना थाना अवागढ़ क्षेत्र के ग्राम नगला लोधा में घटी जिसमें चिलर प्लांट पर सो रहे मालिक 35 वर्षीय विवेक निवासी ग्राम नरोरा तथा 45 वर्षीय पुष्पेंद्र निवासी ग्राम बरई कल्याणपुर की मौत हो गई सभी मृतकों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटनाओं की सूचना पर एसडीएम जलेसर भावना विमल तथा एसडीएम सदर जगमोहन गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर मृतकों एवं घायलों के परिजनों को दैवीय आपदा में राहत दिए जाने की घोषणा की। वहीं पेड़ और बिजली के पोल गिरने से भारी संकट उत्पन्न हो गया है आंधी के दौरान शहर और ग्रामीण इलाकों में कई पेड़ और बिजली के पोल गिर गए।

**पेड़ और पोल गिरने से यातायात पूरी तरह ठप:** जीटी रोड, ठंडी सड़क समेत प्रमुख मार्गों पर पेड़ और पोल गिरने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। यात्रियों से भरी बोलेरो के ऊपर विद्युत पोल और एक कार पर पेड़ गिर गया, हालांकि गनीमत रही कि यात्री सुरक्षित रहे। शहर की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है और मरम्मत कार्य जारी है वही अन्य घटनाएं और घायलों का उपचार पिलुआ थाना क्षेत्र के नगला दली गांव में भागवत कथा के दौरान तेज आंधी से पंडाल उड़ गया, जिससे तीन महिलाएं उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

वहीं, सकीट क्षेत्र के बावली गांव में घर पर सो रही बुजुर्ग महिला के ऊपर पेड़ का गुंदा गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। कोतवाली नगर क्षेत्र के हाजीपुर और शांति नगर में भी मकानों की छतें गिरने से महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई हैं। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज और सीएचसी तथा निजी उपचार के लिए भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा है। वहीं एक तेज रफ्तार कैंटर से क्षेत्राधिकारी नगर के कार्यालय के सामने अनियंत्रित होकर कोतवाली नगर के पास एक दुकान में जा घुसी।

हादसे में दुकान और कैंटर दोनों को नुकसान हुआ, हालांकि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ क्योंकि घटना रात में हुई मात्र 20 मिनट में मची तबाही के बाद प्रशासन सतर्क है। घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों के इलाज के लिए मेडिकल टीमों को अलर्ट कर दिया गया है तेज आंधी-तूफान और बारिश ने एटा जिले में भारी तबाही मचाई है।एक युवक की मौत और दर्जनों लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। पेड़ और पोल गिरने से विद्युत व्यवस्था और यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। प्रशासन राहत कार्य में जुटा है, लेकिन जनजीवन को सामान्य होने में समय लग सकता है। अभी 15 घंटो से अधिक समय बाद भी एटा की विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी है।

## फतेहपुर में आंधी-बारिश का कहर, तीन लोगों की मौत, दो गंभीर

प्रात: किरण/एजेंसी

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में तेज आंधी और बारिश ने कहर बरपाया है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए हैं।पहली घटना बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के नंदापुर गांव की है। 16 वर्षीय अंशिका शुक्ला घर के बाहर सूख रहे कपड़े उठाने गई थी, तभी पास के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरी। बिजली की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पेड़ टूटकर अंशिका के ऊपर गिर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

दूसरी घटना बकेवर थाना क्षेत्र के मोहीउद्दीनपुर आलमपुर गांव में हुई, जहां 57 वर्षीय राम बाबू अपने मकान की दूसरी मंजिल पर लेटे थे। तेज बारिश और तूफान के कारण मकान की ऊपरी मंजिल अचानक ढह गई। मलबे में दबकर राम बाबू की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरी घटना गाजीपुर थाना क्षेत्र के पाइने गांव से सामने आई है। 85 वर्षीय मौजी लाल अपने नाती के घर आए हुए थे और नीम के पेड़ के नीचे सो रहे थे। अचानक बिजली गिरने से पेड़ चपेट में आ गया और मौजी लाल की भी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में मौके पर मौजूद मैकू (50) और राजेश (24) गंभीर रूप से झुलस गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी है और घायलों के बेहतर इलाज के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आपदा राहत कोष से मुआवजा देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बता दें कि तेज आंधी और बारिश की वजह से कई अन्य जिलों में भी काफी नुकसान पहुंचा है और कई लोगों की मौत भी हुई है। इसे लेकर प्रशासन ने उचित कदम उठाया है।

## अमृत भारत स्टेशन योजना : प्रयागराज के करछना रेलवे स्टेशन का बदला लुक

प्रात: किरण/एजेंसी

प्रयागराज। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करछना रेलवे स्टेशन का भी उद्घाटन किया। इस दौरान देशभर में 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया गया। करछना रेलवे स्टेशन को 9.8 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि भारत सरकार के रेल मंत्रालय की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 1,300 स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इसमें से 103 बनकर तैयार हैं। जिन्हें पीएम मोदी ने देश की जनता को समर्पित किया है। 103 में से 19 स्टेशन उत्तर प्रदेश के हैं। इसमें से एक स्टेशन करछना है, जिसे करीब 9 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया गया है।

# सीएम योगी ने 'अमृत भारत स्टेशन' को बताया नए भारत के संकल्प को साकार करने वाला अभिनव प्रयोग

प्रात: किरण/एजेंसी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर से ह्यअमृत भारत स्टेशन योजनाह्ण के तहत देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश के 19 रेलवे स्टेशनों का भी कायाकल्प हुआ है। यह भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए इसे ह्यगति और गौरव के उत्तम समन्वय का नया प्रतीकह्ण बताया। उन्होंने कहा कि ह्यअमृत भारत स्टेशनह्ण नए भारत के संकल्प को साकार करने वाले हैं। अमृत भारत स्टेशन न केवल आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा देंगे।उत्तर प्रदेश के बलरामपुर, बरेली सिटी, बिजनौर, फतेहाबाद, गोला गोकर्णनाथ, गोवर्धन, गोविंदपुरी, हाथरस सिटी, ईदगाह आगरा, इज्जतनगर, करछना, मैलानी, पुखरायां, रामघाट हॉल्ट, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सुरेमनपुर, स्वामीनारायण छपिया और उझानी स्टेशनों को इस योजना के तहत नया स्वरूप दिया गया है।इन स्टेशनों का पुनर्विकास यूपी में रेल यात्रियों के लिए सुगम और सुखद अनुभव सुनिश्चित करेगा। उत्तर प्रदेश के पुनर्विकसित स्टेशनों में आधुनिक सुविधाएं जैसे आधुनिक वेटिंग रूम, एस्केलेटर, लिफ्ट, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, डिजिटल डिस्प्ले, हरित ऊर्जा आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर और स्थानीय वास्तुशिल्प की झलक जैसे कई नवाचार किए गए हैं। ये स्टेशन न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहन देंगे।बीकानेर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के बाद लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा आज राष्ट्र को समर्पित किए गए उत्तर प्रदेश के 19 अमृत स्टेशनों समेत देश के सभी 103 अमृत स्टेशन ह्यनए भारतह्ण में विरासत के संरक्षण, विकास के संकल्प तथा ह्यगति एवं गौरवह्ण के उत्तम समन्वय के नए प्रतीक हैं। देश भर में पुनर्विकसित ये अमृत स्टेशन ऐसे ह्यनए भारतह्ण की संकल्पना को साकार करते हैं, जहां सुविधाएं, तकनीक और सांस्कृतिक गौरव एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। निश्चित ही ये अमृत स्टेशन क्षेत्र के विकास, स्थानीय संस्कृति के उन्नयन, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार में सहायक सिद्ध होंगे। सीएम योगी ने यात्रियों को एकीकृत आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुलभ और आत्मीय यात्रा का अनुभव देने वाले इन अमृत स्टेशनों के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हार्दिक आभार जताया है। बता दें कि देश के 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 86 जिलों में स्थित इन 103 स्टेशनों को 1,100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 1,300 से अधिक स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय वास्तुकला को दशार्ने और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। मोदी सरकार में पिछले 11 वर्षों में 34 हजार किमी रेल पटरियां बिछाई गई हैं। साथ ही 47 हजार किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण हुआ है। इसके अलावा वंदे भारत, नमो भारत, अमृत भारत जैसी ट्रेनें और 42 हजार आईसीएफ कोच को एलएचबी कोच में बदला गया है।

# आगरा के ईदगाह रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, यात्री उठा पाएंगे आधुनिक सुविधाओं का लाभ

प्रात: किरण/एजेंसी

आगरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर से वर्चुअल तौर पर देश के 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया। इनमें आगरा का ईदगाह रेलवे स्टेशन भी शामिल है, जिसे ह्यअमृत भारत स्टेशन योजनाह्ण के तहत पुनर्विकसित किया गया है। जानकारी के मुताबिक, ईदगाह रेलवे स्टेशन को 12.80 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। स्टेशन पर भवन विस्तार, शौचालय, दिव्यांगजन पार्किंग, प्रतीक्षालय, बुकिंग काउंटर और पीएफ शेल्टर जैसी आधुनिक सुविधाओं का लाभ यात्रियों को मिल पाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने बताया कि ह्यअमृत भारत स्टेशनह्ण पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत 103 पुनर्विकसित स्टेशनों का उद्घाटन किया गया। इसमें आगरा का ईदगाह रेलवे स्टेशन भी शामिल है। 12.80 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित किए गए ईदगाह रेलवे स्टेशन पर कई सुविधाएं अब मिल पाएंगी। हालांकि, इस योजना के अलावा हम आगरा के अन्य स्टेशनों को भी विकसित कर रहे हैं। अमृत स्टेशन योजनाह्ण के तहत आगरा रेल मंडल के 15 स्टेशनों का कायाकल्प कराया जा रहा है। इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने और सौंदर्यकरण पर 200 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा रहे हैं। इनमें से 5 स्टेशनों का काम लगभग पूरा हो गया है। इन पर लगभग 44 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। आगरा रेल मंडल में सबसे अधिक गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर खर्च किया गया है। यहां 16 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य कराए गए हैं।उत्तर प्रदेश में जिन ह्यअमृत स्टेशनोंह्ण का उद्घाटन किया गया है, उनमें बलरामपुर, बरेली शहर, बिजनौर, फतेहाबाद, गोला गोकर्णनाथ, गोवर्धन, गोविंदपुरी, हाथरस सिटी, ईदगाह आगरा जंक्शन, इज्जतनगर, करछना, मैलानी जंक्शन, पुखरायां, रामघाट हाल्ट, सहारनपुर जंक्शन, सिद्धार्थनगर, सुरेमनपुर, स्वामीनारायण छपिया, उझानी रेलवे स्टेशन शामिल हैं। पीएम मोदी ने भारतीय रेलवे में किए जा रहे विकास कार्यों पर नजर डालते हुए कहा था, हम एक साथ देश के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बना रहे हैं। आधुनिक हो रहे इन रेलवे स्टेशनों को देश ने ह्यअमृत भारत स्टेशनह्ण का नाम दिया है। आज इनमें से 100 से अधिक ह्यअमृत भारत स्टेशनह्ण बनकर तैयार हैं। आज भारत में हो रहे इन विकास कार्यों को देखकर दुनिया भी हैरान है। आज भारत अपनी ट्रेनों के नेटवर्क को भी आधुनिक कर रहा है। ये ह्यवंदे भारतह्ण, ह्यअमृत भारतह्ण और ह्यनमो भारत ट्रेनह्ण देश की नई गति और नई प्रगति को दशार्ती हैं।

## यूपी में आंधी से आग लगी 100 घर जले, 20 की मौत, रास्ते में पेड़ गिरने से नहीं पहुंच पाई दमकल

प्रात: किरण/एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के करीब 20 जिलों में आई आंधी ने जमकर तबाही मचाई। इसमें अलग अलग घटनाओं में करीब 100 घर जले हैं और लगभग 20 लोगों की मौत हुई। वहीं तेज आंधी के कारण सड़कों पर बड़े बड़े वृक्ष गिरने से रास्ते बंद हो गए। नजीजा ये रहा है कि कई दमकलें रास्तों में ही फंसी रहीं। इसके बाद भी दमकल कर्मचारियों ने दो पहिया वाहनों से जैसे तैसे घटना स्थल तक पहुंचने की कोशिश की तो कहीं पहुंचे और कहीं नहीं भी पहुंच पाए। इसके बाद तेज बारिश ने भी कहर बरपाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बदायूं जिले में तेज आंधी-बारिश के बाद जरीफनगर के कई गांवो में आग लगने से 100 से ज्यादा घर जल गए। ग्रामीणों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी आग लगने की सूचना दी थी। हालांकि तेज आंधी की वजह से रास्ते में कई पेड़ टूटकर गिरे हुए थे, जिसके चलते फायर ब्रिगेड और पुलिस समय पर नहीं पहुंच पाई। जैसे-तैसे पुलिस कर्मी बाइकों का इंतजाम करते खेतों से होकर गांव में पहुंचे। बताया जा रहा है कि इस हादसे में गांव में बड़ा नुकसान हुआ है। उनके घरों में रखा सारा सामान जल गया है। जिले की नगर पंचायत दहगवां, जरीफनगर, सोनखेड़ा, जमुनी और मालपुर ततेरा सहित कई गांवों में आंधी के दौरान आग लगी। आग की घटना के बाद एसपी देहात, एसडीएम सहसवान, तहसीलदार और राजस्व विभाग की टीम नुकसान का आंकलन कर रही है। सहारनपुर में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं गाजियाबाद में आंधी के चलते पेड़ गिरने से एक युवक की मौत हो गई और बिजली ठप हो गई। वहीं भयंकर आंधी-तूफान में जलेसर कोतवाली क्षेत्र के गांव महानमई में टीन सेट सहित दीवार गिरने से परिवार के 6 लोग दबे। टीन सेट और दीवार के नीचे दबे मासूम बच्ची सहित 6 लोग घायल हो गए, जिसमें महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं।

## प्रतापगढ़ की बकुलाही नदी में तीन बहनों सहित चार बच्चियों की डूब कर मौत

प्रात: किरण/एजेंसी

प्रतापगढ़। जनपद के महेशगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को सुबह बौखलाही नदी से मिट्टी निकालने गई पांच बच्चियों में से चार बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बच्चियों के शव नदी से निकाले और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया और जिला प्रशासन को हरसंभव सहायता देने का निर्देश दिया। महेशगंज थाना क्षेत्र के डिहवा जलालपुर की रहने वाली तीन सगी बहनें अपने पड़ोस की चचेरी बहन और एक अन्य बच्ची केसाथ गुरुवार की सुबह करीब दस बजे बकुलाही नदी से चूल्हा व घर में लेपने के लिए मिट्टी निकालते के लिए गई थीं। नदी सेमिट्टी निकालते समय चार बच्चियां गहरे पानी में डूब गईं। यह देखकर साथ एक बच्ची ने शोर मचाकर गांव वालों को सूचना दी।तब ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और नदी में डूबी स्वाति (13), संध्या (11) और चांदनी (6) पुत्री जीतलाल और प्रियांशी (7) पुत्री पृथ्वीपाल को पानी में ढूंढ कर बाहर निकाला, लेकिन तब तक चारों की सांसें थम चुकी थीं। स्वाति, संध्या और चांदनी तीनों सगी बहनें हैं, जबकि एक चचेरी बहन है। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना पाकर तमाम पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को पीड़ित परिजनों को हरसंभव सहायता दिए जाने का निर्देश दिया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार मौके पर पहुंच गए।घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि मांधाता थाना क्षेत्र में बकुलाही नदी से पांच बच्चियां मिट्टी निकलने गई थी, जिसमें से चार बच्चियों की नदी में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



# 'इंडी फिल्म्स को नहीं मिलता समर्थन', नवाज ने किया छोटे बजट की फिल्मों का सपोर्ट

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने स्वतंत्र फिल्मों और निर्देशकों को उचित समर्थन न मिलने पर नाराजगी जताई है। अभिनेता का ऐसा मानना है कि स्वतंत्र फिल्में और निर्देशक भारत में प्रसिद्धि लाते हैं, लेकिन उन्हें एक त्यौहारों की तरह सेलिब्रेट किया जाता है और फिर वो गायब हो जाते हैं। उन्हें पर्याप्त समर्थन नहीं मिलता। हालिया बातचीत में अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने स्वतंत्र फिल्मों और निर्देशकों को लेकर बात की। अभिनेता ने कहा, अगर स्वतंत्र फिल्मों को समर्थन मिले तो बहुत कुछ हो सकता है। हम उन्हें त्यौहारों की फिल्में मानकर खारिज कर देते हैं। उन्हें लिमिटेड रिलीज मिलती है और ऐसी फिल्मों के निर्माताओं को कोई समर्थन नहीं मिलता। लेकिन ये ऐसी फिल्में हैं जो हमारे देश को प्रसिद्धि दिलाती हैं। नवाजुद्दीन की ये प्रतिक्रिया ऐसे वक्त पर आई है जब 21 मई को कान फिल्म फेस्टिवल में अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन में नीरज घेवन की 'होमबाउंड' का प्रीमियर होना है। नवाज ने आगे कहा, ये वे फिल्में हैं जिन्हें देखा जाता है, चाहे वह पायल कपाड़िया की फिल्में हों या नीरज घेवन की। ये फिल्में हमारे देश के लिए एक पहचान बनाती हैं क्योंकि ये जितनी लोकल हैं, उतनी ही वैश्विक भी हैं। हमारी फिल्मों में हम अपने समाज के कैरेक्टर्स को नहीं देखते हैं। हमारी फिल्मों में जो चरित्र दिखते हैं, वो हमारी गलियों और नुक्कड़ों में मौजूद नहीं हैं। अगर आप भारत के बारे में फिल्में बनाते हैं, तो वे बाहर नाम कमाती हैं क्योंकि वे असली फिल्में हैं। जो कमर्शियल और कथित बड़ी फिल्में होती हैं, वो अभी भी उस बाजार में जगह नहीं बना पाई हैं। लेकिन ये छोटे बजट की फिल्में वो कर चुकी हैं।

'विदेशों में लोग अनुराग कश्यप, पायल कपाड़िया और रितेश बत्रा को पहचानते हैं' 'द लंचबॉक्स' का उदाहरण देते हुए नवाजुद्दीन ने कहा, ये फिल्म निर्माता अपने बजट के कारण छोटे हो सकते हैं, लेकिन वे अपने दिमाग के कारण बड़े फिल्म निर्माता हैं। ये स्वतंत्र फिल्म निर्माता भारत को सम्मान दिलाते हैं और वे ऐसा करते रहेंगे। अगर मैं फ्लोरिडा में किसी छोटे फिल्म समारोह में जाता हूं, तो वहां लोग अनुराग के बारे में जानते हैं और हमें यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि बाहर के छोटे फिल्म समारोह में भी लोग उन्हें क्यों जानते हैं। ये लोग शायद यहां के बड़े बॉलीवुड निर्देशकों को नहीं जानते लेकिन वे अनुराग को जानते हैं और आज, वे पायल कपाड़िया या रितेश बत्रा को जानते हैं।



# 'द गर्लफ्रेंड' के लिए फैंस को रश्मिका का जवाब

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। इस वक्त वह अपनी अपकमिंग फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। इस फिल्म का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है, जिसे सोशल मीडिया पर जल्द रिलीज करने के लिए ट्रेंड किया जा रहा है। अब फिल्म को लेकर अभिनेत्री ने जानकारी साझा करते हुए फैंस को तसल्ली दी है।

## फिल्म को लेकर दी ये जानकारी

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी अपकमिंग फिल्म द गर्लफ्रेंड के प्रति दर्शकों की बेसब्री देख अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया है। उन्होंने फिल्म निर्देशक राहुल रविंद्रन के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मेरे प्यारों, मुझे पता है कि आपको इंतजार करना पड़ रहा है और आपका ट्रेंड भी शानदार है। आप भरोसा रखें, राहुल रवींद्रन इस फिल्म को आपके लिए शानदार बनाने में जुटे हैं। यह एक खास फिल्म है।

## रश्मिका ने फैंस से किया वादा

आगे ट्वीट में अभिनेत्री ने लिखा, ये शानदार फिल्म है, जिनके बारे में आमतौर पर ज्यादा बात नहीं होती। ये पूरी तरह किरदारों पर बनी फिल्म है और यही इसकी सबसे खास बात है। हम वादा करते हैं कि हम आपको सबसे बेहतरीन फिल्म देंगे और ये इंतजार आपके लिए यादगार होगा। आज आपने जो प्यार दिखाया, उसके लिए हम प्रक्रिया को और तेज करेंगे और जल्द से जल्द ये फिल्म आपके सामने लाएंगे। एक्ट्रेस के इस ट्वीट पर निर्देशक राहुल रविचंद्रन ने रीट्वीट करते हुए जवाब दिया। उन्होंने लिखा, यह लड़की हमारी फिल्म की आत्मा और रीढ़ है। बहुत ज्यादा प्यार रश्मिका और हां, वास्तव में हम आप सभी को एक अच्छा अनुभव देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## द गर्लफ्रेंड फिल्म के बारे में

राहुल रविचंद्रन के निर्देशन में द गर्लफ्रेंड फिल्म को बनाया जा रहा है। वहीं, इसका निर्माण धीरज मोगिलिनेनी और विद्या कोप्पिनीडी ने किया है। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म में रश्मिका के अलावा दीक्षित शेट्टी भी नजर आएंगे। यह एक प्रेम कहानी है।



# युजवेंद्र चहल संग डेटिंग रूमर्स पर आरजे महवश ने तोड़ी चुप्पी

सोशल मीडिया के इस दौर में जहां लोकप्रियता मिलती है, वहीं अफवाहों और ट्रोलिंग का सामना करना भी आम बात बन चुकी है। ऐसा ही कुछ हाल के दिनों में रेडियो जॉकी से हाल ही में एक्ट्रेस बनीं आरजे महवश के साथ देखने को मिल रहा है, जिनका नाम पिछले काफी दिनों से भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि दोनों में से किसी ने भी इन खबरों की पुष्टि नहीं की, लेकिन महवश ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि झूठी खबरों और ऑनलाइन ट्रोलिंग ने उन्हें अंदर तक झकझोर कर रख दिया।

## 'कभी-कभी लगता था सब छोड़ दूं'

'द फ्री प्रेस जर्नल' के साथ बातचीत में महवश ने बिना चहल का नाम लिए बताया कि किस तरह सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और बेबुनियाद आरोपों ने उन्हें मानसिक रूप से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि कई बार उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि वो सबकुछ छोड़कर एक शांत और साधारण जिंदगी जीने निकल जाएं।

## फर्जी खबरों पर महवश की प्रतिक्रिया

महवश ने यह भी बताया कि जब कोई फर्जी खबर वायरल हो जाती है, तो उसके जवाब में कुछ कहने से पहले ही उन्हें रोक दिया जाता है। उन्होंने कहा, 'हमारे साथ काम करने वाले लोग हमेशा कहते हैं कि अभी कुछ मत बोलो, शांत रहो। लेकिन कोई यह नहीं समझता कि जो कुछ हो रहा है, वो हमारे साथ हो रहा है। कई बार दिल करता है कि सोशल मीडिया पर लंबा पोस्ट लिखकर सब कुछ साफ कर दूं, लेकिन हर किसी को जवाब देना संभव नहीं होता।'

## प्यार पैसा प्रॉफिट से अभिनय में किया डेब्यू

आरजे महवश ने हाल ही में वेब सीरीज 'प्यार पैसा प्रॉफिट' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की है। इस शो को 7 मई को अमेजन पर रिलीज किया गया था। खास बात यह रही कि शो के रिलीज के समय युजवेंद्र चहल ने भी इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी डालकर महवश को सपोर्ट किया था, जिससे दोनों के रिश्ते की चर्चा और तेज हो गई। हालांकि इस पर अभी भी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# साउथ अभिनेता सूर्या की आगामी फिल्म का हुआ शुभारंभ

साउथ के मशहूर अभिनेता सूर्या लगातार कई सारे प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'रेट्रो' सिनेमाघरों में रिलीज हुई। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाई। इस बीच अभिनेता के आगामी प्रोजेक्ट 'सूर्या 45' के टाइटल को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं, उनके आगामी प्रोजेक्ट 'सूर्या 46' का शुभारंभ भी हुआ। अभिनेता के आगामी प्रोजेक्ट 'सूर्या 46' का हैदराबाद में भव्य पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। सूर्या की फिल्म सोमवार को एक पारंपरिक पूजा समारोह के साथ आधिकारिक तौर पर फ्लोर पर आ गई। इसका निर्देशन वेंकी एटलुरी ने किया है। निर्देशक त्रिविक्रम ने सूर्या 46 की मुहूर्त पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और फिल्म की शूटिंग को आधिकारिक तौर पर शुरू करने के लिए औपचारिक रूप से पहला क्लैप भी दिया।



## 'सूर्या 46' की स्टार कास्ट

सूर्या 46 की कास्ट सितारों से सजी हुई है। फिल्म में ममिता बैजू लीड एक्ट्रेस के तौर पर शामिल हैं। उनके अलावा बॉलीवुड स्टार अभिनेत्री रवीना टंडन और अभिनेत्री राधिका सरथकुमार महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। फिल्म की शूटिंग 30 मई से शुरू होने वाली है।

## क्या होगा 'सूर्या 45'का टाइटल?


सूर्या 45 के शीर्षक को लेकर भी तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म का शीर्षक वेट्टई करुप्पु हो सकता है। इसके साथ ही प्रशंसकों की उत्सुकता भी बढ़ गई है।

# रश्मिका संग रिलेशनशिप की अफवाहों पर क्या बोले विजय देवरकोंडा?

साउथ अभिनेता विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अपने कथित रिलेशनशिप की वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं। दोनों सितारों ने 'गीता गोविंदम' और 'डियर कॉमरेड' जैसी फिल्मों में एक साथ काम भी किया है। हाल ही में विजय देवरकोंडा ने एक इंटरव्यू में अपने और रश्मिका के रिलेशनशिप के बारे में खुलकर बात की।

रिलेशनशिप अफवाहों को लेकर क्या बोले विजय?

फिल्मफेयर से बातचीत में जब अभिनेता से पूछा गया कि इंडस्ट्री के अंदरूनी लोग अक्सर उन दोनों के लिंक की बात करते हैं, क्या ये अफवाहें सच हैं? इसके जवाब में विजय ने कहा, 'ये अंदरूनी लोगों से पूछें।' रश्मिका से अपनी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में कहा, 'मैंने रश्मिका के साथ पर्याप्त फिल्में नहीं की हैं। मुझे और करनी चाहिए। वह एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं। वह एक खूबसूरत महिला हैं। इसलिए केमिस्ट्री कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।' इसके अलावा विजय देवरकोंडा ने रश्मिका की खूबियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'वह बहुत मेहनती हैं। वह अपनी इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प से किसी भी चीज को हरा सकती हैं। वह बहुत दयालु हैं और खुद से पहले दूसरों की सुविधा और खुशी को प्राथमिकता देती हैं। हालांकि, उन्हें थोड़ा संतुलन बनाने की जरूरत है।' वहीं, जब अभिनेता से पूछा गया कि क्या वह शादी करने की योजना बना रहे हैं? इस पर विजय ने कहा, 'किसी दिन मैं जरूर शादी करूंगा।' विजय देवरकोंडा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह 'वीडी 14' और 'एसवीसी 59' में नजर आएंगे। किंगडम इस महीने रिलीज होने वाली थी, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इसे 4 जुलाई, 2025 तक के लिए टाल दिया गया है।





# सलमान खान और ऋतिक रोशन हैं मेरी मम्मी के दो क्रश

बिजली बिजली गाने से अपने करियर की शुरुआत करने वाली पलक तिवारी मानती हैं कि जानी -मानी अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी होने से उन्हें पहचान जरूर मिली, मगर रोल के मामले में उन्हें अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाना होगा। सलमान खान के साथ किसी का भाई किसी की जान में दिखीं पलक हालिया रिलीज भूतनी के बाद चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म रोमियो एस 3 से। यहां वे हमसे कई मुद्दों पर दिल खोलकर बातें कीं।

पलक तिवारी खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हैं कि फिल्मों में उनकी शुरुआत सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ किसी का भाई किसी की जान से से हुई। वे कहती हैं, आपको एक मजेदार बात बताऊं, मेरी मम्मी (अभिनेत्री श्वेता तिवारी) के दो ही क्रश हुए थे, एक सलमान सर और दूसरे रितिक रोशन सर। मेरी मम्मी स्कूल-कॉलेज में रही होंगी, जब उनकी कुछ कुछ होता है रिलीज हुई थी। मम्मी बताती हैं कि जब सलमान सर की एंट्री होती, मम्मी समेत सभी लड़कियां सीटी मारा करती थीं, तो आप समझ सकते हैं कि जिन स्टार की मामी फैन थीं, उनके साथ मैं काम करने का कैसे सोच सकती थी। जाहिर है मेरी उम्र के कारण ये तो सिर्फ ख्वाब ही हो सकता था, तो जब मुझे किसी का भाई किसी की जान के लिए सलमान सर के साथ काम करने का मौका मिला, तो मैंने कहानी के बारे में एक पल भी नहीं सोचा। मेरे लिए ये बहुत बड़ी बात थी कि पूरे तीन महीने तक मैं उनके इर्द -गिर्द रहूंगी। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। वे बहुत ही नरमदिल और अच्छे इंसान हैं। मैं बहुत भाग्यवान हूं कि उनके अनुभवों से मैं ग्रो हो पाई।

## अपने भाई की हीरो हूं मैं

पलक तिवारी की मां श्वेता तिवारी और उनके पिता राजा चौधरी का सालों पहले अलगाव हो गया था। उसके बाद पलक अपनी मां और भाई रेयांश के साथ पली-बढ़ी हैं। अपनी जिंदगी के प्राउड मोमेंट के बारे में वे कहती हैं, हम हमेशा सोचते हैं कि बच्चों के लिए उनके सुपर हीरो उनके पिता या कोई मर्द हो सकते है, मगर अपने छोटे भाई रेयांश के लिए असली हीरो मैं हूं। उसने हमारी मां और नानी के स्ट्रगल को भी देखा है और मुझे भी काफी छुटपन से देखा है, तो उसके लिए मैं बहुत अहमियत रखती हूं। मैं यही चाहती हूं कि मैं और स्ट्रॉन्ग बनूं और मेहनत से काम करूं और उसे और ज्यादा गर्व महसूस करें। आखिरकार मेरा भाई मेरे जिगर का टुकड़ा है। वे आगे कहती हैं, लोग अक्सर लड़कियों के साथ होने वाली हीनता की बातें करते हैं, तो मैं खुद को उस स्थिति में आने ही नहीं देती। असल में मैं मर्दों से किसी तरह की उम्मीद ही नहीं रखती। वे हमें क्या ही समझ पाएंगे। हां, मैं औरतों से जरूर एक्पेक्ट करती हूं। औरतें, मर्दों की तुलना में ज्यादा इंटेलिजेंट होती हैं। मगर जब कोई महिला, महिला के बारे में गलत बोलती हैं, तब बुरा लगता है।

बीते दिनों पलक अपनी हॉरर फिल्म द भूतनी से चर्चा में रहीं पलक भूत-प्रेत में यकीन नहीं करतीं। वे कहती हैं, मेरे साथ भगवान की दया से कोई भूतिया अनुभव तो नहीं हुआ है और कामना करती हूं कि आगे भी न हो, मगर मैंने अपनी मम्मी (अभिनेत्री श्वेता तिवारी) से भूतों की बहुत-सी बाते सुनी है, जैसे मुकेश मिल्स (शूटिंग स्टूडियो) हॉन्टेड है। मम्मी बताती थीं कि अक्सर वहां की लाइट चली जाया करती थी। रात के 2-3 बजे कुछ न कुछ डरावना ज़रूर होता था। मम्मी कमालिस्तान स्टूडियो के बारे में भी बताती थीं अपने डरावने अनुभवों को लेकर। मधुबाला जी के बंगले को लेकर भी अफवाहें थी वहां कुछ डरावना था। मगर मैं इस बात पर यकीन करती हूं कि भगवान है, तो शायद शैतान न हो। अगर कोई भूत-प्रेत है भी, तो हो सकता है वो यहां थोड़ा समय बिता कर चला जाए। भूत अच्छे भी हो सकते हैं।




## नौकरी ढूंढ रहे दो-तिहाई लोग नई भूमिका के लिए तैयार, कहां जाना चाह रहे 74 प्रतिशत लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगभग 67 प्रतिशत पेशेवर नए अवसरों की तलाश करना चाहते हैं। हालांकि, इनमें से ज्यादातर यह नहीं जानते हैं कि उन्हें किस पद या उद्योग में अपने के लिए अवसरों की तलाश करनी है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। पेशेवर नेटवर्क मंच लिंक्डइन के शोध के




अनुसार, 65 प्रतिशत पेशेवरों ने कहा कि वे अपने करियर के लक्ष्यों को एक दोस्त को समझा सकते हैं, लेकिन यह नहीं जानते कि उस भूमिका की खोज कैसे करें। वहीं 64 प्रतिशत को नौकरी फिल्टर भ्रमित करने वाले लगते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, भारत में दो-तिहाई (67 प्रतिशत) पेशेवरों का कहना है कि वे नए अवसरों के लिए तैयार हैं। हालांकि, वे नहीं जानते कि उन्हें किस पद या उद्योग में नौकरी की तलाश करनी चाहिए। इसमें कहा गया है कि 74 प्रतिशत लोगों की इच्छा है कि वे ऐसी प्रासंगिक भूमिकाएं खोज पाएं, जिनके बारे में उन्होंने सोचा भी नहीं था।

**अवसर खोजने के आसान तरीकों की मांग बढ़ रही-** अध्ययन में कहा गया है कि जैसे-जैसे नौकरी के पद विकसित होते हैं और कौशल नियुक्ति संबंधी फैसलों का प्रमुख कारक होता जाता है, वैसे-वैसे नौकरी चाहने वालों के बीच पूर्वनिर्धारित पद या कीवर्ड के बजाय अपने कौशल और लक्ष्यों के आधार पर अवसर खोजने के आसान तरीकों की मांग बढ़ रही है। लिंक्डइन की यह रिपोर्ट इस साल 25 अप्रैल से छह मई के बीच 18-78 वर्ष की आयु के 2,001 से अधिक कार्यरत और बेरोजगार उत्तरदाताओं से प्राप्त जवाब पर आधारित है।

## एनर्जी कंपनी के शेयर पर टूटे निवेशक, 12 प्रतिशत चढ़ा भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयर लगातार चर्चा में हैं। कंपनी के शेयर आज 12 प्रतिशत तक चढ़ गए और 117.80 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे मार्च तिमाही के



नतीजे हैं। बीते दिन बुधवार को कंपनी ने अपने मार्च तिमाही के लिए अपने नतीजे जारी कर दिए। मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा 3 गुना बढ़ गया और यह 233.21 करोड़ पर रहा। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज 80.95 करोड़ से 255 प्रतिशत अधिक है।

**रेवेन्यू में भी इजाफा-** कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 22.4 प्रतिशत बढ़ा है। यह मार्च 2024 तिमाही में 508.14 करोड़ से बढ़कर मार्च 2025 तिमाही में 622.27 करोड़ हो गया। क्रमिक रूप से, दिसंबर तिमाही में 505.08 करोड़ से रेवेन्यू 23 प्रतिशत से अधिक था।

# भारत पर भरोसा! चीन को मिर्ची लगना तय

### ट्रंप को अनसुना कर iPhone बनाने वाली कंपनी का बड़ा फैसला,

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आईफोन बनाने वाली कंपनी ऐपल को भारत में स्मार्टफोन का निर्माण बंद करने को कहा था। वह चाहते हैं कि कंपनी अमेरिका में ज्यादा निवेश करे। ऐपल के सीईओ टिम कुक का कहना है कि अमेरिका में बिकने वाले ज्यादातर फोन चीन के बजाय भारत में बनेंगे। ट्रंप की धमकी के बावजूद कंपनी भारत में अपनी योजनाओं को आगे बढ़ा रही है। कर्नाटक के देवनहल्ली में फॉक्सकॉन के प्लांट में काम सामान्य रूप से चल रहा है। 300 एकड़ में फैले कंपनी के प्लांट में कर्मचारियों के रहने के लिए डॉर्मिटरी बनाने का काम भी तेजी से चल रहा है। ताइवान की यह कंपनी ऐपल के लिए आईफोन बनाती है।

दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन देवनहल्ली प्लांट में 2.56 बिलियन डॉलर का निवेश कर रही है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह प्लांट देवनहल्ली तालुक के दोड्डागोल्लाहल्ली और चप्पराडाहल्ली गांवों में फैला हुआ है। यह बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 34 किलोमीटर दूर है। फॉक्सकॉन ने पहले चरण (2023-24) में लगभग 3,000 करोड़ रुपये का निवेश किया था। दूसरे चरण (2026-27) में भी लगभग इतनी ही राशि का निवेश होने की उम्मीद है। कंपनी का लक्ष्य इस साल दिसंबर तक लगभग 100,000 आईफोन बनाने का है।



### कर्मचारियों के लिए डॉर्मिटरी

सूत्रों के अनुसार डॉर्मिटरी में लगभग 30,000 कर्मचारी रह सकते हैं। यह भारत में इस तरह की सबसे बड़ी फैसिलिटी होगी। उम्मीद है कि इसका निर्माण इस साल के अंत तक पूरा हो जाएगा। पिछले हफ्ते, फॉक्सकॉन जून तक कर्नाटक प्लांट से शिपमेंट शुरू कर सकती है। यह चीन के बाद फॉक्सकॉन की सबसे बड़ी फैसिलिटी होगी। चीन की तरह, कंपनी ने तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर यूनिट में भी कर्मचारियों के रहने के लिए डॉर्मिटरी बनाई हैं। इन डॉर्मिटरी में लगभग 18,000 कर्मचारी रह सकते हैं। यह डॉर्मिटरी कर्मचारियों के लिए बनाई जा रही है और इसमें अधिकारी नहीं रह सकते हैं।

### कंपनी का प्लान

कर्मचारियों ने बताया कि कुछ आईफोन वेरिएंट की असेंबली मई में शुरू हो गई थी जबकि अन्य की अगस्त में शुरू होगी। सितंबर में आईफोन 17 के लॉन्च से पहले काम तेजी से चल रहा है। कंपनी यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि उसकी डॉर्मिटरी फैसिलिटी समय पर तैयार हो जाए। फॉक्सकॉन 2025 में अपने भारतीय प्लांट्स में 25-30 मिलियन आईफोन बनाने की योजना बना रही है। यह पिछले साल देश में बनाए गए आईफोन की संख्या से दोगुना है.

# ब्रिटेन को उम्मीद- दोनों देशों के बीच व्यापार में आएगा 25 अरब पाउंड का उछाल; मिलेगा बड़ा बाजार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिटेन और भारत के बीच हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) मध्यम व्यवसायों (एसएमईएस) के लिए भारतीय बाजार में प्रवेश को आसान बनाएगा। इस समझौते को लेकर बुधवार को ब्रिटेन सरकार ने बयान जारी कर बताया कि इस समझौते से व्यापार अब तेज, सस्ता और आसान हो जाएगा। मामले में ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने इस समझौते को भारत की तरफ से अब तक किया गया सबसे बेहतरीन सौदा बताया। उन्होंने कहा कि इससे यूके की स्टील, ऑटोमोबाइल, व्हिस्की, जिन, कॉस्मेटिक्स, मेडिकल डिवाइसेज, मशीनरी और मीट जैसी चीजो का भारत में निर्यात बढ़ेगा।

### दोनों देशों के बीच अरबों पाउंड की होगी बढ़ोतरी

बता दें कि एफटीए से दोनों देशों के बीच व्यापार में हर साल करीब 25.5 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। ब्रिटेन की फूड एंड ड्रिंक फेडरेशन की प्रमुख करेन बेट्स ने कहा कि ब्रिटेन ने 2024 में भारत को करीब 300 मिलियन पाउंड का खाद्य और पेय पदार्थ निर्यात किया और यह समझौता इस क्षेत्र के लिए बड़ा अवसर लेकर आया है।

**बोर्ड ऑफ ट्रेड की पहली बैठक-** एफटीए डिजिटल कस्टम सिस्टम और बेहतर प्रक्रियाएं व्यापार को और आसान बनाएंगी, खासकर छोटे व्यवसायों के लिए जो पहले भारतीय बाजार में नहीं आ पा रहे थे। इस मौके पर 'बोर्ड ऑफ ट्रेड' की पहली बैठक भी हुई, जिसमें ब्रिटेन के बड़े बिजनेस लीडर्स शामिल हुए। यह बोर्ड छोटे व्यवसायों को वैश्विक बाजारों में पहुंच दिलाने और भारत एवं अमेरिका जैसे देशों के साथ हुए समझौतों से लाभ उठाने में मदद करेगा।

### यह एक ऐतिहासिक मौका है

वहीं इस समझौते को लेकर स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के सीईओ बिल विंटर्स ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक मौका है जो भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार और नवाचार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। एफटीए के अलावा ब्रिटेन और अमेरिका के बीच भी नया व्यापार समझौता हुआ है, जिससे ऑटोमोबाइल, स्टील, एलुमिनियम, फार्मा और एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में 3 लाख से ज्यादा नौकरियों को फायदा मिलेगा। देखा जाए तो यह नया दौर ब्रिटेन की नई व्यापार रणनीति और छोटे व्यवसायों की नीति के तहत पूरे देश में आर्थिक विकास और जीवन स्तर सुधारने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## पीसीओएस से जूझ रही महिलाओं के लिए नाश्ते के विकल्प जरूरी: ऋतिका समद्दार


**भोपाल।** भारत समेत दुनियाभर की महिलाओं में पॉलीसिस्टिक ओव्हरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पीसीओएस के कारण हॉर्मोन में असंतुलन होता है, जिससे पूरी सेहत, मेटाबोलिज़्म और वजन पर असर पड़ता है। ऐसे में जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ खानपान पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि रोज़ाना के नाश्ते में बादाम जैसे मेवों को शामिल करना इस दिशा में एक असरदार कदम हो सकता है। बादाम शरीर को दिनभर स्थिर ऊर्जा देते हैं और पीसीओएस डाइट को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# भारत के उद्यमियों के लिये एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म

### एक ऐसा ऐप जो देशभर के छोटे कारोबारियों को कहीं भी, कभी भी देता है अपने वित्त पर पूरा नियंत्रण

**भोपाल।** इंदौर की एक हार्डवेयर दुकान से उज्जैन के ट्यूशन सेंटर तक – मध्य प्रदेश के छोटे कारोबार अब डिजिटल युग में कदम रख रहे हैं। और इस बदलाव में उनका भरोसेमंद साथी बन रहा है टाइड। एक ऐसा राज्य, जहाँ उद्यमियों को अब तक लंबी कतारों, भारी-भरकम कागजी कार्यवाही और सीमित कर्ज़ सुविधाओं जैसी चुनौतियों से जूझना पड़ता था, वहीं अब टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिजिटल-फर्स्ट बिज़नेस ओनर्स की एक नई पीढ़ी उभर रही है – और वे टाइड को अपना विकास-साथी बना रहे हैं।

टाइड1 भारत का एक अग्रणी बिज़नेस मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म है, जो देशभर के छोटे और मझोले कारोबारों (एमएसएमई) को उनके पैसे, कागजात, बिजनेस एडमिन, और भुगतानों को एक ही मोबाइल ऐप से मैनेज करने की सुविधा देता है। चाहे कोई कारोबारी अपना व्यापार शुरू कर रहा हो या पहले से एक बढ़ता हुआ बिज़नेस चला रहा हो – टाइड उनके लिए काम को तेज़, आसान और स्मार्ट बनाता है।





अब कारोबारियों को न तो शाखा-दर-शाखा दौड़ने की ज़रूरत है और न ही दस्तावेज़ों के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ता है। टाइड ऐप खास तौर पर छोटे व्यवसायों की जरूरतों के हिसाब से डिज़ाइन किया गया है। इसके ज़रिए एमएसएमई कुछ ही मिनटों में उद्यम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, घर बैठे जीएसटी के लिए आवेदन कर सकते हैं और अपने कारोबार के लिए उपयुक्त सरकारी योजनाओं की जानकारी भी पा सकते हैं। टाइड ऐप की प्रमुख सुविधाओं में यूपीआई से डिजिटल पेमेंट, मनी ट्रांसफर और यूटिलिटी बिल का त्वरित भुगतान, लेंडिंग पार्टनर्स से आसान कर्ज़ उपलब्धता, 9.1 प्रतिशत तक ब्याज दर पर फिक्स्ड डिपॉज़िट खोलने की सुविधा और जल्द ही लॉन्च होने वाला एनसीएमसी कार्ड, जिससे मेट्रो, बस और ट्रेन से सफर करना होगा और भी आसान शामिल हैं। यह एक पूर्ण फाइनेंशियल टूलकिट है, जिसमें कोई बिचौलिया नहीं होता और सारे काम बिना किसी देरी के पूरे होते हैं।

# कैनडियर ने शाहरुख़ ख़ान को बनाया अपना ब्रांड एम्बेसडर

### कैनडियर ने देश में उभरते लाइफस्टाइल ज्वैलरी सेगमेंट में तेजी से विकास के लिए खुद को किया तैयार किया

**मुंबई, एजेंसी।** कल्याण ज्वैलर्स के लाइफस्टाइल ज्वैलरी ब्रांड कैनडियर ने बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख़ ख़ान को अपना नया ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। यह साझेदारी कैनडियर की राष्ट्रीय विस्तार रणनीति का एक अहम पड़ाव है, और आधुनिक ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ज्वैलरी को फिर से परिभाषित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। ब्रांड ने ऐसी ज्वैलरी पेश की है, जो व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति, अर्थपूर्ण उपहार और दैनिक स्टाइल का प्रतीक बने।



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख़ ख़ान, जिनकी लोकप्रियता सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर फैली है, अब कैनडियर के डिजिटल, टीवी, प्रिंट और इन-स्टोर कैंपेन का चेहरा होंगे। उनके कालातीत आकर्षण और गहराई से जुड़े फैनबेस के चलते वे कैनडियर के विज़न के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं। कैनडियर के डायरेक्टर, श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, भारतीय ज्वैलरी उद्योग में अब स्पष्ट सेगमेंटेशन देखने को मिल रहा है – उपभोक्ता अब ऐसी ज्वैलरी चाहते हैं जो उनके व्यक्तित्व, जीवनशैली और खास मौकों से मेल खाए। कैनडियर इसी बदलाव के अनुरूप बना है – खासकर उन लोगों के लिए जो दिल से तद्गुठ ' हैं- अभिव्यक्तिपूर्ण, अलग और डिजिटल रूप से जुड़े हुए। शाहरुख़ ख़ान के साथ हमारी साझेदारी हमारी इन्हीं भावनाओं को दर्शाती है। वे पीढ़ियों को जोड़ते हैं और आज के दौर में भी उनकी लोकप्रियता शानदार है। उनके साथ हम यह संदेश देना चाहते हैं कि कैनडियर की ज्वैलरी अब सिर्फ साज-सज्जा नहीं, बल्कि पहचान और इरादे की सोच-समझकर की गई एक विचारशील, व्यक्तिगत अभिव्यक्ति है।

कैनडियर ने अपने डिज़ाइन-प्रेरित और आधुनिक संग्रहों के साथ लाइफस्टाइल ज्वैलरी के क्षेत्र में एक अनोखी पहचान बनाई है। जहां यह ब्रांड महिलाओं की समकालीन ज्वैलरी के लिए जाना जाता है, वहीं पुरुषों के लिए भी इसका कलेक्शन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है – और यह बाजार में सबसे विस्तृत पुरुष ज्वैलरी संग्रहों में से एक पेश करता है। कैनडियर के ब्रांड एम्बेसडर शाहरुख़ ख़ान ने कहा ज्वैलरी हमेशा प्यार, यादों और पहचान की एक सशक्त अभिव्यक्ति रही है। मैं कल्याण ज्वैलर्स समूह के ब्रांड कैनडियर के साथ जुड़कर बेहद उत्साहित हूं – यह ब्रांड एक ताज़ा और आधुनिक सोच प्रस्तुत करता है कि आज के दौर में लोग कैनडियर कैसे पहनते हैं और उपहार में देते हैं।

# टाइटन एज की नई कलेक्शन के साथ स्टाइल और कलर का परफेक्ट मेल



**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे पतली घड़ी ब्रांड एज बाय टाइटन ने इस गर्मी अपनी नई मुरूल्स कलेक्शन के साथ फैशन और इंजीनियरिंग काबेहतरीन संगम पेश किया है। 'कलात्मक रूप से डिज़ाइन की गई' इस नई कलेक्शन में गर्मियों के रंग, हलकापन औरआधुनिकता का अनूठा मिश्रण है। सिर्फ 4.3 मिमी पतली इस घड़ी की खूबसूरती इसके सादे लेकिन प्रभावशाली डिज़ाइन में है। इसमें इस्तेमाल हुआ है टाइटन का खास 1.15 मिमी काश्वस्त्रद्दद्व 9081 मूवमेंट, जो इसे तकनीकी रूप से भी बेहद खास बनाता है। इसका पतला और स्टाइलिश लुक गर्मियों की हल्की-फुल्की ड्रेसिंग के लिएएकदम परफेक्ट है–चाहे आप दफ्तर जा रहे हों या किसी ब्रंच पर। मुरूल्स कलेक्शन की खास बात है इसके डायल्स के रंग–गुलाबी नीला , सेज ग्रीन और हल्का पीला–जो गर्मियों की मिठास, आइसक्रीमकी ठंडक और धूप की नर्म रोशनी से प्रेरित हैं। ये रंग सिर्फ देखने में सुंदर नहीं, बल्कि पहनने में भी हल्के और मन को भाने वाले हैं। स्टेनलेस स्टील के केस और टाइटन के आइकॉनिक 'स्कूप' डिज़ाइन के साथ यह घड़ी न सिर्फ देखने में खूबसूरत है, बल्कि हर मौके के लिए उपयुक्त भी है।

# एक्ज़ोनोबेल इंडिया ने आर्कीटेक्ट्स एवं इंटीरियर डिज़ाइनर्स को सशक्त बनाने के लिए लॉन्च किया 'ड्यूलक्स मास्ट्रो' प्रोग्राम

**गुरूग्राम, एजेंसी।** जानी-मानी ग्लोबल पेंट्स एवं कोटिंग कंपनी और ड्यूलक्स पेंट्स की निर्माता एक्ज़ोनोबेल इंडिया ने भारत की आर्कीटेक्ट और डिज़ाइनर कम्युनिटी को सशक्त बनाने के लिए 'ड्यूलक्स मास्ट्रो' के लॉन्च की घोषणा की है, क्योंकि वे आज के नए भारत के लिए आधुनिक लिविंग स्पेसेज़ तैयार करते हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन के मुताबिक' भारत में इंटीरियर डिज़ाइन का मार्केट 14.3 फीसदी की दर से बढ़कर 2030 तक 81.2 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारत में शहरीकरण 2050 तक तकरीबन 50 फीसदी के आंकड़े को पार कर जाएगा, ऐसे में टियर 2 और टियर 3 शहरों में क्यूरेटेड एवं पर्सनलाइज़्ड लिविंग स्पेसेज़ की मांग तेज़ी से बढ़ रही है।ड्यूलक्स मास्ट्रो के लॉन्च पर बात करते हुए रोहित तोतला, एक्ज़क्टिव डायरेक्टर एक्ज़ोनोबेल इंडिया ने कहा, ''हाइपर-पर्सनलाइज़्ड एवं ट्रेंडी लिविंग स्पेसेज़ की बढ़ती मांग के बीच आज के संपन्न उपभोक्ता इंटीरियर डिज़ाइनरों एवं आर्कीटेक्ट्स की विशेषज्ञता का लाभ उठा रहे हैं। गुणवत्ता एवं इनोवेशन में एक्ज़ोनोबेल की 70 सालों की धरोहर के साथ ड्यूलक्स मास्ट्रो एक प्रोडक्ट से कहीं बढ़कर है।




यह डिज़ाइन प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, ताकि वे महानगरों में और महानगरों के दायरे से आगे बढ़कर डिज़ाइन के प्रति सजग नए भारत में स्पेसेज़ को नया आयाम दे सकें।'' आर्कीटेक्ट्स एवं इंटीरियर डिज़ाइनरों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किए गए ड्यूलक्स मास्ट्रो प्रोग्राम में कलर, विज़ुअलाइज़ेशन एवं पर्सनलाइज़ेशन में ड्यूलक्स के रूझानों के साथ आधुनिक बिज़नेस सपोर्ट शामिल है।


साईट इंस्पेक्शन से लेकर, ऑन-साईट सैम्पलिंग, एक्सपर्ट कलर कन्सलटेन्सी और 2000 से अधिक शेड्स वाले ड्यूलक्स कलर प्लग-इन से युक्त अडवान्स्ड डिजिटल विज़ुअलाइज़ेशन तक; टेकनिकल ट्रेनिंग से लेकर ऑन-डिमांड प्रीव्यू तक- ड्यूलक्स के मान्यता प्राप्त सर्वोच्च कॉन्ट्रैक्टर्स एवं कोटेशन टूल्स के साथ यह प्रोग्राम हर चरण पर प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाता है।

# प्रीति जिंटा ने आईपीएल टीम विवाद को लेकर सह-निदेशकों के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया

**मुंबई (एजेंसी)।** फिल्म अभिनेत्री और केपीएच ड्रीम क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड की निदेशकों में से एक प्रीति जिंटा ने एक बार फिर सह-निदेशकों मोहित बर्मन और नेस वाडिया के खिलाफ चंडीगढ़ अदालत का दरवाजा खटखटाया है। अदालत के समक्ष दायर मुकदमे में उन्होंने 21 अप्रैल को हुई कंपनी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) को अवैध और अमान्य घोषित करने की मांग की है। उन्होंने तर्क दिया कि यह बैठक मोहित बर्मन द्वारा नेस वाडिया के सक्रिय समर्थन से कंपनी अधिनियम 2013 और आम बैठकों पर सचिवीय मानक के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन और पूर्ण अवहेलना करते हुए आयोजित की गई थी।

उन्होंने कंपनी, मोहित बर्मन और नेस वाडिया को बैठक में पारित किसी भी प्रस्ताव को लागू करने से रोकने और मुनीश खन्ना को कंपनी के निदेशक के रूप में कार्य करने या खुद को पेश करने से रोकने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कंपनी और अन्य निदेशकों को मुकदमे के लंबित रहने के दौरान उनकी और करण पॉल की उपस्थिति के बिना और मुनीश खन्ना की मौजूदगी में कंपनी के मामलों से संबंधित कोई भी व्यवसाय करने और/या कोई भी बोर्ड मीटिंग या आम बैठक आयोजित करने से रोकने की प्रार्थना की है।

जिंटा के पास केपीएच ड्रीम क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड में 23 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, जो कंपनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित एक निजी लिमिटेड कंपनी है। पंजाब किंग्स क्रिकेट टीम का स्वामित्व रखने वाली इस कंपनी के पास आईपीएल की फ्रेंचाइजी है। मुकदमे में उन्होंने कहा कि 10 अप्रैल को ईमेल के माध्यम से उठाई गई उनकी आपत्तियों के बावजूद बर्मन ने कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में अवैध रूप से श्वत्तरू बुलाने की कार्यवाही की। वह अन्य निदेशकों के साथ बैठक में शामिल



हुईं।

ईजीएम की शुरुआत में यह बताया गया कि बैठक आयोजित करने के लिए किसी अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई थी। तदनुसार उन्होंने और एक अन्य निदेशक, करण पॉल ने बर्मन और वाडिया का ध्यान सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक के सिद्धांत 5.1 की ओर आकर्षित किया जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि यदि किसी निदेशक को बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नामित नहीं किया गया है, तो बैठक में उपस्थित निदेशकों को बैठक के अध्यक्ष के रूप में अपने में से किसी एक को चुनना होगा। उन्होंने और पॉल दोनों ने पॉल या, वैकल्पिक रूप से खुद को श्वत्तरू के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने का सुझाव दिया। श्वत्तरूके अध्यक्ष के रूप में नेस वाडिया की नियुक्ति पर उनकी आपत्ति के परिणामस्वरूप श्वत्तरूमें भाग लेने वाले कंपनी के चार निदेशकों के बीच वोटों की बराबरी हो गई।

बिना किसी कारोबार के श्वत्तरू को बंद करने की घोषणा करने के बजाय, बर्मन और वाडिया ने आवेदक और पॉल द्वारा उठाई गई आपत्तियों की पूरी तरह से अवहेलना करते हुए ईजीएम के साथ आगे बढ़े और कथित तौर पर खन्ना को कंपनी के अतिरिक्त गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया, जो अवैध रूप से, गैरकानूनी तरीके से और कंपनी अधिनियम, सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक और लेखों के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए किया गया।

उन्होंने तर्क दिया कि प्रतिवादियों द्वारा कंपनी अधिनियम और सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक का उल्लंघन करते हुए ईजीएम का अवैध और गैरकानूनी संचालन, अध्यक्ष की शक्तियों का अतिक्रमण करके और कथित तौर पर खन्ना को अतिरिक्त गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करना, कंपनी के लेखों का उल्लंघन है, जो सभी निदेशकों के लिए बाध्यकारी हैं। अदालत ने प्रतिवादियों को मुकदमे के जवाब में जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किए हैं। जिंटा ने पहले मोहित बर्मन को कंपनी में अपनी 11.5 प्रतिशत हिस्सेदारी पर किसी भी तीसरे पक्ष के अधिकार को बेचने, निपटाने या बनाने से रोकने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

## आईपीएल प्लेऑफ के लिए आरसीबी में बेथेल की जगह लेगा न्यूजीलैंड के विकेटकीपर टिम सिफर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबीग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया है क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण आईपीएल प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा। न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे। वह दो करोड़ रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे।



बयान में कहा गया है, 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम सिफर्ट से करार किया है क्योंकि जैकब बेथेल 23 मई 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के लीग चरण के मैच के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए 24 मई 2025 को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे।

बेथेल का आरसीबी के साथ आखिरी मैच शुक्रवार को होगा जब टीम सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। उनका अंतिम लीग मैच 27 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होगा। पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस प्ले-ऑफ में जगह बनाने वाली अन्य टीमें हैं। गुजरात टाइटन्स का प्रतिनिधित्व करने वाले जोस बटलर भी प्ले-ऑफ में नहीं खेलेंगे क्योंकि वह इंग्लैंड की वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में खेलेंगे।

## मेरी पत्नी मुझे पहले ही बोल रही थी आपको प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड नहीं मिला, आज मिल गया

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस प्लेआफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। मुंबई को यहां तक पहुंचाने में सूर्यकुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिन्होंने 43 गेंदों पर 73 रन बनाकर मुंबई को 180 तक पहुंचा दिया। जवाब में दिल्ली की टीम 121 रन पर ही सिमट गई और मुंबई को 59 रन से जीत मिली। अपनी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच बने सूर्यकुमार ने कहा कि अब तक 13 मैच हो चुके हैं। मेरी पत्नी ने एक प्यारी सी बात कही थी। उसने कहा कि तुमने अब तक सारे अवॉर्ड्स जीत लिए हैं, बस प्लेयर ऑफ द मैच नहीं मिला। तो आज का ये अवॉर्ड मेरे लिए बहुत खास है। टीम के नजरिए से भी आज की पारी बहुत अहम थी और ये ट्रॉफी मैं उसे (अपनी पत्नी को) समर्पित करता हूं।



सूर्यकुमार ने कहा कि मेरे लिए आखिर तक खेलना जरूरी था। वो ऐसे पलों का इंतजार करती है और जब हम घर जाते हैं तो साथ में इसे सेलिब्रेट करते हैं, तो अब इसका बेसब्री से इंतजार है। किसी एक बल्लेबाज का आखिर तक टिके रहना बेहद ज़रूरी था। हमें पता था कि कहीं न कहीं एक ऐसा ओवर आएगा जिसमें 15-20 रन बनेंगे। जिस तरह से नमन आया और उसने वही ऊर्जा मुझमें डाली, वो कमाल का था। अब आगे के पांच दिन अच्छे रहने वाले हैं।

वहीं, मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने माना कि बुमराह और सैंटनर जैसे गेंदबाज होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मैं जब चाहे उन्हें गेंद थमा सकता हूं। वो जिस तरह का नियंत्रण और परफेक्शन लेकर आते हैं, उससे मेरा काम बहुत आसान हो जाता है। शुरू में हमें लगा था कि 180 एक अच्छा स्कोर होगा, लेकिन ऐसा नहीं लग रहा था। अगर हम 160 तक भी पहुंच जाते तो बहुत खुश होते, लेकिन जैसे नमन और सूर्या ने फिनिश किया। खासतौर पर नमन ने वो जिस तरह से आकर इस मुश्किल पिच पर शॉट्स खेले, वो शानदार था।

### ऐसा रहा मुकाबला

मिशेल सैंटनर के 4 ओवर में 11 रन देकर लिए 3 विकेट और बुमराह के 3 विकेट की बदौलत मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटलस को 59 रन से हराकर आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में जगह बना ली है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मुकाबले में मुंबई ने पहले खेलते हुए सूर्यकुमार के 43 गेंदों पर 4 छक्कों की मदद से 73 तो नमन धीर ने 8 गेंदों पर 24 रनों की बदौलत टीम स्कोर 180 रन तक पहुंचाया था। जवाब में खेलने उतरी दिल्ली की टीम 121 रन पर ही सिमट गई।

## यूएई ने शारजाह में रचा इतिहास

### बांग्लादेश के खिलाफ पहली बार जीती टी20 सीरीज




**शारजाह (एजेंसी)।** हैदर अली (3 विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद आलीशान शराफ (नाबाद 68) और आसिफ खान (नाबाद 41) की विस्फोटक पारियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने शारजाह में तीसरे टी20 मुकाबले में 5 गेंदे शेष रहते बांग्लादेश के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज को ऐतिहासिक रूप से 2-1 से अपने नाम कर लिया। टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ यूएई की दूसरी और बांग्लादेश के खिलाफ पहली सीरीज जीत है। इससे पहले यूएई ने साल 2021 में आयरलैंड को इसी अंतर से हराया था।

शारजाह स्टेडियम में बुधवार की रात खेले गए टी-20 मुकाबले में, यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। बांग्लादेश के बल्लेबाजे हैदर अली की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आए।

बांग्लादेश का पहला विकेट दूसरे ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (शून्य) के रूप में गिरा। कप्तान लिटन कुमार दास (14), मो. तौहीद ह्रदोय (शून्य), महेदी हसन (दो) और तंजिद हसन 18 गेंद पर (40) रनों की पारी खेली। इसके बाद शमीम हुसैन (नौ), रिशाद हुसैन (छह) और जाकेर अली 34 गेंदों में (41) रन बनाकर आउट हुये। यूएई के गेंदबाजों ने बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 162 के स्कोर पर रोक दिया।

यूएई की ओर से हैदर अली ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए। मतिउल्लाह खान और सगीर खान को दो-दो विकेट मिले। अकिफ राजा और ध्रुव पराशर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट दूसरे ही ओवर में कप्तान मुहम्मद वसीम (नौ) के रूप में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आलीशान शराफु ने मुहम्मद जोहैब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 44 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में रिशाद हुसैन ने मुहम्मद जोहैब (29) को बोल्ड इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद तंजीम अहमद ने राहुल चोपड़ा (13) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

इस दौरान दूसरे छोर पर खड़े आलीशान शराफु तेजी के साथ रन बनाते रहे। इसके बाद आसिफ खान ने आलीशान शराफ के साथ मोर्चा संभाला और टीम को ऐतिहासिक जीत की ओर ले गये। यूएई ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आलीशान शराफ ने 47 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 68) रन बनाये। आसिफ खान ने 26 गेंदों में पांच छक्के लगाते हुए (41) रनों की नाबाद पारी खेली। बांग्लादेश की ओर से शोरिफुल इस्लाम, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान

### 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को मिली जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई के आयुष म्हात्रे को गुरुवार को अगले महीने होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया गया है। 24 जून से शुरू होने वाले इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैचों की युवा वनडे सीरीज और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो मल्टी-डे मैच शामिल होंगे। सूर्यवंशी का चयन राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल के शानदार सत्र के बाद हुआ है। बिहार के समस्तीपुर का यह युवा बल्लेबाज आईपीएल शतक बनाने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनकर पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया था और पिछले महीने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों पर लगाया गया उनका शतक लीग का दूसरा सबसे तेज शतक भी था। उन्होंने बिहार के लिए 5 प्रथम श्रेणी मैच और 6 लिस्ट ए मैच खेले हैं, लेकिन उनमें से किसी भी मैच में शतक नहीं लगाया है। हालांकि सूर्यवंशी ने पिछले साल चेन्नई में पहले यूथ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ शतक बनाया था।




दूसरी और 17 वर्षीय म्हात्रे ने नौ प्रथम श्रेणी मैच और सात लिस्ट ए गेम खेले हैं, जिसमें उन्होंने 962 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज ने इस सीजन के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी, जो कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे। मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे की जगह उप-कप्तान बनाया गया है।

एक और दिलचस्प चयन केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान का है जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। एनान ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ दो यूथ टेस्ट मैचों में 16 विकेट लिए और उस सीरीज में शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। पंजाब के ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह, जो 9 विकेट के साथ उस सीरीज के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्हें भी टीम में जगह मिली।

### इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह।

**स्टैंडबाय खिलाड़ी** – नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)

## दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार पर लगा जुर्माना, आईपीएल आचार संहिता का किया उल्लंघन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर मुंबई इंडियंस (मुंबई) से हार के बाद मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, जिससे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें आधिकारिक रूप से समाप्त हो गईं। मुकेश को आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल 1 के अपराध का दोषी पाया गया, जो मैच के दौरान क्रिकेट गियर, कपड़े या ग्राउंड उपकरण का दुरुपयोग करने से संबंधित है। उन्होंने आरोप स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी डेनियल मनोहर द्वारा दिए गए दंड को स्वीकार कर लिया।



बुधवार को मुकेश के लिए गेंद से खेलना मुश्किल रहा। उन्होंने अपने चार ओवरों में 48 रन दिए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। सबसे ज्यादा नुकसानदायक 19वां ओवर था, जहां सूर्यकुमार यादव और नमन धीर ने उन्हें 27 रन ठोके जिससे मुंबई 180 के मजबूत स्कोर तक पहुंच गई। उस ओवर में 6, 1, 4, 6, 6 और 4 रन बने और उन्होंने 2/48 के आंकड़े के साथ अंत किया।

मुकेश को प्रतिस्थापित किया गया क्योंकि डीसी ने पीछा करने के दौरान केएल राहुल को अपने प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में लाया, लेकिन दिल्ली की बल्लेबाजी सिर्फ 121 रनों पर ढह गई। केवल दो अनकैप्ड खिलाड़ी, समीर रिजवी (39) और विप्रज निगम (20), 20 या उससे अधिक रन का आंकड़ा पार करने में सफल रहे।

## सूर्यकुमार ने बेहतरीन पारी खेली, लेकिन इस नमनधीर खेल पलट दिया : अजय जडेजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज अजय जडेजा ने बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स पर मुंबई इंडियंस की 59 रनों की विशाल जीत की नींव रखने के लिए सूर्यकुमार यादव और नमन धीर की सराहना की, जिससे अंतिम प्लेऑफ में जगह पक्की हो गई। सूर्यकुमार ने 43 गेंदों पर 73 रनों की पारी खेली, जिसमें चार छक्के और सात चौके शामिल थे, जबकि धीर ने आठ गेंदों पर 24 रनों की पारी खेली, जिससे मुंबई ने वानखेड़े स्टेडियम में 180/5 का स्कोर बनाया। इसके बाद मिशेल सेंटनर और जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट चटकाए जिससे डीसी 121 रनों पर ऑल आउट हो गई और पांच बार की चैंपियन नॉकआउट चरण में पहुंच गई।

जडेजा ने कहा, वे जानते थे कि उन्हें क्या करना है, लेकिन उन्होंने अंत में खुद को बहुत अधिक छोड़ दिया था। फिर भी, ये दोनों अविश्वसनीय थे। मुझे लगता है, सूर्यकुमार यादव ने एक असाधारण पारी खेली, लेकिन यह नमन धीर थे, जिन्होंने इसे बदल दिया। 19वें ओवर में सूर्य को स्ट्राइक मिलने से पहले नमन ने पहले ही लगातार तीन छक्के जड़ दिए थे जिसमें पार्क के बाहर कुछ धीमे छक्के भी शामिल थे। फिर, अंतिम ओवर में सूर्या ने उस ट्रेडमार्क शॉट से शुरुआत की और बस हावी हो गए।

उन्होंने कहा, गेंदबाजों के पास उन दोनों का कोई जवाब नहीं था। आखिरी दो ओवरों में 48 रन बनाना, एक ऐसे खेल में जहां वे 18 ओवर के बाद केवल 130 तक पहुंचे थे, आपको सब कुछ बता देता है। 280 रन के मैच में, दो ओवरों में 48 रन सामान्य लग सकते हैं, लेकिन यहां, इसने पूरी तरह से गति बदल दी।

## एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के अगले दौर में, सिंधु बाहर

**मलेशिया (एजेंसी)।** एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को पुरुष वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्जकर मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से हारकर महिला एकल वर्ग से बाहर हो गईं।

आज यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले गए मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को शुरुआती गेम में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन करते हुए वह मैच को तीसरे गेम तक ले जाने में कामयाब रहीं।

एक घंटे तीन मिनट तक चले महिला एकल वर्ग मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह ने आखिरी गेम पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21, 21-15 से हराकर




मैच जीत लिया। पीवी सिंधु के खिलाफ चार मैचों में गुयेन थुई लिन्ह की यह दूसरी जीत है।

भारत के पुरुष खिलाड़ियों का कोर्ट पर अच्छा दिन रहा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो को मात दी। पहला गेम हारने के बावजूद एचएस प्रणॉय ने अगले दो गेम में वापसी करते हुए केंटा निशिमोटो को मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया।

एक अन्य मैच में किदांबी श्रीकांत ने भी चीन के लू गुआंगजू को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। पुरुष एकल रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी और छठे वरीय लू गुआंगजू को 23-21,13-21, 21-11 से हराया। सतीश करुणाकरण ने भी चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन को 21-13, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे

## एल.आर. श्रीहरी बने भारत के 86वें शतरंज ग्रैंडमास्टर

**चेन्नई, (एजेंसी)।** भारत के 19 वर्षीय एल.आर. श्रीहरी ने एशियन शतरंज चैंपियनशिप 2025 में अपना अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर भारत के 86वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव प्राप्त किया है । यह उपलब्धि उन्होंने 15 मई 2025 को अल ऐन, यूएई में आयोजित प्रतियोगिता में प्राप्त की। श्रीहरी की शतरंज में रुचि उनके पिता रवि और दादी के बीच खेले गए खेल से उत्पन्न हुई। वह पिछले दो वर्षों से ग्रैंडमास्टर श्याम सुंदर एम के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं। श्रीहरी ने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म अगस्त 2023 में हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट में प्राप्त किया था जबकि दूसरा नॉर्म उन्होंने अक्टूबर 2023 में कतर मास्टर्स में हासिल किया, जहाँ उन्होंने विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन से हारने के बाद भी 5.5/9 का स्कोर किया। तीसरा और अंतिम नॉर्म उन्होंने मई 2025 में एशियन चैंपियनशिप में प्राप्त किया, जहाँ उन्होंने ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता और प्रणव वी को हराया श्रीहरी की यात्रा आसान नहीं थी। दुबई ओपन 2024 में अंतिम राउंड में एक जीत से चूकने के बाद, उन्हें एक साल तक अंतिम नॉर्म का इंतजार करना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल प्रदेश में अफ्रीकी स्वाइन फ्लू का खतरा, सूअरों की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के पशुपालन विभाग ने राज्य में स्वाइन फ्लू के मामले सामने आने के बाद सूअरों की खरीद–बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। हाल ही में बिलासपुर के झंडूता



उपमंडल की कोलका पंचायत में अफ्रीकी स्वाइन फ्लू से संक्रमण का मामला सामने आने के बाद ये आदेश जारी किए गए। इस संक्रमण के कारण एक सूअर पालन केंद्र में 36 सूअरों की मौत हो गई थी जबकि चार को विभाग ने नियमानुसार मार दिया था। पशुपालन विभाग ने सूअर पालन केंद्र को खाली कराकर सैनिटाइजेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारी ने बताया कि पशु औषधालय दसलेहरा के अंतर्गत आने वाले इस फार्म में कुल 40 सूअर पाले गए थे।

### केंद्रीय मंत्री आठवले ने पीओके को वापस लेने के लिए निर्णायक लड़ाई का आह्वान किया

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने सरकार से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेने के लिए निर्णायक लड़ाई शुरू करने की बुधवार को मांग की और इस बात पर बल दिया कि कूटनीतिक प्रयासों से अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि पीओके को भारतीय नियंत्रण में वापस लाया जाना चाहिए। आठवले ने



कहा कि सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू करने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को रोकना एक सही कदम नहीं था। उन्होंने कहा, ''सैन्य कार्रवाई को रोकना अच्छी बात नहीं थी। आतंकवादियों के खिलाफ भारत सरकार की कार्रवाई बंद नहीं हुई है। हमारे रक्षा बल आतंकवादियों के खिलाफ लड़ रहे हैं। हम आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सहयोगी 'रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया' (आठवले) के प्रमुख ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम शहर में हुए आतंकवादी हमले के बाद मोदी सरकार की त्वरित जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की।

### दुष्कर्म के मामलों में तीन दोषियों को 20-20 साल की कैद और जुर्माने की सजा

**बहराइच, एजेंसी।** बहराइच और श्रावस्ती जिलों की विशेष अदालतों ने दुष्कर्म के अलग–अलग मामलों में आरोपी तीन लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हें 20–20 साल के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। बहराइच जिले में विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता (पाक्सो अधिनियम) संत प्रताप सिंह ने बृहस्पतिवार को पीटीआई– को बताया कि 19 जनवरी 2018 को कैसरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय बालिका को लाले उर्फ राकेश यादव तथा कल्लू उर्फ रामराज यादव बहला फुसलाकर ले गए और कई दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि बुधवार को विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) दीप कांत मणि की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद लाले व कल्लू को 20–20 साल की कैद और 60–60 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। उधर, श्रावस्ती जिले में ऐसे ही एक मामले में पांच वर्ष पूर्व 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के एक आरोपी को दोषी ठहराते हुए पाक्सो अदालत ने बुधवार को 20 साल कैद व 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

# यूपी में ताबड़तोड़ छापेमारी में कई को उठाया

## डिजिटल अरेस्ट कर लाखों लूटने वाले 4 पकड़े

**मेरठ, एजेंसी।** हरियाणा के फरीदाबाद में एक कारोबारी को डिजिटल अरेस्ट कर 77 लाख रुपये वसूलने वाले चार आरोपियों को फरीदाबाद साइबर थाना एनआईटी ने गिरफ्तार किया है। तीन आरोपियों को हरियाणा और पंजाब से गिरफ्तार किया है, जबकि चौथा आरोपी मेरठ का स्पोर्ट्स कारोबारी है, जिसे बुधवार शाम को उठाया गया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों का पांच दिन का रिमांड भी लिया है और पूछताछ की जा रही है। फरीदाबाद के नालंदा अपार्टमेंट निवासी राजेन्द्र शर्मा के पास 22 अप्रैल को एक व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया था।

बताया जा रहा है कि कॉल करने वाला युवक पुलिस की वर्दी में था। उसने राजेंद्र शर्मा को बताया कि वह मुंबई पुलिस से है। राजेंद्र शर्मा के





आधार कार्ड का इस्तेमाल कर कैनरा बैंक में अकाउंट खुलवाया गया है और जेट एयरवेज के मालिक से की गई धोखाधड़ी की रकम इसी खाते में डलवाई गई थी। मुकदमा दर्ज किया गया था और इस मामले में राजेंद्र दास का वारंट जारी हुआ है। इस मामले को निपटाने के लिए राजेंद्र शर्मा को धमकाया गया।

राजेंद्र शर्मा ने 77 लाख रुपये आरोपियों के बताए खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। बाद में राजेंद्र शर्मा ने एक मुकदमा ऑनलाइन दर्ज कराया था। बुधवार को टीम ने इसी मामले में केशव निवासी अग्रवाल कालोनी कैथल हरियाणा, सुरेंद्र निवासी गांव घौला जींद और 48 वर्षीय प्रवेश निवासी अशोक कालोनी कैथल को जिरकपुर पंजाब से गिरफ्तार किया है।

### मेरठ में ताबड़तोड़ छापे कई को उठाया

फरीदाबाद साइबर क्राइम एनआईटी थाना पुलिस की टीम ने बुधवार को मेरठ में अलग अलग जगहों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। व्यापारी अंकित सोम के अलावा भी चार लोगों को उठाया गया है। इन सभी के खातों में हरियाणा के व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर हड़पी गई रकम आई थी। इसी को लेकर सभी आरोपियों को उठाकर पूछताछ की जा रही है।

# राजस्थान में राजपूत बनाम जाट कर रहे हैं हनुमान बेनीवाल

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल इन दिनों खूब चर्चा में हैं। वजह है राजपूतों को लेकर उनकी आपत्तिजनक टिप्पणियां। पहले राजपूतों को लेकर बेटी वाली टिप्पणी और अब जाटों को सबसे बड़ा क्षत्रिय बताने वाले उनके बयानों के पीछे छिपी राजनीतिक वजहों की तलाश की जा रही है।

सांसद हनुमान बेनीवाल का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें सांसद बेनीवाल ये कहते नजर आ रहे है कि हिंदुस्तान में जाट सबसे बड़ा क्षत्रिय है, उसके बाद यादव, फिर गुर्जर हैं। इसके बाद पटेल, पाटिल और मराठे आते हैं, फिर तुम्हारा (राजपूतों का) नंबर आता है। यही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि जो लड़ा है वो क्षत्रिय है, क्षत्रिय कोई शब्द नहीं, वर्ण है राजस्थान की राजनीति में जातीय ध्रुवीकरण कोई नई बात नहीं, लेकिन हाल ही में



नागौर सांसद और आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल के एक बयान से समुदाय में हलचल सी पैदा हो गई है।

यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, और इसके बाद राजपूत समाज में तीव्र आक्रोश देखने को मिला। राजपूत नेताओं और संगठनों ने इसे न सिर्फ एक जाति पर हमला, बल्कि संपूर्ण वीर जातियों का अपमान बताया। मारवाड़ राजपूत सभा भवन के सचिव केवी सिंह चांदरख ने इसे बेनीवाल की राजनीतिक हताशा का परिणाम बताया और चेतावनी दी कि सर्व समाज की बैठक बुलाकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बेनीवाल का यह बयान यूं ही नहीं आया। यह 2028 के विधानसभा चुनावों के लिए एक जातीय समीकरण गढ़ने की कोशिश का हिस्सा हो सकता है। जाट, यादव, गुर्जर, पटेल, पाटिल और मराठा—ये सभी सामाजिक रूप से प्रभावशाली जातियां हैं और विभिन्न क्षेत्रों में निर्णायक वोटबैंक भी मानी जाती हैं। बेनीवाल इन जातियों को एक बहुजन क्षत्रिय फ्रेम में जोड़कर गैर–भाजपा, गैर–कांग्रेस ध्रुवीकरण की रणनीति बना रहे हैं। हालांकि यह दांव उल्टा भी पड़ सकता है। राजस्थान में जाट और राजपूत दोनों ही समुदाय ऐतिहासिक रूप से ताकतवर रहे हैं और कई बार एक–दूसरे के विरोध में आ खड़े हुए हैं। इस बयान से राजपूत समुदाय में गहरी नाराजगी फैलना स्वाभाविक है, लेकिन इसके साथ ही यह राज्य के सामाजिक सौहार्द्र पर भी चोट करता है। कई राजपूत नेताओं ने इसे वीरभूमि का अपमान बताया है। शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि जनता पहले भी ऐसे बयानों का जवाब दे चुकी है और आगे भी देगी।

# धुले जिले के दौरे के दौरान महाराष्ट्र विधानमंडल की समिति को रिश्वत देने का प्रयास हुआ: संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (उबाठा) के सांसद संजय राउत ने दावा किया है कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धुले जिले के दौरे के दौरान राज्य विधानमंडल की प्राक्कलन समिति को 'रिश्वत' देने की कोशिश को नाकाम कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

राउत ने बुधवार रात को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि धुले शहर में सरकारी अतिथि गृह के एक कमरे में पांच करोड़ रुपये से अधिक की नकदी मिली। राज्यसभा सदस्य ने दावा किया, ''जब विधानमंडल की प्राक्कलन समिति ने आज (बुधवार को) धुले जिले का दौरा किया तब समिति को रिश्वत देने के लिए धुले के सरकारी विश्राम गृह गुलमोहर के कमरा नंबर 102 में लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपये रखे गए थे।''

राउत ने कहा कि शिवसेना के पूर्व विधायक अनिल अन्ना गोटे और स्थानीय शिवसेना (उबाठा) नेताओं ने कमरे को बंद कर दिया और बाहर पहरा देने लगे। उन्होंने आरोप लगाया, ''जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सूचित करने के बावजूद चार से पांच घंटे बीत गए और कोई नहीं आया... प्रशासन की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला। रिश्वत का उद्देश्य विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और इसमें अधिकारियों की संलिप्तता को दबाना था।'' राउत ने बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के विधायक अर्जुन खोतकर समिति के अध्यक्ष हैं। प्राक्कलन समिति को राज्य बजट में किसी विशेष क्षेत्र को आवंटित धन के उपयोग की जांच करने का अधिकार है। इस बीच, धुले के पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धीवरे ने संवाददाताओं से कहा कि मामले की जांच की जा रही है।



### सातवीं बार बोले राष्ट्रपति ट्रम्प : बिजनेस के जरिए जंग रुकवाई; मोदी को महान शख्स बताया

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष को सुलझाया है। ट्रम्प ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने बिजनेस के जरिए से विवाद सुलझाया है। अमेरिका, भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ बड़ा सौदा कर रहा है।

ट्रम्प ने यह दावा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान किया। उन्होंने कहा, भारत-पाकिस्तान के बीच हमले और भी खतरनाक और बदतर होते जा रहे थे। किसी को तो इसे अंजाम पर पहुंचाना ही था। हमने उनसे बात की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा, मैंने दोनों देशों से कहा कि आप लोग क्या कर रहे हैं पाकिस्तान में कुछ बेहतरीन और कुछ बहुत अच्छे, महान नेता हैं। भारत के प्रधानमंत्री मोदी मेरे दोस्त हैं। इस पर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ने कहा- कॉमन फ्रेंड, मोदी हमारे भी दोस्त हैं। फिर ट्रम्प ने कहा- वह (मोदी) एक महान शख्स हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर हुआ था। ट्रम्प ने सोशल मीडिया एक्स पर सबसे पहले इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद से बार-बार दावा करते रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को सुलझाने में मदद की है। हालांकि, 15 मई को उन्होंने कहा था- मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, बल्कि सिर्फ मदद की है।

# ट्रम्प प्रशासन महत्वपूर्ण खनिजों के समुद्र तल से खनन के लिए पट्टे बेचने पर करेगा विचार, विरोधी भड़के

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका समोआ के दक्षिण प्रशांत द्वीप के समुद्र तल से खनिज निकालने के लिए पट्टे बेचने पर विचार कर रहा है। ट्रंप प्रशासन ने यह मंशा बुधवार को जाहिर की। गहरे समुद्र में खनन की अनुमति देने के लिए उद्योग जगह की ओर से किए जा रहे व्यापक प्रयास की दिशा में लिया जाने वाल यह संभावित पहला कदम है। वहीं, पर्यावरणविद सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे समुद्र की पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को अपूरणीय क्षति हो सकती है।

ट्रंप सरकार के आंतरिक विभाग ने कहा कि वह कैलिफोर्निया स्थित कंपनी इम्पॉसिबल मेटल्स के अप्रैल में भेजे गए वाणिज्यिक नीलामी के अनुरोध पर विचार कर रहा है। कंपनी निकेल, कोबाल्ट और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों के भंडार के लिए समुद्र तल से खनन करना चाहती है।

पिछले महीने, राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन को अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय जल में समुद्री तल पर खनन करने वाली कंपनियों के लिए परमिट को तेजी से ट्रैक करने का निर्देश दिया गया

यह कदम चीन के साथ टैरिफ ट्रम्प प्रशासन के व्यापार युद्ध के बीच उठाया गया है, जो सैन्य उपयोगों सहित उच्च तकनीक निर्माण में उपयोग किए जाने वाले निकल, कोबाल्ट और मैंगनीज जैसे कई महत्वपूर्ण खनिजों पर नियंत्रण रखता है। आंतरिक सचिव डग बर्गम ने एक बयान में कहा, महत्वपूर्ण खनिज हमारे देश के लचीलेपन को मजबूत करने और हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का आधार हैं। सरकार के इस कदम से अमेरिका के सबाहरी महाद्वीपीय शेल्फ में भविष्य के खनन के लिए एक प्रस्तावना हो सकता है।

पर्यावरणविदों को चिंता है कि समुद्री खनन से मत्स्य पालन को नुकसान पहुँच सकता है और यहाँ तक कि कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने और संग्रहीत करने की महासागरों की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है, जो ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारण है। 30 से अधिक देशों, साथ ही मत्स्य व्यापार समूहों, पर्यावरणविदों और कुछ ऑटो और तकनीकी कंपनियों ने समुद्री तल पर खनन पर रोक लगाने का आह्वान किया है।

सेंटर फॉर बायोलॉजिकल डायवर्सिटी में महासागर निदेशक मियोको साकाशिता ने कहा, हम लड़ाई के लिए तैयार हैं क्योंकि ट्रम्प का खतरनाक गहरे समुद्र में खनन का जुनून और भी खराब हो रहा है। समुद्र तल पर खनन से नाजुक आवास और अनोखे जीव नष्ट हो जाएंगे जिन्हें हमने अभी तक खोजा भी नहीं है। द्वीप समुदाय स्वस्थ महासागरों पर निर्भर हैं और खनिज खोज के लिए खुले मौसम की घोषणा करने से लोगों और वन्यजीवों को खतरा है। इम्पॉसिबल मेटल्स ने कहा कि उसने एक स्वायत्त पानी के नीचे चलने वाला रोबोट विकसित किया है जो समुद्री जीवन और आवास को होने वाले नुकसान को न्यूनतम करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करता है। इम्पॉसिबल मेटल्स के सीईओ ओलिवर गुनासेकरा ने एक ईमेल में कहा, अपने स्वयं के जल से समुद्र तल के खनिजों तक पहुँचने की प्रक्रिया शुरू करना अमेरिका के लिए एक बड़ी जीत है (क्योंकि) विदेशी प्रतिस्पर्धियों पर निर्भर रहने के बजाय यहाँ घर पर ही महत्वपूर्ण खनिजों को सुरक्षित करना है। हम सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं ताकि यह दिखाया जा सके कि साहसिक नवाचार, आर्थिक समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण एक साथ हो सकते हैं। बर्गम ने कहा कि महासागर ऊर्जा प्रबंधन ब्यूरो सार्वजनिक इनपुट से शुरू करते हुए विभिन्न स्तरों पर इसका मूल्यांकन करेगा।

विरोधियों का कहना है कि गहरे समुद्र में खनन को अमेरिका द्वारा दी गई कोई भी मंजूरी इस अभ्यास के लिए अंतरराष्ट्रीय नियमों को अपनाने की चल रही प्रक्रिया की अनदेखी करेगी। 1990 के दशक में अधिकांश देश अंतरराष्ट्रीय जल में समुद्र तल खनन को नियंत्रित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल प्राधिकरण में शामिल हो गए। लेकिन अमेरिका ने कभी भी इस प्रयास पर हस्ताक्षर नहीं किए, जिसने अभी तक नियमों को नहीं अपनाया है। देश अपने प्रादेशिक जल में खनन को मंजूरी दे सकते हैं, इसलिए इम्पॉसिबल मेटल्स को प्राधिकरण से अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। कनाडा स्थित द मेटल्स कंपनी ने कहा है कि वह इस साल एक अमेरिकी सहायक कंपनी के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय जल में खनन के लिए परमिट के लिए आवेदन करने की योजना बना रही है।

## ब्रिटेन की जेलों में भीड़ कम करने का प्लान

# केमिकल से ठंडे करके छोड़े जाएंगे खूंखार यौन अपराधी

**लंदन एजेंसी।** ब्रिटेन सरकार जेलों में भीड़ कम करने के लिए बड़ी स्द्धश्रष्म्रद्बठ्ठद्द योजना बना रही है। इस योजना के तहत यौन अपराधियों को ठंडे करने यानि केमिकल बंध्याकरण की दवा दी जा सकती है ताकि उनकी यौन इच्छा को कम करके रिहा किया जा सके। साथ ही, हजारों अपराधियों को अब उनकी सजा का सिर्फ एक तिहाई हिस्सा जेल में काटने के बाद रिहा किया जा सकता है।

ब्रिटेन की लॉर्ड चांसलर हबाना महमूद गंभीर यौन अपराधियों के लिए अनिवार्य केमिकल कास्ट्रेशन (रासायनिक बंध्यता) लागू करने पर विचार कर रही हैं। यह कदम जेलों में बढ़ती भीड़ को कम करने और यौन अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए उठाया जा सकता है। सरकार पहले से ही कुछ क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट चला रही है, और अब इसे 20 क्षेत्रों तक फैलाने की तैयारी है। यह योजना एक स्वतंत्र सजा समीक्षा रिपोर्ट की सिफारिशों पर आधारित है, जिसमें 48 सुझाव दिए गए हैं। इस रिपोर्ट का नेतृत्व पूर्व न्याय मंत्री डेविड गॉक ने किया।

**रिपोर्ट की मुख्य बातें :** अच्छा व्यवहार करने वाले कैदियों को उनकी कुल सजा का तीसरा हिस्सा पूरा करने के



बाद टैग पहनाकर रिहा किया जा सकता है। गंभीर यौन व हिंसक अपराधों के दोषियों को भी सजा का आधा हिस्सा काटने के बाद समुदाय में निगरानी के तहत रिहा किया जा सकता है। सबसे खतरनाक अपराधियों को क्रेडिट्स कमाने पर जल्दी पैरोल के लिए आवेदन की अनुमति देने का सुझाव अस्वीकृत कर दिया गया है।

**केमिकल कास्ट्रेशन क्या है?:** यह एक चिकित्सकीय प्रक्रिया है जिसमें कुछ दवाओं के ज़रिए यौन इच्छा और विचारों को दबाया जाता है। यह पहले से जर्मनी, डेनमार्क और पोलैंड जैसे देशों में इस्तेमाल हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि- समस्या बनने वाली यौन उत्तेजना और जुनूनी यौन विचारों को रासायनिक दवाओं से कम किया जा सकता है, जिन्हें विशेष परिस्थितियों में अपराधियों को दिया जा सकता है।

**मानवाधिकार संगठनों का विरोध:** सरकारी सूत्रों के मुताबिक महमूद गुरुवार को संसद में बयान देंगी और बताएंगी कि कौन-कौन सी सिफारिशों को मंजूरी दी जाएगी। यह 1990 के दशक के बाद आपराधिक न्याय प्रणाली में सबसे बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

### चीन में जाकर फाइटर जेट चलाना सीख रहे पाकिस्तानी पायलट, 50 परसेंट डिस्काउंट पर दे रहा फाइटर जेट

**बीजिंग/इस्लामाबाद , एजेंसी।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत की सेना की सटीक रणनीति और ताकत के प्रदर्शन से पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है। जवाब में अब वो फिर से युद्ध की तैयारियों में जुट गया है। हमेशा की तरह इस बार भी उसे सहारा मिला है चीन का, जो न केवल उसकी सैन्य क्षमता बढ़ाने में मदद कर रहा है, बल्कि एडवांस टेक्नोलॉजी वाले फाइटर जेट्स को भी भारी छूट के साथ उपलब्ध करा रहा है।

**पाकिस्तान को मिलेंगे 50% छूट पर जे-35ए फाइटर जेट :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन पाकिस्तान को अपने अत्याधुनिक 5वीं पीढ़ी के फाइटर जेट जे-35ए की आपूर्ति 50% छूट के साथ कर रहा है। पहले चरण में 30 जेट्स देने की योजना है, जिनकी डिलीवरी अगस्त 2025 तक की जाएगी। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी पायलट पहले से ही चीन में इन जेट्स की उड़ान की ट्रेनिंग ले रहे हैं ताकि आने के बाद उनका इस्तेमाल तुरंत शुरू किया जा सके।

**क्या है जे-35ए की ताकत?** जे-35ए चीन का ट्विन-इंजन, स्टील्थ, सुपरसोनिक फाइटर जेट है, जिसे स्ट्राइक मिशन के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है। इसे अमेरिका के स्न-35 और रूस के स्ह्व-57 के समकक्ष माना जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129